सूर्योदय 6:55 सूर्यास्त 5:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.4 न्यू | 16.6 अधि |
| धर्मशाला | 8.5 न्यू | 21.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79802.79 |
| निफ्टी | 24131.10 |
| सोना | 78,110 |
| चांदी | 94,336 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 30 नवंबर 2024 | 15 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 344, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



सिंधु सैयद मोदी इंटरनेशनल के अंतिम-4 में

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### भारत फिर बना यूएन शांति स्थापना आयोग का सदस्य

**न्यूयॉर्क।** भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग के सदस्य के रूप में फिर से चुना गया है। आयोग में भारत का वर्तमान कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग (पीबीसी) के लिए फिर से चुना गया है। संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में भारत वैश्विक शांति और स्थिरता की दिशा में काम करने के वास्ते पीबीसी के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मणिपुर में 13 दिन बाद फिर खुले स्कूल-कॉलेज



**इंफाल।** मणिपुर की इंफाल घाटी और जिरीबाम जिले में 13 दिन के बाद शुक्रवार को स्कूल और कॉलेज फिर से खुल गए। शिक्षा निदेशालय और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने वीरवार को इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर, काकचिंग, थौबल और जिरीबाम जिले में कक्षाएं फिर से शुरू करने का आदेश दिया था। मणिपुर और असम में क्रमशः जिरी और बराक नदियों से तीन महिलाओं और तीन बच्चों के शव बरामद होने के बाद घाटी के जिलों और जिरीबाम में शैक्षणिक संस्थान 16 नवंबर से बंद थे।

### बम धमाके की आवाज से थर्रा उठा अमृतसर



**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर के गुरबख्श नगर इलाके में शुक्रवार सुबह पांच बजे एक तेज धमाका हुआ। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि स्थानीय लोग भयभीत हो गए। घटना के बाद, पुलिस और फॉरेंसिक टीमों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है, हालांकि अभी तक धमाके के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। एडीसीपी विशाल ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार -पेज 3
- निगम बिना सुविधाओं के थोप रहा टैक्स -पेज 9
- बस का समय बदलने से हाल बेहाल, घर कैसे पहुंचेंगे नौनिहाल -पेज 10
- अब जवाबदेही तय करनी होगी कठोर निर्णय लेने होंगे : खड़गे -पेज 13
- चैंपियंस ट्रॉफी: पीसीबी को 'हाइब्रिड मॉडल' मंजूर नहीं -पेज 14

# नहीं खुलेगी संभल मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट : सुप्रीम कोर्ट

## ट्रायल कोर्ट आगे कोई एक्शन न ले, अब 8 जनवरी को होगी सुनवाई



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**उत्तर** प्रदेश के संभल की चंदौसी स्थित मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने आदेश दिया कि मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट नहीं खुलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से कहा कि 8 जनवरी तक केस में कोई एक्शन न लें, शांति जरूरी है।

उत्तर प्रदेश सरकार से हिंसा प्रभावित शहर में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने को कहा। 19 नवंबर को संभल के दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत ने हिंदू पक्ष की याचिका पर गौर करने के बाद 'एडवोकेट कमिश्नर' से मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का एक पक्षीय आदेश पारित किया था। याचिका में दावा किया गया था कि मस्जिद का निर्माण मुगल सम्राट बाबर ने 1526 में एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद कराया था। आदेश के बाद 24 नवंबर को इलाके में हिंसा हुई जिसमें चार लोगों की जान चली गई। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने संभल जिले में शांति बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया और निर्देश दिया कि मस्जिद सर्वेक्षण के बाद 'कोर्ट कमिश्नर' की ओर से तैयार की गई रिपोर्ट को सीलबंद कर दिया जाए और इसे अगले आदेश तक न खोला जाए। सर्वे आदेश के खिलाफ शाही जामा मस्जिद समिति की ओर से दायर याचिका को तीन कार्य दिवसों के भीतर इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।

**यूपी सरकार को हिंसा प्रभावित क्षेत्र में शांति बनाए रखने को कहा**

सीजेआई ने आदेश में लिखा कि हमारा मानना है कि याचिकाकर्ता (मस्जिद समिति) को 19 नवंबर के आदेश को उचित मंच पर चुनौती देनी चाहिए। इस बीच शांति और सद्भाव बनाए रखा जाना चाहिए। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (राज्य सरकार की ओर से पेश केएम नटराज) ने यही आश्वासन दिया है। हमारा यह भी मानना है कि यदि कोई पुनरीक्षण याचिका/विविध याचिका दायर की जाती है, तो उसे तीन कार्य दिवसों की अवधि के भीतर सूचीबद्ध किया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश का दोनों पक्षों ने किया स्वागत

**संभल** में मस्जिद सर्वे से जुड़े विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का दोनों पक्षों ने स्वागत किया है। मस्जिद कमेटी के वकील शकील अहमद वारसी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का यह आदेश बेहतर है। वहीं, हिंदू पक्ष के वकील श्रीगोपाल शर्मा ने कहा कि शीर्ष अदालत का निर्णय सिर आंखों पर है। उन्होंने कहा कि चाहे निचली अदालत का फैसला हो, चाहे सुप्रीम कोर्ट का आदेश हो, उसका पालन सभी को करना चाहिए।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर 9 को होगी सुनवाई

**श्रीकृष्ण** जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में अन्य मामलों की वजह से शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब 9 दिसंबर को सेवन रूल इलेवन याचिका पर सुनवाई होगी। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 5 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सेवन रूल इलेवन याचिका सुनवाई की थी। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को जवाब दाखिल करने को कहा था। हालांकि, शुक्रवार को इस पर सुनवाई नहीं हो सकी। सीजेआई संजीव खन्ना की पीठ ने कहा कि नौ दिसंबर को याचिका पर विस्तृत सुनवाई की जाएगी।

# संसद सत्र 2 दिसंबर तक स्थगित 4 दिन में 40 मिनट चली कार्यवाही

## विपक्ष ने अडानी और संभल मुद्दे पर सरकार को घेरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**संसद** के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी। 4 दिन में सदन की कार्यवाही सिर्फ 40 मिनट चली। हर दिन औसतन दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में करीब 10-10 मिनट तक कामकाज हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने अडानी और संभल मुद्दा उठाया। विपक्षी सांसद कार्यवाही के दौरान लगातार हंगामा करते रहे।

स्पीकर ने कई बार उन्हें बिठाने की कोशिश की, मगर विपक्ष शांत नहीं हुआ। शुक्रवार को स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। मैं आशा करता हूं सभी सदस्य सदन को चलने देंगे। देश की जनता संसद के बारे में चिंता व्यक्त कर रही है। सदन सबका है, देश चाहता है संसद चले। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार (2 दिसंबर) तक स्थगित कर दी गई। वहीं, ईवीएम मशीनों से छेड़छाड़ या हैकिंग को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को लेकर सवाल का जवाब देते हुए कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) के अनुसार, ईवीएम एक 'स्टैंडअलोन' मशीन है, जिसमें रेडियो फ्रीक्वेंसी संचार क्षमता नहीं है, इसलिए यह वायरलेस, ब्लूटूथ और वाई-फाई के माध्यम से संचार नहीं कर सकती है। उच्चतम न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों में करीब 42 याचिकाएं दायर की गई हैं और उच्च न्यायपालिका ने बार-बार कहा कि ईवीएम प्रामाणिक, भरोसेमंद और छेड़छाड़-रहित है। सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में यह जानकारी दी।

### देश में चिकित्सक व जनसंख्या का अनुपात डब्ल्यूएचओ के मानक से बेहतर : नड्डा



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि देश में 811 लोगों के लिए एक चिकित्सक की उपलब्धता है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के 1:1000 के मानक अनुपात से बेहतर है। उन्होंने सदन में प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) की जानकारी के अनुसार, नवंबर 2024 की स्थिति के अनुसार राज्य चिकित्सा परिषदों और (एनएमसी) के साथ 13,86,145 एलोपैथिक डॉक्टर पंजीकृत हैं। पंजीकृत एलोपैथिक डॉक्टरों की 80 प्रतिशत उपलब्धता और लगभग 6.14 लाख आयुष डॉक्टरों की संख्या को देखते हुए देश में चिकित्सक-जनसंख्या का अनुपात लगभग 1:811 है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के 1:1000 के मानक से बेहतर है। सरकार ने मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि की है और इसके बाद एमबीबीएस सीटों में भी वृद्धि की है।

# महाराष्ट्र में सीएम पर सस्पेंस जारी, महायुति की बैठक टली

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर अभी भी संशय बरकरार है। शुक्रवार को होने वाली महायुति (भाजपा-शिवसेना शिंदे गुट व एनसीपी अजित पवार) की अहम बैठक टल गई। सूत्रों के मुताबिक, कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अचानक अपने गांव सातारा चले गए। अब महायुति की बैठक 1 दिसंबर को होने के आसार हैं। इस मीटिंग में 2 ऑब्जर्वर्स की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान किया जाएगा। भाजपा मराठा चेहरे पर भी विचार कर सकती है। इस बैठक के बाद महायुति की बैठक बुलाई जाएगी। इससे पहले वीरवार रात एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने करीब अढ़ाई घंटे तक गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ मीटिंग की। एकनाथ शिंदे ने आधे घंटे तक शाह से अकेले मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि हाईकमान ने शिंदे को डिप्टी सीएम या केंद्र में मंत्री पद का ऑफर किया है। शिंदे केंद्रीय मंत्री बनने का मन बनाते हैं, तो उनके गुट से किसी अन्य नेता को डिप्टी सीएम बनाया जा सकता है।

**अब एक दिसंबर को बैठक होने के आसार**

# शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के घर ईडी की रेड

**एजेंसी, मुंबई**



**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने अश्लील (पोर्नोग्राफी) और वयस्क फिल्मों के कथित वितरण से जुड़े धनशोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उसके पति राज कुंद्रा के घर व कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर शुक्रवार को छापेमारी की।

सूत्रों ने बताया कि मुंबई और उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों में करीब 15 स्थानों पर छापे मारे गए। जिन स्थानों पर छापे मारे गए हैं, उनमें 49 वर्षीय कुंद्रा और कुछ अन्य व्यक्तियों के आवास एवं कार्यालय शामिल हैं। बताया जा रहा है कि कुंद्रा से पूछताछ की गई है। 2022 में धनशोधन का यह मामला कुंद्रा और अन्य के खिलाफ दायर मुंबई पुलिस की दो प्राथमिकी और आरोप पत्र से जुड़ा है। इस मामले में कुंद्रा और कुछ अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और बाद में उन्हें जमानत दे दी गई थी। शिल्पा शेट्टी के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा है कि एक्ट्रेस का नाम इस मामले में न घसीटा जाए।

## उपायुक्त हफ्ते में दो दिन करेंगे लोगों की शिकायतों का समाधान

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आदेशों के बाद सभी जिलों के उपायुक्त अब हर सप्ताह सोमवार व वीरवार को अपने ऑफिस में उपस्थित रहकर अनिवार्य रूप से जन समस्याओं का समाधान करेंगे। सचिव प्रशासनिक सुधार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। आदेशों के अनुसार, सोमवार या वीरवार को सार्वजनिक अवकाश की स्थिति में उपायुक्त अगले कार्य दिवस पर कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। यह निर्देश सभी जिला पुलिस अधीक्षकों पर भी लागू होंगे।

**सीएम के आदेश पर प्रशासनिक सुधार सचिव ने जारी की अधिसूचना**

### सीएम सुक्खू ने उद्योग मंत्री गोयल से की भेंट

# हिमाचल के लिए मांगा विशेष औद्योगिक पैकेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से भेंट की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से हिमाचल प्रदेश को विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज पर हिमाचल को विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान किया जाए। प्रदेश में परिवहन सब्सिडी योजना को शुरू करने और निर्यात प्रोत्साहन के लिए औद्योगिक अधोसंरचना विकास परियोजनाओं, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं व प्रमाणन प्रयोगशालाओं के लिए उदार वित्तीय सहायता देने का भी आग्रह किया। क्रेंदीय मंत्री ने प्रदेश को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

# बांग्लादेश ने इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक खातों पर लगाई रोक

**एजेंसी, ढाका**

**बांग्लादेश** के वित्तीय अधिकारियों ने इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक खातों पर एक महीने के लिए रोक लगा दी है। इसमें हिंदू समुदाय के प्रमुख चेहरे चिन्मय कृष्ण दास का खाता भी शामिल है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बांग्लादेश की वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने वीरवार को विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को यह आदेश जारी किया था कि वे अगले 30 दिन तक इन खातों से लेन-देन को रोक दें। इसके अलावा, बीएफआईयू ने इन सत्रह व्यक्तियों से कहा कि वे अपने सभी व्यवसायों के बैंक खातों का ताजा और अपडेटेड विवरण तीन कामकाजी दिनों के भीतर संबंधित बैंकों को सौंपें। बांग्लादेश सम्मिलित सनातनी जागरण जोत संगठन के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास को सोमवार को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था और उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया। मंगलवार को चटगांव की एक अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार किया और जेल भेज दिया। दास समर्थकों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प में एक वकील की मौत हुई।

**हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण का खाता भी शामिल**

# ओडिशा में बनेगा राष्ट्रीय सुरक्षा का नया खाका

**एजेंसी, हैदराबाद**



**ओडिशा** के भुवनेश्वर में डीजीपी और आईजी के अखिल भारतीय सम्मेलन में देश की सुरक्षा का नया खाका तैयार होगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सम्मेलन का उद्घाटन किया। 30 और एक दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाग लेंगे। एक दिसंबर तक चलने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर चर्चा की जाएगी। इसमें आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, तटीय सुरक्षा, नए आपराधिक कानून और नशे के खिलाफ लड़ाई जैसे मामलों पर भी बात होगी। सम्मेलन में भाग लेने के लिए एनएसए अजीत डोभाल भी मौजूद हैं। सम्मेलन का उद्देश्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा प्रशासकों को एक मंच पर लाकर आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करना और रणनीति पर काम करना है। सम्मेलन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा प्रशासकों के लिए ऐसा मंच है, जहां वे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर मुक्त चर्चा कर सकते हैं।

**शाह ने किया डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन, मोदी आज लेंगे भाग**

# जीडीपी वृद्धि दो साल के निचले स्तर 5.4% पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**विनिर्माण** और खनन क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि, भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। एक साल पहले की समान अवधि में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था धीमी होकर 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी।




## शिकंजा

### भारतीय और श्रीलंकाई नौसेना ने गश्ती विमान और ड्रोन से पकड़े तस्कर

# अरब सागर में 500 किलो ड्रग्स जब्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भारतीय** नौसेना ने श्रीलंका की नौसेना के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए अरब सागर में मछलियां पकड़ने वाले दो नौकाओं से 500 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की है। जब्त की गई ड्रग्स क्रिस्टल मेथ है।

भारतीय नौसेना ने दोनों नौकाएं और उसमें सवार लोग और ड्रग्स श्रीलंका सरकार को सौंप दी है, जहां उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई होगी। हाल के दिनों में देश में विभिन्न स्थानों पर बड़े पैमाने पर ड्रग्स जब्त की गई है। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना के लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान और ड्रोन द्वारा श्रीलंकाई नौसेना से मिली जानकारी के आधार पर दोनों नौकाओं को रोका गया, जिनमें तलाशी के बाद भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद हुई। श्रीलंकाई नौसेना के साथ संयुक्त कार्रवाई पर भारतीय नौसेना ने कहा कि यह अभियान दोनों देशों और नौसेनाओं के बीच विकसित होती गहरी साझेदारी और संबंधों की पुष्टि करता है। यह क्षेत्रीय समुद्री चुनौतियों से निपटने तथा हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दोनों नौसेनाओं के संयुक्त संकल्प का भी प्रतीक है। हाल ही में भारतीय तटरक्षक बल ने 5,500 किलो मेथाम्पटामिन ड्रग्स जब्त की थी, यह अंडमान-निकोबार के समुद्री इलाके से जब्त की गई थी। तटरक्षक बल के एक पायलट ने रूटीन सर्विलांस के दौरान अंडमान निकोबार के बैरेन आइलैंड पर एक संदिग्ध नौका को देखा। चेतावनी के बाद भी जब क्रू ने नौका को भगाने की कोशिश की तो तटरक्षक बल ने कार्रवाई करते हुए नौका को जब्त कर लिया।

**मछली पकड़ने वाली दो नौकाएं और तस्कर श्रीलंका सरकार को सौंपे**

## महाराष्ट्र : बाइक सवार को बचाते पलटी बस 12 यात्रियों की मौत

**गोंदिया।** महाराष्ट्र के गोंदिया में शुक्रवार को भीषण बस हादसे में 12 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 18 से ज्यादा यात्री घायल हैं। इनमें 10 की हालत गंभीर बताई गई है।

दरअसल, महाराष्ट्र राज्य परिवहन महामंडल की शिवशाही बस भंडारा से गोंदिया आ रही थी। हादसा गोंदिया से 30 किलोमीटर पहले खजरी गांव के पास हुआ। लोगों के मुताबिक घटना 12.30 बजे के करीब की है। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस ड्राइवर से बस अनकंट्रोल हुई और सड़क किनारे की रेलिंग से टकराने के बाद पलट गई। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर मौके से भाग निकला। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री आज रोहड़ू के प्रवास पर होंगे

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** मुख्यमंत्री सुक्खू 30 नवंबर को रोहड़ू के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 30 नवंबर को प्रातः 11.10 बजे रोहड़ू में एचपीएमसी सीए (नियंत्रित वातावरण) स्टोर का उद्घाटन करेंगे। उसके उपरांत वे प्रातः 11.30 बजे राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल रोहड़ू का उद्घाटन करेंगे। उसके पश्चात वे दोपहर 12 बजे राजकीय डिग्री कॉलेज सीमा रोहड़ू पहुंचेंगे। वहीं छुंजर-कटलाह, शलान, मेल्ठी-कुपड़ी उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना व रोहड़ू के साथ लगते ग्रामीण क्षेत्र के लिए उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके अतिरिक्त वे सीमा कॉलेज में छात्राओं के लिए हॉस्टल और लोक निर्माण विभाग के विभिन्न मार्ग का शिलान्यास भी करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री राजकीय डिग्री कॉलेज सीमा रोहड़ू के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे।

### शिक्षा मंत्री 1 को एनएसयूआई के कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**दशमी रावत, जुब्बल।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 1 दिसंबर को जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि रोहित ठाकुर 1 दिसंबर को प्रातः 11 बजे लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वती नगर में एनएसयूआई द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम (उड़ान महासंगम) में बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे। इसके पश्चात वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

### शिविर में ग्रामीणों को बताई बैंक की योजनाएं



**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राज्य सहकारी बैंक की झिकनीपुल शाखा द्वारा झिकनीपुल गांव में शाखा प्रबंधक नितिन चौहान की अध्यक्षता में डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, पंचायत प्रतिनिधि एवं करीब चार दर्जन लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर लोगों को बैंक की डिजिटल सेवाओं के बारे जागरूक किया गया। नितिन चौहान ने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों से कभी भी कोई कोड या ओटीपी की मांग नहीं करता है, लिहाजा किसी के बहकावे में आकर कोई ओटीपी शेयर न करें।

### धामी कॉलेज में 'चुनौतियां विषय' पर किया व्याख्यान



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** धामी सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन राजकीय महाविद्यालय धामी द्वारा महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. बीपी बडोला, एसोसिएट प्रो., समाजशास्त्र (सेवानिवृत्त) विषय-विशेषज्ञ व स्रोतविद के रूप में उपस्थित रहें। उन्होंने भारत में आधुनिकीकरण तथा भावी पीढ़ियों के समक्ष चुनौतियां तथा ज्ञान का मूल दर्शन का ज्ञान में महत्व विषयों पर व्याख्यान दिए। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. प्रवीण ने डॉ. बडोला का महाविद्यालय में पधारने पर स्वागत किया।

### देवेंद्र ठाकुर के आकस्मिक निधन पर जताया शोक



**अनंत ज्ञान, सुन्नी/चौपाल/नेरवा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ व हिमाचल प्रदेश स्कूल लैक्चरर्स एसोसिएशन जिला शिमला ईकाई ने इतिहास प्रवक्ता देवेंद्र ठाकुर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बग्गी में कार्यरत इतिहास के प्रवक्ता देवेंद्र ठाकुर की सीसीआरटी गुवाहाटी में कार्यशाला के दौरान साइलेंट अटैक के कारण पिछली रात मृत्यु हो गई, जिससे संघ निशब्द है। देवेंद्र ठाकुर वर्तमान में राज्यों कार्यकारिणी मुख्य वेब सेक्रेटरी के पद पर थे तथा गुनास पंचायत के खरवाड़ा गांव जिला मंडी से संबंध रखते थे। वह अपने पीछे धर्मपत्नी हेमलता और दो बेटे अंशु और वंशु तथा बुजुर्ग माता-पिता को छोड़ गए हैं।

### नगर पंचायत झंडूता में बैहरन को न करें शामिल



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** शहरी विकास विभाग ने झंडूता को नगर पंचायत बनाने की अधिसूचना हाल ही में जारी की है। इस पर झंडूता के ठप्पर गांव के बाद अब बैहरन गांव के लोगों का कहना है कि उन्हें नगर पंचायत में नहीं जोड़ा जाए। वे बैहना ब्राह्मणा पंचायत में ही रहना चाहते हैं। स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को उपमंडलीय अधिकारी योगराज धीमान को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय लोगों ने कहा कि उनकी यह मांग नहीं मानी गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। ज्ञापन में बैहरन के लोगों ने मांग रखी है कि हमारी बैहरन गांव को नगर पंचायत झंडूता के अंतर्गत लाने बारे हम सहमत नहीं हैं क्योंकि हमारी जमीन व इलाका ज्यादातर कृषि योग्य है, जिसमें रिहाइश कम है। साथ ही हमारे इलाका के लिए अभी तक सही से सड़क की उपलब्धता भी नहीं है। हमारी जमीन इलाका झंडूता के सब डिवीजन कार्यालय तथा ब्लॉक से लगभग 3 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर स्थित है।

### दो मामलों में 12.61 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों 12.61 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पहले मामले में घुमारवीं पुलिस ने शुक्रवार को भगेड के पास गश्त के दौरान एक युवक से 3.02 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी युवक की पहचान आशीष निवासी हरित्यांगलर तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर के रूप में हुई। थाना घुमारवीं पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना घुमारवीं में मामला दर्ज कर लिया है तथा आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरे मामले में थाना बरमाणा पुलिस ने [illegible] से 9.59 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी की पहचान जगतार सिंह निवासी बारीब्रांलम-गुरदासपुर-पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### घुमारवीं में एक्सिस बैंक की शाखा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं में एक्सिस बैंक की स्थापित हुई नई शाखा का उद्घाटन डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने किया। इस मौके पर सर्कल हेड विनोद कुमार ने डीएसपी चंद्रपाल सिंह को शाल व टोपी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एक्सिस बैंक के सर्कल हेड विनोद कुमार ने बताया कि बैंक का लक्ष्य है कि बैंकिंग सेवाओं और उत्पादों की विस्तृतश्रृंखला अपने ग्राहकों तक पहुंचाने में सबसे आगे रहे। उन्होंने कहा कि नई शाखा के जरिये एक्सिस बैंक अपने विविध ग्राहक वर्गों के साथ संबंधों को और मजबूत रखेगा। एक्सिस बैंक कैशलेस लेनदेन पारिस्थितिकी तंत्र को सुविधाजनक बनाने के लिए देशभर में आवश्यक बुनियादी ढांचा प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर में एक्सिस बैंक की घुमारवीं में दूसरी शाखा है और हिमाचल प्रदेश में ये 33वीं शाखा है। इस मौके पर क्लस्टर हेड मनीष अग्रवाल, क्लस्टर हेड अनुज, ब्रांच हेड संदीप कुमार व बैंक के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य पर दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी के दिशा निर्देश में ट्रॉमा सेंटर के



प्रशिक्षण हॉल में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण डॉ. भूपेंद्र एमडी साइकाइट्रिक बिलासपुर तथा डॉक्टर दीपक गुरंग (डीपीओ बिलासपुर) तथा मिस्टर रोहित (साइकाइट्रिक सोशल वर्कर बिलासपुर) के द्वारा दिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की के ज्ञान में वृद्धि करना, अपडेट करना व कैपेसिटी बिल्डिंग करना है, ताकि इस प्रोग्राम को सामुदायिक स्तर पर हर संभव प्रयास के साथ लागू किया जा सके तथा सफल बनाए जा सके। मानसिक रोगों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। मानसिक रूप से मादक द्रव्यों का दुरुपयोग तथा नशे से बचाव के लिए आवश्यक प्रक्रिया/ स्ट्रेटजी पर विस्तार से बताया गया। टेली मानस 14416 तथा किरण हेल्पलाइन नंबर 180011 599 के बारे में भी जानकारी। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण में जिला बिलासपुर के चिकित्सा अधिकारियों तथा सी एच ओ ने भाग लिया गया।

## जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा बैठक की उपायुक्त अनुपम कश्यप ने की अध्यक्षता

# आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें सीडीपीओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा बैठक बचत भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अनुपम कश्यप ने की। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के साथ संवाद को बढ़ाए और उनके साथ बैठकर खाना खाए। केंद्रों में होने वाली दैनिक गतिविधियों का औचक निरीक्षण समय-समय पर करें और बच्चों से केंद्र में होने वाली गतिविधियों के बारे में फीडबैक लें।

उपायुक्त ने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए कि हर आंगनबाड़ी केंद्र की डिजिटल बुक बनाई जाए। इसमें केंद्र के बच्चों का सामूहिक चित्र, दैनिक गतिविधियों के बारे में और केंद्र में काम करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व हेल्पर की फोटो भी संग्लित करें। सीडीपीओ अधिकार क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए फील्ड में सक्रियता बढ़ाएं। आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों को अपना समझ कर व्यवहार करें।



जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त ।

### विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो रहे लोग

**बैठक** में चालू वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के हत 78 लाभार्थियों को 39 लाख 78 हजार रुपए जारी किए जा चुके है। मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत 249 लाभार्थियों को 77 लाख 19 हजार रुपए, मदर टेरेसा असहाय मातृ संबल योजना के तहत 907 माताओं और 1372 बच्चों को 4017938 रुपए, महिलाओं को स्वरोजगार योजना के तहत 40 लाभार्थियों को 02 लाख रुपए और विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत 17 लाभार्थियों को 34 लाख रुपए दिए जा चुके है। जिला शिमला का मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष जारी किया गया। इसमें आम जनता से भी सहयोग करने की अपील करने का आह्वान किया गया । मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के तहत अभी ताकि 1126 आवेदन आए है। बैठक में पूरक पोषण कार्यक्रम, पोषण अभियान 2.0, बच्चों की पोषण स्थिति, राज्य सरकार की योजनाओं, मिशन वात्सल्य, मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना और जिला पोषण समिति के निर्देशों पर व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में पोषण त्योहार से व्यवहार परिवर्तन के लिए पोषण के पांच सूत्रों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें पहले सुनहरे 1000 दिन, पौष्टिक आहार, अनीमिया प्रबंधन, डायरिया रोकथाम एवं स्वच्छता को शामिल किया गया है। जिला में 2154 आंगनवाड़ी केंद्र है। इनमें 999 आंगनवाड़ी केंद्र किराये के भवनों में चल रहे। 642 स्कूलों में, 51 पंचायतों और सामुदायिक भवनों में 237 आंगनवाड़ी केंद्र चल रहे है। 60 आंगनवाड़ी केंद्रों के शौचालयों में 30 लाख रूपए से मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है। इनमें से 31 शौचालयों को मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है।

### 13 आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे

**जिला** में 13 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जाएगा। दो एस्पिरेशनल ब्लॉक बनाए जाएंगे। जिला में कुल 80 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है।

### 38460 बच्चों का विकास मापा

0 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों के विकास निगरानी पर रिपोर्ट पेश की गई। इसमें 38460 बच्चों का विकास मापा गया, जिसमें 3908 अविकसित बच्चे (स्टंड चिल्ड्रन), 1795 गंभीर रूप से अविकसित बच्चे, 98 गंभीर तीव्र कुपोषण और 410 अति कुपोषित है। 1250 बच्चों को कम वजन और 158 बच्चों गंभीर रूप से कम वजन है। 704 बच्चों का अधिक वजन है और 358 बच्चों में मोटापा पाया गया है।

### लाभार्थियों से करेंगे संवाद

**आंगनबाड़ी** केंद्रों में दिए जाने वाले राशन का निरीक्षण किया जाएगा। सभी लाभार्थियों की मोबाइल सूची अतिरिक्त उपायुक्त को मुहैया करवाने के निर्देश दिए है। हर ब्लॉक में रैंडम तरीके से लाभार्थियों से संवाद किया जाएगा।

## जंगल में मिला व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला के रियायशी क्षेत्र जाखू वाले जंगल में व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। संदिग्ध परिस्थितियों में मिले शव को लेकर सनसनी फैल गई है। यह शव जाखू के जंगल में आईजीएमसी की ओर मिला है। शव का आईजीएमसी में पोस्टमार्टम करवाया गया है।

जानकारी अनुसार सूचना मिलने पर पुलिस ने एक टीम को मौके पर भेजा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी भेजा गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के हवाले कर दिया है। मृतक युवक की पहचान कमल उर्फ बासा उम्र 45 साल के रूप में हुई है। यह व्यक्ति शिमला में ठेकेदारी का काम करता था। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति 31 अक्टूबर से लापता था उन्होंने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी पुलिस में दर्ज करवाई थी। पुलिस में मामले में आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो गुटों में हुई मारपीट में दो घायल

**शिमला।** शिमला के भट्टाकुफर में चल रहे फोरलेन साइट पर दो मजदूर गुटों के बीच मारपीट करने का मामला सामने आया है।

जानकारी के मुताबिक फोरलेन साइट पर एक निजी कंपनी के करीब छह मजदूर काम कर रहे थे। इसी बीच दूसरी कंपनी के मजदूर भी यहां पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि कश्मीरी मूल के इन मजदूरों ने यहां काम कर रहे मजदूरों पर हमला कर दिया। जिस कार दो मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने बयान दर्ज कर लिए और मामले की जांच की जा रही है।

### पंचायतीराज मंत्री आज जुन्गा स्कूल के समारोह में होंगे शामिल




**शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 30 नवंबर, 2024 को जुंगा के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि पंचायती राज मंत्री दोपहर 12.30 बजे राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करें शोधार्थी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सांध्यकालीन अध्ययन विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स फॉर रिसर्च विषय पर वर्चुअल वर्कशॉप का आयोजन विभाग की अनुसंधान समिति एवं सैप सेल द्वारा निदेशक प्रो. मीनाक्षी फेथ पाल प्राचार्य सांध्यकालीन अध्ययन विभाग के मार्गदर्शन में किया।

विषय विशेषज्ञ डॉ. धवल मेहता, वीर नर्मद दक्षिणी गुजरात विश्वविद्यालय सूरत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल आधुनिक समय में शोधार्थियों को शोध कार्यों में इस्तेमाल कर इसे अधिक निर्णयात्मक एवं रोचक बनाने पर बल दिया। कार्यशाला के संयोजक डॉ. संजीव बरागटा व डॉ. विपन एवं





**एआई टूल्स पर एचपीयू में सांध्यकालीन विभाग ने करवाई वर्चुअल वर्कशॉप**

आयोजन सचिव डॉ. राजीव ने संकाय सदस्यों को बधाई दी।

संकाय सदस्य प्रो. उषा शर्मा, प्रो. आरती पंडित धवन, प्रतिभा तिवारी, डॉ. शोभा मिश्रा, महेंद्र यादव, वीरेंद्र सिंह, डॉ. आशुतोष कुमार, अजीत कुमार, डॉ. मनीष खांगटा, टिकम राम, करतार चंद, डॉ. इंद्र, रविंद्र तथा विभिन्न राज्यों के 300 से अधिक संकाय सदस्यों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया।

### पटसारी में नेपाली से 108 ग्राम अफीम बरामद

**रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत पुलिस टीम ने गश्त के दौरान पटसारी में नेपाली अर्जुन पाल (37) से 108 ग्राम अफीम बरामद की है।

पुलिस के अनुसार पटसारी पुल से सड़क पर दाएं हाथ में काले रंग का लिफाफा पकड़े हुए एक व्यक्ति आया और पुलिस को देखकर लिफाफे को फेंकने की कोशिश करने लगा।

पुलिस ने काले रंग के लिफाफे सहित उस व्यक्ति को धर दबोच लिया। जिसकी पहचान अर्जुन पाल पुत्र विजय सिंह निवासी नेपाल बताया। वह व्यक्ति पटसारी में ढाबे का मालिक है। पुलिस ने लिफाफे को खोला तो उसमें 108 ग्राम अफीम पाई गई। एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने बताया की मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेस फेल, विकास ठप, जनता त्रस्त : सुखराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा के शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभाती एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने कहा कि वर्तमान सुक्खू सरकार बदला बदली की भावना से काम करती है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस फेल, विकास ठप, जनता त्रस्त है और इस फेल सरकार के नेता जश्न मनाने चले है।



इस सरकार को जश्न मनाने का कोई अधिकार नहीं है।

एचआरटीसी की एक बस में राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं के खिलाफ ऑडियो चलाकर दुष्प्रचार का मामला सामने आया है। एचआरटीसी प्रबंधन ने बस के चालक और परिचालक के खिलाफ जांच बैठा दी है। पूरे मामले को लेकर एचआरटीसी के कर्मचारियों में वीरवार को दिनभर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। इस पूरे मामले को लेकर एचआरटीसी शिमला लोकल डिपो ने बस के चालक और परिचालक से तीन दिन के भीतर लिखित में स्पष्टीकरण मांगा। कांग्रेस की सरकार में ही हो सकता है जहां कांग्रेस के नेता केवल मात्र एक परिवार की भक्ति कर रोटियां सकते है।

एक परिवार की इतनी भी क्या अंध भक्ति हो गई जिसको लेकर आप छोटे-छोटे लोगों को परेशान कर रहे है, पहले हिमाचल प्रदेश में समोसे की जांच तो शांत नहीं हुई अब चालक और परिचालकों पर भी जांच शुरू हो गई है। सुखराम चौधरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में विकास कार्य ठप है, केवल मात्र योजनाओं को बंद करने का काम चल रहा है।

### कोटशेरा कॉलेज में 5 दिसंबर को होगा जिला स्तरीय युवा महोत्सव

**शिमला।** नेहरू युवा केंद्र शिमला के द्वारा जिला शिमला में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन कोटशेरा कॉलेज में 5 दिसंबर 2024 को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, लोक नृत्य प्रतियोगिता (ग्रुप), साइंस मेला (एकल), साइंस मेला (ग्रुप) प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। इस कार्यक्रम में जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर तथा जो प्रतिभागी राज्य स्तर पर चयनित होंगे वो राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के लिए अपना पूर्व पंजीकरण नेहरू युवा केंद्र शिमला में 4 दिसम्बर तक करवाना आवश्यक है।

## रिफ्लेक्टिव नेक बेल्ट करेगी बेसहारा पशुओं की रक्षा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

किरतपुर-नेरचौक फोरलेन मार्ग सहित बिलासपुर जिला की विभिन्न सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं के चलते पेश आ रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन व पशुपालन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाया है। जिला में घूम रहे बेसहारा पशुओं को अभियान के तहत पकड़ कर उनके गले में रिफ्लेक्टिव नेक बेल्ट बांधी जा रही है, ताकि दिन हो या रात सड़कों के किनारे घूम रहे ये पशु वाहन चालकों को दिखाई दे सकें और ये पशु वाहन से टकराने से बच सकें।

गौरतलब है कि बेसहारा पशुओं के चलते सड़कों पर बढ़ रही दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल के दिशा निर्देश पर पुलिस प्रशासन ने पशु पालन विभाग के साथ मिलकर यह अभियान चलाया है जिसमें प्रगति समाज सेवा समिति बिलासपुर के सदस्य भी अपना पूर्ण सहयोग दे रहे हैं। वहीं बेसहारा पशुओं के गले पर रिफ्लेक्टिव नेक बेल्ट लगाने पर जहां बेल्ट की बीच की पट्टी दोपहर को चमकेगी तो साथ ही बेल्ट के दोनों कोनो पर बनी रेडियम की पट्टी अंधेरे में चमकेगी जिससे वाहन चालकों को पशुओं के गले में चमकती यह बेल्ट दूर से ही नजर आ जाएगी और सड़कों पर घूमने वाले पशु भी किसी संभावित दुर्घटना से बचेंगे और वाहन सवार लोगों का भी इससे बचाव हो सकेगा। अक्सर किरतपुर-नेरचौक फोरलेन मार्ग व शिमला मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात के समय चलने वाले वाहन चालकों को सड़क पर खड़े पशु दिखाई नहीं देते है, जिससे सड़क हादसा पेश होता हैं। वहीं इन दुर्घटनाओं को देखते हुए पशुओं को रिफ्लेक्टर बेल्ट लगाई जा रही हैं ताकि अगर वे रात में सड़क पर घूम रहे हों तो वाहन चालक उन्हें आसानी से देख सकें और दुर्घटनाओं से बच सके।



बेसहारा पशु के गले में रिफ्लेक्टिव नेक बेल्ट डालते पुलिस व पशुपालन विभाग के कर्मचारी।

इस बारे जानकारी देते हुए डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया की सड़कों पर बेसहारा पशुओं के चलते होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रिफ्लेक्टिव नेक बेल्ट लगाने का अभियान शुरू किया गया है और पहले चरण में 225 बेल्ट बेसहारा पशुओं को पहनाई जा रही है और जरूरत पड़ने पर और बेल्ट मंगवाई जाएंगी ताकि जिला के सभी आवारा पशुओं को यह बेल्ट पहनाई जा सके, ताकि सड़कों में घूमते वक्त वह सड़क हादसों का शिकार न हो सकें और कुल्लू, मनाली व धर्मशाला जाने वाले पर्यटक भी सुरक्षित अपने गंतव्य स्थल पर पहुंच सकें। (अनंत ज्ञान)

## स्वाहण में जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

पुलिस थाना स्वारघाट के तहत स्वाहण के एक युवक ने गेहूं में डाली जाने वाली दवाई खाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान गुरचरण (25) पुत्र आजा राम निवासी गांव कटीरढ़ डाकघर स्वाहण तहील श्री नयना देवी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक गुरचरण सिंह पिछले काफी समय से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। अभी एम्स बिलासपुर में उसका इलाज चल रहा था, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो पा रहा था। गत 20 नवंबर को उसने एम्स से दवाइयां लीं। शाम को जब घर आया तो कहने लगा कि मैं मर जाऊंगा, बात करते-करते उसे उल्टियां शुरू हो गईं। स्वजनों ने देखा तो इसके कमरे के बाहर गेहूं के डाली जाने वाले दवाई की शीशी पड़ी थी। परिजन उसे तुरंत एम्स बिलासपुर ले गए। वीरवार रात को उसकी एम्स में मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है।

### बिजली मीटर की 2 तक करवाएं ई-केवाईसी

**बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नंबर-। रविंद्र चौधरी ने बताया कि उपभोक्ता 2 दिसंबर तक अपने बिजली के मीटर से संबंधित ई-केवाईसी करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता सव डीवीजन नंबर-।। बिलासपुर में आकर अपना ई-केवाईसी करवाएं तथा ई-केवाईसी के लिए उपभोक्ता को अपना आधार कार्ड और बिजली का बिल साथ लाना अनिवार्य है।

## खाद्यानों के परिवहन व मजदूरी के लिए मांगे टेंडर

**बिलासपुर।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एंव उपभोक्ता मामले व्रिजेंद्र पठानिया ने बताया कि राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के थोक भडारों बिलासपुर व नयना देवी से उचित मुल्य की दुकान तक डोर स्टेप डिलीवरी के तहत आवश्यक वस्तुओं के परिवहन, कार्य व मजदूरी करने के लिए निविदाएं वर्ष 2024-25 से वर्ष 2025-26 (दो वर्षों) के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से https:@@hptenders-gov-in पर आमंत्रित की गई हैं। ये 18 दिसंबर को सायं 5 बजे तक ही ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से अपलोड की जाएंगी तथा निर्धारित समय के उपरांत व ऑफलाइन कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। प्राप्त निविदा 19 दिसंबर को प्रातः 11 बजे निविदाताओं या उनके प्रतिनिधियों के सामने उपायुक्त बिलासपुर या उनके प्रतिनिधि के सम्मुख उनके कार्यालय या उनके द्वारा निर्धारित कार्यालय, स्थान पर खोली जाएंगी।

## राजेंद्र वर्मा ने किया बिलासपुर कॉलेज का निरीक्षण

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर राजेंद्र वर्मा के द्वारा महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने कहा कि महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के प्रो- वीसी व हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रोफेसर श्यामलाल ने औचक निरीक्षण किया। उनके द्वारा महाविद्यालय के भवन, एग्जाम और महाविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने महाविद्यालय की समस्त कार्यशैली की सराहना की। डॉक्टर कटवाल ने कहा कि हमने उनके समक्ष अपने महाविद्यालय की समस्याएं भी रखी जैसे कि महाविद्यालय की ऊपरी मंजिल जो की जुडिशियल कार्यों के चलते उपयोग नहीं हो पा रही है उनके समक्ष यह बात भी साझा की।

**स्पर्धा** | दधोल स्कूल में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत प्रतियोगिता आयोजित

## प्रश्नोत्तरी में प्रियांशी और अमन अव्वल

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत स्कूली विद्यार्थियों के विज्ञान व गणित विषय में अभिरुचि को बढ़ाने के लिए विशेष बल दिया जा रहा है। इसी अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में नवमी व दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामी विवेकानंद हाउस के प्रियांशी व अमन ने प्रथम स्थान हासिल किया और द्वितीय पर स्थान पर सुभाष सदन के आस्था व वैभव रहे। इस क्रियाकलाप में बीएड प्रशिक्षु अध्यापकों का विशेष योगदान रहा, जिनमें सुमित, पारुल, अमित, हिमांशी, मोनिका, शगुन इत्यादि रहे। प्रधानाचार्य डॉक्टर सुरेश भारद्वाज ने विजेता बच्चों के साथ-साथ प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित करते हुए विज्ञान व गणित विषय की जीवन में अहमियत को बताते हुए समझाया कहा कि विज्ञान किस प्रकार से हमारे जीवन को आसान करता जा रहा है विज्ञान की अनवरत खोज के कारण मानव जीवन एक नई विकास की गाथा लिख रहा है। आज भारत वर्ष चंद्रयान मिशन में अपना नाम विश्व के पटल पर अंकित कर चुका है और गणित विषय तो हमारे जीवन के हर पहलू से जुड़ा हुआ है। जीवन उपयोगी खरीदारी से लेकर बड़े-बड़े आविष्कारों के लिए गणित की सही जानकारी होना जरूरी है अंत में विजेता बच्चों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि देश की सेवा तब ही कर पाएंग। यदि काबिल बनेंगे और काबिल बनने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण का होना अत्यंत आवश्यक है।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में विजेता बच्चों के साथ शिक्षक।

### गोबिंदसागर झील में डूबे प्रवासी का शव बरामद

**बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस ने गत बुधवार को लुहणु मैदान के पास गोबिंदसागर झील में लापता हुए प्रवासी श्रमिक का शव कोठी के पास से बरामद किया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है। गौरतलब है कि गत बुधवार देर सायं अजीत उर्फ सोनू आयु 32 वर्ष पुत्र धनी राम उत्तर प्रदेश अपने औद्योगिक क्षेत्र स्थित किराए के आवास से लुहणु मैदान के किनारे गोबिंदसागर झील में मछली पकड़ने के लिए गया था। जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटा तो परिवारजनों ने उसकी तलाश शुरू की। शुक्रवार को पुलिस ने शव की तलाश के लिए गोताखोरों को भी बुलाया था। उधर, डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।



## न्यूज ब्रीफ

### परवाणू पुलिस ने बद्दी से पकड़ा भगोड़ा अपराधी



**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने भगौड़े अपराधियों को पकड़ने का अभियान जारी रखते हुए 28 नवंबर को भगोड़े अपराधी को बद्दी से गिरफ्तार किया है। उस पर सीमेंट के 50 बैग चोरी करने का आरोप था। वह अदालत से लगातार अनुपस्थित चल रहा था। सोलन के एसपी गौरव सिंह से मिली जानकारी के अनुसार परवाणू पुलिस थाने की टीम ने बद्दी से कसौली के कोटबेजा निवासी मनोहर लाल को गिरफ्तार किया है। वह वर्ष 2020 में पुलिस थाना परवाणू के एक चोरी के मामले में वांछित था। उक्त मामले में आरोपी कोर्ट ट्रायल के दौरान न्यायालय द्वारा बार- बार बुलाने के बावजूद भी न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिस कारण उसे न्यायालय इसी वर्ष 25 जून को भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया था। इसके बाद से ही मनोहर लाल अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था।

### सैनिक के परिजनों को दिया साढ़े सात लाख का चेक



**एसके शर्मा, जाहू ।** उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत महल के गांव भ्याड़ गांव के जवान सूबेदार दिनेश कुमार शर्मा की पीटी ट्रेनिंग के दौरान मौत होने पर प्रदेश सरकार ने साढ़े 7 लाख का चेक प्रदान किया है। बताते चलें कि दिनेश कुमार शर्मा जो कि 15-जैक अहमदाबाद गुजरात में कार्यरत थे। सूबेदार बनने के उपरांत विशेष ट्रेनिंग के दौरान पीटी परेड करते समय ग्राऊंड में ही हार्ट अटैक आ गया, जिससे उनकी मौत हो गई थी। वे अपने पीछे समक्ष शर्मा पुत्र, कनिका शर्मा पुत्री, कनिक्षा शर्मा पुत्री, रीना देवी पत्नी व गायत्री देवी माता को छोड़ गए है। भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने पीड़ित परिवार को साढ़े सात लाख का चेक प्रदान किया। (अनंत ज्ञान)

### सुजानपुर में सफाई कर्मियों के आवास में लगी आग



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** शुक्रवार प्रातः सुजानपुर बस स्टैंड पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब एकाएक नगर परिषद के शौचालय के ऊपर रह रहे सफाई कर्मियों के आवास में आग लग गई। आग कैसे लगी इस पर अभी कोई स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन मुख्य बस स्टैंड पर जैसे ही स्थानीय लोगों ने धुआं और आग की लपटों को उठते हुए देखा तो लोग इकट्ठे हो गए। मौके पर दमकल विभाग की टीम को बुलाया गया । विभाग के कर्मियों एवं स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य करते हुए आग पर काबू पाया। जानकारी अनुसार नगर परिषद सुजानपुर के अंतर्गत आने वाले एक सार्वजनिक शौचालय के दूसरे माले पर कुछ सफाई कर्मी रहते हैं । अचानक उनके आवास से धुंआ और आग की लपटें उठना शुरू हुई। बस स्टैंड पर दुकानदारी करने वाले स्थानीय दुकानदारों एवं यहां पर उपस्थित लोगों ने जब यह मंजर देखा ओर लोगों को इकट्ठा करके राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मौके पर दमकल विभाग की टीम को बुलाया गया। दमकल विभाग की टीम की ओर से चैकी इंचार्ज राकेश कुमार सहित अन्य कर्मियों ने राहत एवं बचाव कार्य करते हुए आग पर अंकुश लगाया। घटना में पीड़ित परिवार को करीब 20 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। उधर नगर परिषद ईओ संजय कुमार ने बताया आगजनी की घटना की सूचना मिली थी। आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है ।

### माता की सेवा



कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा की माता जी अस्वस्थ हैं, अस्पताल में स्वयं माता को अल्पाहार कराते हुए विधायक

# गेंद सरकार के पाले में, भीतरी व्यवस्था को समेटने में लगा अस्पताल प्रशासन

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भोटा में स्थित राधा स्वामी चैरिटेबल अस्पताल को बंद करने या फिर यथा स्थिति बनाए रखने का मामला अब मुकम्मल तौर पर सरकार के पाले में चला गया है।

सरकार ने पहली दिसंबर को 'हाई पावर कमेटी' की बैठक शिमला में रखी है, जिसमें मुख्यमंत्री मौजूद होंगे, लेकिन इसी बीच चैरिटेबल अस्पताल में शुक्रवार को इसकी भीतरी व्यवस्था में ओपीडी के नए पेशेंट नहीं देखे गए हैं। पुराने पेशेंट को ही देखा गया है। इसके अलावा अस्पताल के प्रशासन ने इसकी व्यवस्था से जुड़ी हुई चीजों, उपकरणों और अन्य सामान को समेटना शुरू कर दिया है।

**चैरिटेबल अस्पताल भोटा**

हालांकि शुक्रवार को भी चैरिटेबल अस्पताल के बाहर गेट पर इलाके की जनता ने धरना-प्रदर्शन किया, लेकिन रोड़ जाम नहीं किया। उधर पिछले कुछ दिनों से नेशनल हाईवे को बंद करने के मामले को लेकर कई लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया है। काबिले गौर यह है कि इस अस्पताल के बंद होने को लेकर पिछले कुछ दिनों से जो माहौल बना हुआ था उससे यहां का माहौल गर्माया हुआ है। भाजपा ने भी इस मुद्दे को खूब भुनाया है। भाजपा और कांग्रेस के नेता अलग-अलग अस्पताल प्रशासन से मिल चुके हैं। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने इस मामले को लेकर चैरिटेबल अस्पताल के प्रशासन से भी सरकार की सारी स्थिति सामने रखी है। (अनंत ज्ञान)



### भाजपा सरकार के समय रिजेक्ट हुई थी इसी मामले की फाइल : सुरेश

**कांग्रेस** ने चैरिटेबल हॉस्पिटल के तकनीकी मामले को लेकर भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार और सुजानपुर के विधायक रणजीत राणा ने सांझी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय 12 अक्तूबर 2019 को चैरिटेबल अस्पताल की भूमि से संबंधित इस फाइल को रिजेक्ट कर दिया गया था, उसमें साफ तौर पर कहा गया था की जो चैरिटेबल अस्पताल प्रशासन चाह रहा, वैसा नहीं हो सकता, लेकिन भाजपा के नेता अब इस मुद्दे को ऊल-जुलूल तरीके से जनता को गुमराह करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ने में लगे हुए हैं। कॉन्फ्रेंस में वे कागज भी दिखाए गए, जिनमें तत्कालीन डीसी ने इसकी जानकारी संस्था के प्रशासन को भेजी थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के इस कार्यकाल में 12 सितंबर 2024 को यह मामला पहुंचा था, उसके बाद इस पर कार्रवाई शुरू हुई। 6 नवंबर को फिर से रिमाइंडर किया था और अब सरकार इस मामले को लेकर विधानसभा में बिल के माध्यम से इसे अमलीजामा पहनाएगी, लेकिन भाजपा के लोगों ने जिस तरीके से इसका राजनीति कारण किया है, वह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। भाजपा जब सत्ता में थी तब यह मामला क्यों नहीं सुलझा। अब मुख्यमंत्री इस पर संजीदा कोशिश करने में लगे हैं, ऐसे में भाजपा को दिक्कत क्या है? उन्होंने कहा कि यह अस्पताल तत्कालीन कांग्रेस के समय कांग्रेस के ही प्रयासों से खुला था, जिस कानूनी प्रक्रिया से अब फिर से गुजरना पड़ रहा है। उस पर कांग्रेस ही लोगों को राहत देगी। उसकी इस अस्पताल को बंद करने की कोई मंशा नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़सर के कांग्रेस के पार्टी प्रत्याशी रहे सुभाष ढटवालिया, सुमन भारती, राकेश वर्मा और अजय शर्मा भी मौजूद थे।

# उद्घाटन के बाद भी मानसिक स्वास्थ्य विशिष्टता भवन के द्वार बंद



फाइल फोटो

**आशीष दमीर, टांडा**

डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज/अस्पताल, टांडा में बने 100 बेड के मानसिक स्वास्थ्य विशिष्टता भवन जिसके उद्घाटन को दो वर्ष से भी अधिक का समय हो चुका है, परंतु आज तक इसके द्वार मानसिक रूप से परेशान लोगों के लिए नहीं खुले है।

एक तरफ तो पूर्व सरकार ने इसका उद्घाटन कर प्रदेश व जिला कांगड़ा की जनता को खुश कर दिया, परंतु सरकार को बदले हुए पूरे दो वर्ष का समय होने वाला है, लेकिन मौजूदा सरकार के पास टांडा में बनाए गए इस मानसिक स्वास्थ्य विशिष्टता भवन में रोगियों के लिए बेड़ों व अन्य फर्नीचर के लिए शायद बजट का प्रावधान नहीं है।

पुख्ता सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टांडा अस्पताल प्रशासन आज तक इस 100 बेड के मानसिक स्वास्थ्य विशिष्टता भवन के लिए बेड की व्यवस्था करना तो दूर यहां पर बने ऑफिस स्टाफ के लिए भी फर्नीचर का जुगाड़ भी नहीं कर पाया है। इस भवन को सिर्फ साफ-सफाई के लिए ही खोला और बंद किया जाता है।

ऐसे में टांडा आने वाले मानसिक रूप से परेशान रोगियों को यहां बनी ओपीडी में ही चेक कर के वापस भेज दिया जाता है। हालांकि इस विषय पर कोई भी अधिकारी खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।

इसके पीछे की असली वजह अस्पताल प्रशासन की लचर प्रशासनिक व्यवस्था है। जो इतने समय गुजर जाने के बाद भी इस भवन में स्थापित किए जाने वाले रोगियों के बेड तक की व्यवस्था न कर सका। इस मुद्दे पर जब टांडा अस्पताल के प्रिंसिपल डॉक्टर मिलाप शर्मा से बात की तो उनका कहना था कि इसके लिए अभी व्यवस्था की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# काम के बजाय प्रचार तंत्र से अपनी छवि चमकाना चाहती है सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकर ने कहा कि सुख की सरकार प्रदेशवासियों को दुखी करके चाहती है कि उसकी छवि चमकदार दिखे। जिसके लिए वह हर मंत्री के साथ छवि चमकाने की पहल कर रही है, जो वाकई हास्यास्पद है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उनके मंत्रिमंडल के लोग यह समझते हैं कि वह प्रचार तंत्र के जरिए अपनी नाकामी छुपा सकते हैं, इसलिए वह उल्टे सीधे हथकंडे अपनाना चाह रहे हैं। जिस तरीके से मुख्यमंत्री काम कर रहे हैं वैसे प्रदेश के लोगों को सिर्फ परेशानी हो रही है, दुख मिल रहा है।

मुख्यमंत्री चाहते हैं कि उनके दुख की सरकार को लोग अच्छा समझे तो वह बहुत गलत इच्छा पाल रहे हैं। सरकार की छवि तब बनती है जब वह जनहित के कम करें, लोगों को सुविधा दें, लेकिन सुक्खू सरकार जन विरोधी काम करती है, लोगों से सुविधा छीनती है। पूर्व सरकार द्वारा दिए गए संस्थान छीनती है।



पूर्व सरकार द्वारा दी गई नौकरियां छीनती है। इसके बाद मुख्यमंत्री चाहते हैं सब कुछ चंगा दिखे। आज प्रदेश के अस्पतालों के क्या हाल हैं ? लोगों का इलाज नहीं हो रहा है ? ऑपरेशन बंद है, सामान्य से सामान्य दवाई तक नहीं मिल रही हैं।

लोग इलाज के लिए तरस रहे हैं और सरकार चाहती है कि उसकी छवि चमकदार दिखे। जयराम ठाकुर ने कहा की विधानसभा चुनाव के बाद से अब तक सुक्खू सरकार ने बहुत झूठ बेच लिया। अब तेरे सीधे हाथ कंधे अपना कर वह चाहती है कि अपनी छवि भी चमका ले तो वह प्रचार तंत्र के भरोसे चमकने वाली नहीं है। सरकार को छवि बनाने के प्रयास करने की बजाय जनहित के काम करने करने होते हैं।

झूठी छवि से प्रदेश और प्रदेशवासियों का भला होने वाला नहीं है। सुख की सरकार का प्रचार करके दुख की सरकार चलाने वाले समझ लें कि अब बहुत हो चुका। मुख्यमंत्री का झूठ हर स्तर पर बेनकाब हो चुका है कोर्ट की कार्यवाहियों से लेकर सरकारी फाइलों में उनके झूठ की पोल खोलते दस्तावेज मौजूद हैं। अब प्रदेश के लोग उन्हें गंभीरता से लेते भी नहीं है। पूरे 2 साल झूठ बोलना और पूरे आत्मविश्वास के साथ झूठ बोलना ही सुक्खू सरकार की उपलब्धि रही है।

# सरकार के इशारे पर काम कर रहे विधानसभा अध्यक्ष : रणधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तारीख तय होने के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। सत्र की अवधि केवल चार दिनों की रखे जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा ने शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि कांग्रेस सरकार विपक्ष के सवालों से बचने के लिए इस तरह के कदम उठा रही है।

रणधीर शर्मा ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के निर्णयों ने देशभर में हिमाचल प्रदेश की छवि को नुकसान पहुंचाया है। अब, विपक्ष के सवालों से बचने के लिए चार दिनों का शीतकालीन सत्र बुलाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह तर्क दिया जाएगा कि मानसून सत्र को बढ़ाया गया था, लेकिन इससे पहले बजट सत्र को भी छोटा कर दिया गया था।



प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा

रणधीर शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष के बयानों पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके बयानों से लगता है कि वह सरकार के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का पद गरिमा का प्रतीक है, लेकिन उनके हालिया बयान लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मर्यादा के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने छह विधायकों की सदस्यता को लेकर विवादित बयान दिए हैं, जो कि केवल विधायकों को डराने और दबाव बनाने के उद्देश्य से किए गए प्रतीत होते हैं।

भाजपा को विश्वास है कि विधानसभा अध्यक्ष किसी भी गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक कार्रवाई से बचेंगे।

# हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल के पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार है। हिमाचल के बाकी जिलों में फिलहाल शुष्क ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नही है। मैदानी क्षेत्रों में एक सप्ताह तक मौसम के साफ बने रहने की संभावना है। वहीं शुष्क ठंड के चलते लोगों बीमारी का भी डर पैदा हो गया है।

बता दें कि मानसून के बाद हिमाचल में न के बराबर बारिश हुई है। नवंबर माह में सामान्य से 99 फ़ीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। इससे पहले 2016 में भी नवंबर माह में ड्राई स्पेल का इस तरह का दौर देखने को मिला था। बारिश न होने से प्रदेश में कड़ाके की सूखी ठंड पड़ रही हैं। कई स्थान पर पारा जमा बिंदु से नीचे लुढ़क गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि आज रात से हिमाचल प्रदेश के कुछ एक जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्र है बर्फबारी की संभावना है जिनमें लाहौल स्पीति, चंबा, कांगड़ा के पर्वतीय श्रृंखलाए शामिल हैं।

इन ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी का दौर 3 दिसंबर तक जारी रह सकता हैं। हिमाचल प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में मौसम अगले एक सप्ताह तक ड्राई रहने वाला हैं। नवंबर महीने में पूरे हिमाचल प्रदेश में अभी तक 0.2 मिलीमीटर बारिश हुई है।

# किसानों को कृषि उपकरण एवं मशीनरी करवाएं उपलब्ध : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में हिमाचल प्रदेश कृषि उद्योग निगम के निदेशक मंडल की वार्षिक आम बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बैलेंस शीट, ऑडिट एवं बीओडी रिपोर्ट इत्यादि का अनुमोदन और निगम की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश के किसानों को कृषि उपकरण एवं मशीनरी उपलब्ध करवाने के लिए व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

यह अवगत करवाया गया कि निगम ने बीते दो वर्षों में कारोबार और लाभ में भारी वृद्धि दर्ज की है जिससे यह 100 करोड़ रुपए का व्यवसाय करने वाली कंपनी बन गई है। निगम द्वारा कांगड़ा जिला के जाछ में पेट्रोल पंप स्थापित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, वहीं शाखा कार्यालय खोलने के लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है। धर्मशाला और नालागढ़ में इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के साथ पेट्रोल पंप और सीएनजी फिलिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। निगम ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 2.62 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ के साथ 109.00 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। वित्त वर्ष 2023-24 में 1.7 करोड़ रुपए लाभ अर्जित किया गया। इस अवधि के दौरान निगम द्वारा कीटनाशकों के दर अनुबंध, मारंडा, ज्वालामुखी और खेलग में ईवी चार्जिंग स्टेशन के साथ पेट्रोल पंप का संचालन किया गया।



बैठक की अध्यक्षता करते राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी।

नालागढ़ में चौथे पेट्रोल पंप के संचालन के साथ-साथ लोहा व स्टील, सीमेंट, टायर और ट्यूब, ड्रिप सिंचाई प्रणाली और पशु चारा की बिक्री जैसी अन्य गतिविधियां भी कुशलतापूर्वक पूर्ण की जा रही हैं। निदेशक मंडल की बैठक में मोबाइल वैन के माध्यम से किसानों को कृषि उत्पाद, उपकरण और औजार उपलब्ध करवाने तथा इन उत्पादों की बिक्री के लिए शिविर आयोजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

निदेशक मंडल की बैठक में नूरपुर आबकारी कार्यालय की जरूरत के दृष्टिगत राज्य में कर एवं आबकारी विभाग के लिए 2.5 कनाल भूमि की बिक्री तथा ऊना और किन्नौर जिलों में कॉरपोरेशन के नए कार्यालय खोलने के निर्देश दिए गए।

**समारोह**

### माध्यमिक पाठशाला बथालंग के निर्माण कार्य पर खर्च किए जा रहे 3.51 करोड़

# छात्रों को इतिहास से सीख लेनी चाहिए : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि इतिहास बेहतर भविष्य की नींव है और छात्रों को इतिहास से सीख लेनी चाहिए। संजय अवस्थी आज सोलन जिला के अर्की उपंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बथालंग के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारत ने प्राचीन समय से ही विविध संस्कृतियों को समीप से देखा है और इनकी जानकारी सदैव बेहतर भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध हुई है। इतिहास से ली गई सीख बेहतर मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि अपनी संस्कृति और संस्कारों की जानकारी के साथ देश व प्रदेश के इतिहास को भी आत्मसात करें।

उन्होंने कहा कि भारत विश्व में प्राचीन काल से ही अपने ज्ञान एवं मूल्य आधारित शिक्षा के लिए विख्यात रहा है। छात्रों को अपने ज्ञान और मूल्यों को सदैव स्मरण रखना चाहिए। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य युवाओं का समग्र विकास सुनिश्चित बनाना है तथा इसके लिए युवा पीढी को अपने रीती-रिवाजों, संस्कारों एवं संस्कृति की जानकारी देना आवश्यक है।



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में छात्रों को सम्मानित करते विधायक संजय अवस्थी, साथ हैं अन्य।

उन्होंने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बथालंग के निर्माण कार्य पर 3.51 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है और यह कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम आयोजन समिति को 21 हजार रुपए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को अपनी ऐच्छिक निधि से 2100 रुपए देने की घोषणा की।

इसके अतिरिक्त महिला मंडल बथालंग और रूपे की बेड़ तथा युवक मंडल बथालंग को 11000-11000 रुपए देने की घोषणा की। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया।

# युवा प्राचीन संस्कृति के संरक्षण में निभा सकते हैं महत्वपूर्ण भूमिका : रोहित ठाकुर



**दशमी रावत, जुब्बल**

हिमाचल प्रदेश को देव भूमि के नाम से जाना जाता है, यहां पर सभी देवी-देवताओं के मंदिर हैं। जिला शिमला के जुब्बल-कोटखाई एवं रोहड़ू विधानसभा क्षेत्रों में महासू देवता को आराध्य देव के रूप में जाना जाता है।

यह बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज ग्राम पंचायत पुजारली-3 के गांव फरोड़ एवं ग्राम पंचायत रतनाड़ी के थोड़ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमों में कही। उन्होंने कहा कि आज के युग में भी पारंपरिक रीति रिवाजों एवं वाद्य यंत्रों के साथ मन्दिरों के धार्मिक कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

इसके लिए उन्होंने क्षेत्र वासियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज के युवा हमारी प्राचीन समृद्ध संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि फरोड़ के महाशु मंदिर के साथ लगते पांच गांव खलावण, वटाड़ा, फरोड़, पुजारली -3 तथा दराल के लोगों के सहयोग से मंदिर का निर्माण किया गया है।

वहीं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विभिन्न सरकारी स्कूलों में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 के सफल संचालन पर चर्चा की।(अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### फतेहपुर में उलझे कर्मचारी और वकील

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** तहसील कार्यालय फतेहपुर में शुक्रवार को एक कर्मचारी और एक वकील में कहासुनी हो गई। मीडिया से रू-ब-रू होते हुए वकील शुभम कौशल ने बताया कि तहसील में तैनात एक कर्मचारी लोगों के समय पर काम नहीं कर रहा है। उसका भी काम दो दिन से लटका हुआ था। शुक्रवार को जब दोबारा उनके काम करने को कहा तो कर्मचारी कभी नेट की समस्या तो कभी पैसे देने की बात करने लगा। जब उससे काम करने को कहा तो उसने गुस्से में आकर मेरी कमीज की कॉलर पकड़ ली व धमकी दी। उधर, दोपहर बाद जब कर्मचारी के साथ फोन पर बात की तो उन्होंने कहा ऐसा कुछ नहीं हुआ है। उल्टा वकील ने उनके साथ मारपीट की है, जिसकी रिपोर्ट पुलिस में दे दी है। वहीं, थाना प्रभारी फतेहपुर पवन गुप्ता के साथ बात की तो उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों की तरफ से शिकायत दी गई है, जिसकी जांच की जा रही है।

### बठरा स्कूल में एनएसएस कैंप का समापन



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बठरा स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के समापन समारोह सेवानिवृत्त अध्यापक सुरजीत सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस शिविर में 29 विद्यार्थी ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित विशेष अतिथियों में बठरा पंचायत के पूर्व प्रधान बलदेव सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षा उपनिदेशक दिलवर जीत, एसएमसी प्रधान सुनीता कुमारी तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण नशा निवारण नाटिका तथा पहाड़ी नाटी रहे।

### जागोरी संस्था ने इच्छी में लगाया किसान मेला



**अनंत ज्ञान, गगल।** किसान भवन इच्छी में जागोरी संस्था ने किसान मेला का आयोजन किया। जानकारी देते हुए जागोरी संस्था के कार्यकर्ता आजाद ने बताया के इस कार्यक्रम में 210 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसमें स्थानीय किसान, समुदाय के सदस्य और विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधि शामिल थे। मेले में बागवानी विभाग, कृषि विभाग, आयुष विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। यह आयोजन वन बिल्यिन राइज अभियान का हिस्सा था, जो महिला सशक्तिकरण और किसानों के अधिकारों के लिए एक वैश्विक आंदोलन है। मेले में टिकाऊ कृषि, जैविक खेती, और स्थानीय उत्पादों के प्रदर्शन पर विशेष ध्यान दिया गया। यह कार्यक्रम किसानों, सरकारी अधिकारियों और समुदाय के बीच ज्ञान और अनुभव साझा करने का एक शानदार मंच साबित हुआ। जागोरी संस्था सभी प्रतिभागियों और सहयोगी विभागों का इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करती है। हम आशा करते हैं कि यह मेला हमारे क्षेत्र में टिकाऊ कृषि और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा।

# प्रदेश में खिलाड़ियों की सम्मान राशि में अभूतपूर्व वृद्धि : गोमा

## आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने किया डॉ. वाईएस परमार वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने ऐतिहासिक फैसला कर खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में अभूतपूर्व बढ़ोतरी कर खिलाड़ियों का सम्मान किया है। यह जानकारी आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने 21वीं अखिल भारतीय डॉ. यशवंत सिंह परमार मेमोरियल वॉलीबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ करने के उपरांत लोगों को संबोधित करते हुए दी।

गोमा ने कहा कि ओलंपिक्स एवं पैरा ओलंपिक्स में स्वर्ण पदक विजेता के लिए सम्मान राशि 3 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़, रजत पदक विजेता को 2 से 3 करोड़ और कांस्य पदक विजेता एक से 2 करोड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि एशियन तथा पैरा एशियन खेलों में पदक विजेताओं में स्वर्ण पदक विजेता की सम्मान राशि को 50 लाख से 4 करोड़, रजत पदक विजेता के लिये 30 लाख से अढाई करोड़ और कांस्य पदक विजेता को 20 लाख से डेढ़ करोड़ किया गया है।

उन्होंने बताया कि कॉमनवेल्थ गेम्स में भी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मान राशि को 50 लाख से 3 करोड़, रजत पदक विजेता के 30 लाख से 2 करोड़ और कांस्य पदक विजेता के लिये 20 लाख से एक करोड़ सम्मान राशि को बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 20 स्टेडियमों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और कहा कि चालू वित्त वर्ष में उच्च स्तरीय खेल संरचना ढांचा बनाने के लिए साढ़े 28 करोड़ रुपए की राशि व्यय की भी जा रही है।



वॉलीबाल टूर्नामेंट में भाग लेने आए खिलाड़ियों से मिलते खेल मंत्री यादविंद्र गोमा।



### हर विधानसभा क्षेत्र में खेल मैदान को 15 लाख

**मुख्यमंत्री** युवा खेल प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक खेल मैदान बनाने के लिए 15 लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराई जा रही है और इस योजना में चालू वित्त वर्ष में 10 करोड़ 20 लाख रुपए व्यय किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए सिरमौर के मजरा में हॉकी एस्ट्राटर्फ मैदान का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त मंडी के सुंदर नगर में बहुउद्देशीय हाल, ऊना के बंगाणा में इंडोर स्टेडियम, जिला कांगड़ा के प्रागपुर में बहुउद्देशीय हाल तथा नूरपुर में एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण कार्य प्रगति पर करीब 37 करोड़ रुपये से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि हमीरपुर और जयसिंहपुर में भी बहुउद्देश्यीय खेल परिसर का निर्माण किया जाएगा।

### प्रदेश के 21 उत्कृष्ट खिलाड़ी होंगे सम्मानित

**खेल** मंत्री ने बताया कि प्रदेश में खेल एवं युवा गतिविधियों के आयोजन पर 135 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 21 उत्कृष्ट खिलाड़ियों, जिन्होंने अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किए हैं। 5 दिसंबर को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सम्मान राशि प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकार की सेवा में तीन प्रतिशत खेल आरक्षण के अंतर्गत 889 खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों बोर्ड और निगमों में रोजगार उपलब्ध करवाया गया है। इससे पहले युवा सेवा एवं खेल विभाग के अतिरिक्त निदेशक हितेश आजाद ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने तीन दिवसीय प्रतियोगिता के आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि इसमें देश की आठ टीमें भाग ले रही हैं और इनमे भारतीय टीम में खेलने वाले खिलाड़ी भी शामिल हैं।

## सद्दूं, दानोआ, रजियाणा और सरोत्री के विद्युत उपभोक्ता 30 को करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, बड़ोह।** विद्युत उपमंडल बड़ोह के सहायक अभियंता ईआर अनिल कुमार सैनी ने बताया कि विद्युत मंडल बड़ोह के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू उपभोक्ताओं के मीटरों को आधार कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया 1 अक्तूबर से शुरू कर दी गई थी, जिसमें से लगभग 4325 घरेलू उपभोक्ताओं के मीटरों को आधार कार्ड से जोड़ा जा चुका है। विद्युत मंडल के अंतर्गत आने वाले ऐसे घरेलू उपभोक्ताओं, जिन्होंने अब तक अपने मीटर को आधार कार्ड से नहीं जोड़ा है वे अब 30 नवंबर को ग्राम पंचायत सद्दूं, दानोआ (बड़ोह), रजियाणा, सरोत्री, 2 दिसंबर को पलाहचकलू, ऐरला, सरूट, लुहना, सुन्नी, 3 दिसंबर को सलाह जांद्रह, खरट, बलोल, रढ, 4 दिसंबर को खावा, बुस्सल, थाना खास, मोरठ जस्साई, 5 दिसंबर को टोरु, रतियार ,कंडी, कोठियां ( बगूलेहड, जलोट) एवं 6 दिसंबर को बराणा, चंदरोट सुबह 10 से लेकर दोपहर 4 बजे तक अपने मीटर को आधार कार्ड से जोड़ सकते हैं। केवाई सी के लिए जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बिजली का बिल और मोबाइल नंबर जो कि आधार कार्ड से जुड़ा हो साथ लेकर आना होग। अगर कोई उपभोक्ता अपना आधार कार्ड को विद्युत बिल से लिंक नहीं करवाता है तो भविष्य में बिल में आने वाली सभी सुविधाओं से वंचित रह सकता है।




## एक साल में 70 जानवरों का रेस्क्यू करने पर सुभाष को मिला स्टेट अवॉर्ड

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

जिले के जंगलों, बस्तियों तथा घरों के क्षेत्र में सितंबर माह तक वन विभाग की वाइल्ड लाइफ विंग ने एक साल में करीब 70 रेस्क्यू कर विभिन्न जानवरों को नया जीवन दिया। जंगली जानवरों के संरक्षण तथा उनका जीवन बचाने के ध्येय से काम कर रहे वन विभाग के वन कर्मी सुभाष चंद को इसके लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से नवाजा गया है।

बताते चलें कि जुलाई माह में धर्मशाला में बंदर के बच्चे के शरीर में कूदते हुए एक भवन के निर्माणाधीन भाग पर पिलर के सरिये जा घुसे थे। वन विभाग की क्विक रिस्पॉन्स टीम ने इस दौरान इस बच्चे को बामुश्किल निकाल कर उपचार करवा उसे नया जीवन दिया था। ऐसे कई मामले हैं जिनमें नन्हे तथा निरीह पशु पक्षी से लेकर बड़े जानवर की जान बचाई गई।



स्टेट अवॉर्डी सुभाष चंद

अब तक किए गए रेस्क्यू में संकट में फंसे तथा कही लोगों का संकट बने 21 रसल वाइपर सांप, 1 रॉक पायथन, 1 मॉनिटर लिजार्ड, 29 रैट स्नेक, 1 बार्किंग डियर, 1 सांभर, 1 तीतर, 1 जंगली मुर्गे, 1 कबूतर, 2 बंदर तथा 3 उल्लू रेस्क्यू कर दोबारा जंगल में छोड़े गए। सुभाष चंद ने बताया कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हाथों स्टेट लेवल अवॉर्ड फॉर रेस्क्यू ऑपरेशंस मिलना गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि शुरू शुरू में डर लगता था लेकिन अब इतना पता है कि संकट में न होने पर जंगली जानवर हिंसक नहीं होते। उन्होंने बताया कि सुधेड़ में करीब 9 फीट लंबा रैट स्नेक निकला था जिसे देखकर कर वो डर गए थे। उन्होंने बताया कि विभाग के अनुमोदन पर सरकार से पुरस्कार मिलने से वो उत्साहित हैं तथा अपना कार्य कर्तव्यनिष्ठा से करते रहेंगे।

उधर, इस संदर्भ में डीएफओ वाइल्ड लाइफ संजीव सिंह ने बताया कि वन विभाग की क्विक रिस्पांस टीम में डिप्टी रेंजर सुनील कुमार, फॉरेस्ट गार्ड अजय भाटिया फॉरेस्ट गार्ड संदीप कुमार, वन कर्मी राजीव कुमार तथा में सुभाष चंद शामिल है। उन्होंने बताया कि वन कर्मी सुभाष चंद को राज्य स्तरीय पुरस्कार मिलने से धर्मशाला मंडल में हर्ष है। उन्होंने सुभाष चंद की तारीफ करते हुए उनके उज्ज्वल एकी कामना की। (अनंत ज्ञान)

## धर्मशाला में बिजली उपभोक्ताओं की केवाईसी के लिए लगेंगे विशेष बूथ

**धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल धर्मशाला-2 के अंतर्गत आने वाली पंचायतों के उपभोक्ताओं की केवाईसी के लिए बिजली बोर्ड द्वारा विशेष बूथ लगाए जाएंगे। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल -2 रमेश चंद ने बताया कि दिनांक 1 दिसंबरको ग्राम पंचायत सराह, इच्छी और मस्तपुर, 2 दिसम्बर को कोहाला, दाड़ी, बड़ोल, आईटीआई और ढगवार, 3 दिसंबर को कोहाला, चैतड़ू, मनेड़, बगली और मटौर (नंदेहड़), 4 दिसंबर को दाड़ी, बड़ोल, आईटीआई (सेक्शन ऑफिस), शीला और भटेड़, 5 दिसंबर को सुक्कड़, मसरेहड़, कनेड़ और त्रैम्बलू तथा 6 दिसंबर को सराह, सकोह (जवाहर नगर), पासू और कंदरेहड़ में उपभोक्ता केवाईसी के लिए विशेष बूथ लगाए जाएंगे। उपमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी बिजली उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि वे उक्त तिथियों के अनुसार अपनी केवाईसी करवाना सुनिश्ति करें। उन्होंने बताया कि केवाईसी हेतु उपभोक्ता अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड व बिजली का बिल लेकर सुबह दस से शाम पांच बजे तक आ सकते हैं। जो उपभोक्ता पंचायत में किसी कारण केवाईसी नहीं करवा सकते, वे विभाग के कार्यालय में आकर अपनी केवाईसी करवा सकते हैं।

# ज्वालामुखी के फकलोह में मिला मृत तेंदुआ

## वन विभाग की टीम ने कब्जे में लिया शव, करवाया पोस्टमार्टम

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी के साथ लगते गांव फकलोह में एक तेंदुआ मृत अवस्था में पड़ा हुआ पाया गया। तेंदुए का शव मिलने से ग्रामीणों में दहशत है। वहीं, वन विभाग ने तेंदुए का शव बरामद कर इसका पोस्टमार्टम करवा दिया है। पोस्टमार्टम के दौरान तेंदुए के पेट पर एक जख्म का निशान मिला है। हालांकि इस बीच किसी भी तरह की बंदूक की गोली उसके शरीर में नहीं पाई गई है। आशंका जताई जा रही है कि किसी जानवर के सिंग के हमले के चलते वह घायल हुआ है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही तेंदुएं के मौत के असली कारणों का पता चलेगा। जानकारी के अनुसार फकलोह गांव में ग्रामीणों ने सुबह के समय एक तेंदुए को एक घर के साथ लगते खेतों में मृत पड़ा हुआ देखा। इसके बाद लोग वहां एकत्र हो गए और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। निरीक्षण के दौरान तेंदुए के शरीर पर एक जख्म का निशान मिला है, जिस पर खून भी लगा हुआ है। ऐसे में यह आशंका जताई जा रही है कि किसी जानवर की लड़ाई में इस की जान नहीं गई है।



ज्वालामुखी के साथ लगते फकलोह गांव में मृत अवस्था में मिले तेंदुए को देखते विभाग के कर्मचारी

## पीटीसी डरोह में महिला सुरक्षा पर बांटा ज्ञान




डरोह। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में महिला सुरक्षा पर पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 26 से 28 नवंबर तक किया गया। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं इकाइयों के 28 अन्वेषण अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान कुलदीप कुमार डीएसपी (कोर्स डायरेक्टर) प्रताप सिंह डीएसपी, सुदीप सिंह (जिला न्यायवादी), हरीश गुलेरिया डीएसपी, यशवंत सिंह डीएसपी, इंस्पेक्टर विनोद कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर सतपाल द्वारा महिलाओं से संबंधित अपराधों/लैंगिक अपराधों के अन्वेषण, गुमशुदा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया तथा अन्वेषण में फोरेंसिक साइंस की भूमिका, डीएनए का महत्व एवं महिलाओं के विरुद्ध लैंगिक अपराधों में भौतिक साक्ष्यों के सही प्रकार के संग्रहण, ऑनलाइन क्राइम एवं अब्यूज ऑफ सोशल नेटवर्क साइट तथा महिलाओं का घरेलू हिंसा में संरक्षण आदि पर जानकारी दी गई।

## 400 मुख्याध्यापकों को जल्द प्रिंसिपल के पद पर पदोन्नत करे प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान, डरोह**

हिमाचल प्रदेश हेडमास्टर कैडर ऑफिसर एसोसिएशन के स्कूल प्रिंसिपल्स ने ऑनलाइन बैठक कर राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से यह अपील की है कि जिला उपनिदेशक (शिक्षा)के पदों की प्रोमोशन में हेडमास्टर कैडर के साथ भेदभाव न किया जाए। हेडमास्टर कैडर ऑफिसर एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि शिक्षा विभाग इस मामले में मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है, जिसकी संघ कड़ी निंदा करता है। हेडमास्टर कैडर ऑफिसर एसोसिएशन ने इस मामले में मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री से हस्तक्षेप और न्याय करने की अपील की है। हेडमास्टर कैडर ऑफिसर एसोसिएशन ने बताया कि 400 के करीब मुख्याध्यापकों की प्रिंसिपल के पद पर होने वाली पदोन्नति अभी तक रुकी हुई है, जिस पर शिक्षा विभाग तुरंत संज्ञान ले। संघ के प्रधान रत्न सिंह वर्मा, प्रदेश महासचिव केवल ठाकुर, वित्त सचिव बहादुर सिंह मेहता, प्रदेश उपाध्यक्ष यशवीर जम्वाल, दिलबाग राणा, रत्नेश्वर सालरिया, प्रधान शिमला संजीव शर्मा, प्रधान मंडी नरेश महाजन, प्रधान ऊना नरेश शर्मा, प्रधान कांगड़ा हरवंत सिंह, तथा अन्य प्रधानाचार्यों ने मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री से यह अपील की है की उक्त कोटे से किसी भी तरह की छेड़छाड़ न की जाए तथा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का सम्मान हो।

## तीसरी, पांचवीं और आठवीं की परीक्षाओं के प्रश्न पत्र भेजने के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा ग्रीष्मकालीन विद्यालयों की तीसरी, पांचवीं व आठवीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र बोर्ड द्वारा उपलब्ध करवाए जाने हैं। बोर्ड सचिव मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि समस्त राजकीय व शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय बोर्ड वेबसाइट में अंकित ऑनलाइन सर्विस ऑप्शन में जाकर ऑनलाइन क्वेश्चन पेपर डिमांड फॉर क्लास 3,5, एंड 8 को क्लिक कर उक्त कक्षाओं से संबंधित कक्षावार प्रश्न पत्रों की मांग 2 दिसंबर से ऑनलाइन प्रेषित करना सुनिश्चित करें। तीसरी, पांचवीं व आठवीं कक्षाओं के लिए सरकारी स्कूलों को व केवल निजी संस्थानों को निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ तीसरी, पांचवीं व आठवीं कक्षाओं के लिए प्रश्न पत्रों की मांग को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रेषित करना अनिवार्य है। तीसरी तथा पांचवीं कक्षा के लिए परीक्षा शुल्क 100 रुपए तथा आठवीं कक्षा के लिए आवेदन शुल्क 150 रुपए निर्धारित किया गया है।

## सीयू में क्षय रोग बारे जागरूक किए विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के शाहपुर परिसर और धौलाधार परिसर एक में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-1 और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'टीबी मुक्त भारत' विषय पर संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। केंद्रीय विश्वविद्यालय के शाहपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी कांगड़ा डॉ. आरके सूद और डब्ल्यूएचओ. सलाहकार, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, डॉ. कामेश वेंकटेशन बतौर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने क्षय रोग (टी बी) और इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और छात्रों के साथ संवाद किया। उन्होंने टीबी को समाप्त करने के लिए सामुदायिक भागीदारी और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. सुनील कुमार (डीन स्टूडेंट वेलफेयर) कार्यक्रम अध्यक्ष और डॉ. भाग चंद चौहान (निदेशक, शाहपुर परिसर) ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जितेंद्र कुमार (एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी, शाहपुर परिसर) और डॉ. मुरली (समन्वयक, रेड रिबन क्लब, शाहपुर परिसर) का इस महत्वपूर्ण विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए धन्यवाद दिया। वहीं धौलाधर परिसर-1 में रेड रिबन क्लब की ओर से आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में 'टीबी मुक्त भारत' अभियान को नई ऊर्जा मिली। इस कार्यक्रम का आयोजन रेड रिबन क्लब द्वारा किया गया ।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स के लिए 25 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, डरोह**

बाल विकास परियोजना अधिकारी सुलह स्थित भेड़ूमहादेव जिला कांगड़ा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों को भरने हेतु साक्षात्कार रखे गए हैं। इसमें आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 दिसंबर रखी गई है। बारी पंचायत के आंगनबाड़ी



बारी-2 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत वाहे दा पट्ट के बोरकड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सिहोटू पंचायत के लोअर सिहोटू में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कुरल पंचायत के भेड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सिहोल पंचायत के पटियाल बस्ती में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, छैंछडी पंचायत की छैंछडी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खडुल पंचायत के खडुल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रोड़ा पंचायत के रोड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सांबा पंचायत के सांबा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जबकि डरोह पंचायत के डरोह -2 में आंगनबाड़ी सहायिका, खैरा पंचायत के गदियाडा खैरा में आंगनबाड़ी सहायिका, भौरा पंचायत के गड भौरा में आंगनबाड़ी सहायिका व चौथी वंड -1 में आंगनबाड़ी सहायिका, मालनू पंचायत के लोअर मालग में आंगनबाड़ी सहायिका, पंचायत सिहोटू के लोअर सिहोटू में आंगनबाड़ी सहायिका, कुरल पंचायत के भेड़ी में आंगनबाड़ी सहायिका, गरला पंचायत के गरला सरकारी में आंगनबाड़ी सहायिका, पंचायत ककडै में ककडैं-1 में आंगनबाड़ी सहायिका, छैंछड़ी पंचायत के छैंछडी में आंगनबाड़ी सहायिका, खडुल पंचायत के खडुल में आंगनबाड़ी सहायिका,चांदड़ बमियाल पंचायत के होला में आंगनबाड़ी सहायिका, पंचायत जैंद के भगूं में व गुलाबे दा बेहडू में एक-एक आंगनबाड़ी सहायिका, पंचायत भोडा के भोडा लोहन्टी में आंगनबाड़ी सहायिका व पंचायत लाहट के घुंघड में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद भरे जाएंगे। उपरोक्त पदों को भरने के लिए प्रार्थी की वार्षिक आय समस्त स्त्रोतों से 50,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए।

दोनों पदों के लिए प्रार्थी की शैक्षिक योग्यता जमा दो/बारहवीं होनी अनिवार्य है। साक्षात्कार 7 जनवरी, 2025 को बाल विकास परियोजना अधिकारी भवारना स्थित पालमपुर के कार्यालय में लिए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय सुलह स्थित भेड़ूमहादेव जिला कांगड़ा में संपर्क कर सकते हैं।

### 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए आयु

**पंचायत** भदरोल के आंगनबाड़ी केंद्र भदरोल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत धीरा के धीरा खास में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत पनापर के पनापर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत चौकी के लाहड़ छलैणा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत मरूंह के मरुंह -1 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पनापर पंचायत के पनापर खोली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत खास गगल के गगल खास में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत बलोटा के टंग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत बच्छवाई के घडेला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत बलोटा के बलोटा -1 में आंगनबाड़ी सहायिका, पंचायत क्यारवां के भटका में आंगनबाड़ी सहायिका, पंचायत पुडवा के सनवाड़ में आंगनबाड़ी सहायिका, पंचायत झरेट के झरेट ठाकरां में आंगनबाड़ी सहायिका, पंचायत रझूं के रझूं खास में आंगनबाड़ी सहायिका,डईं पंचायत के डी में आंगनबाड़ी सहायिका, पंचायत भदरोल के भदरोल-1 में आंगनबाड़ी सहायिका, पंचायत चौकी के भाटी में आंगनबाड़ी सहायिका व पंचायत मरूंह के मरूंह -1 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद भरे जाएंगे।इसके साथ साथ उपरोक्त पदों को भरने हेतु प्रार्थी की वार्षिक आय समस्त स्त्रोतों से 50,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रार्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उम्मीदवारों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता जमा दो/ बारहवीं पास होना अनिवार्य है। साक्षात्कार 8 जनवरी, 2025 को उपमंडलाधिकारी कार्यालय धीरा में लिए जाएंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय सुलह स्थित भेड़ूमहादेव जिला कांगड़ा से संपर्क कर सकते हैं।

## स्पोर्ट्स

### पारस पब्लिक स्कूल भवारना में अंडर-17 महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न

# ऊना की लड़कियां बनीं बॉक्सिंग चैंपियन

**राकेश डोगरा, डरोह**

राज्य स्तरीय दो दिवसीय अंडर-17 महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन वीरवार को पारस पब्लिक स्कूल भवारना में हुआ। प्रतियोगिता के समापन समारोह में प्रदेश बॉक्सिंग संगठन अध्यक्ष राजेश भंडारी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम राणा ने अपने भाषण के माध्यम से मुख्यातिथि व अन्य व्यक्तियों का स्वागत सत्कार किया। इस दौरान बॉक्सिंग विश्व विजेता वंशिका गोस्वामी भी प्रतियोगिता में उपस्थिति रहीं। प्रतियोगिता में प्रदेशभर की करीब 105 लड़कियों ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। वीरवार को खेला गया फाइनल मैच काबिले तारीफ रहा। मैच में लड़कियों ने विजयी बनने के लिए अपना पूरा दमखम दिखाया। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कोच सोनिया राय के नेतृत्व में ऊना की लड़कियों ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं कोच दिव्य शक्ति के नेतृत्व में किन्नौर की लड़कियों ने द्वितीय स्थान पर अपना कब्जा जमाया। पारस स्कूल की स्वस्तिका, रीतराज, कृतिका, आस्था, यशिका ने स्वर्ण पदक और चार्बी व रश्मि ने रजत पदक हासिल किया। मुख्यातिथि ने अपने भाषण में बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि 'खेलो इंडिया' के तहत महिलाओं को मैरी कॉम, सरिता देवी और जरीन जैसी मुक्केबाज महिलाओं से प्रेरणा लेकर विश्व में अपने देश का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने मेजबान विद्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने स्कूल में बॉक्सिंग रिंग बनाकर दूर दराज के गांव से महिला बॉक्सरों को अपना प्रतिभा कौशल दिखाने का सुनहरा मौका दिया है। उन्होंने विद्यालय के कार्यों की खुले दिल से सराहना की। प्रदेश बॉक्सिंग संगठन की ओर से विद्यालय को ट्रॉफी दी गई। विद्यालय के निदेशक महेश चंद्र कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा ने मुख्यातिथि सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों को टोपी शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)



## हाड़ा स्कूल में खतरा बने पेड़ों को काटने की मांगी अनुमति

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** शिक्षा खंड फतेहपुर के तहत पड़ती राजकीय प्राथमिक पाठशाला हाड़ा के परिसर में भारी भरकम हरे पेड़ों का खतरा बना हुआ है। इस पर पाठशाला प्रशासन व पाठशाला प्रबंधन समिति ने प्रशासन से पेड़ों को कटवाने की अनुमति को अपील की है। इस बारे पाठशाला में तैनात अध्यापक केबल सिंह ने बताया पाठशाला परिसर में पहले 15 पेड़ थे। इनमें से 4 पेड़ों को काटने की अनुमति मिली थी। चार पेड़ काटने के बाद बचे हुए पेड़ भी खतरा बन हुए हैं। इसके चलते उन्होंने प्रशासन से परिसर के पेड़ों को काटने की अनुमति को अपील की है, ताकि बच्चे भयमुक्त होकर पढ़ाई कर सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### अश्रु शर्मा आयुर्वेदिक कॉलेज में लेक्चरर



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंचरुखी की रहने वाली डॉक्टर अश्रु शर्मा ने हिमाचल के एकमात्र सरकारी आयुर्वेदिक कॉलेज में बतौर लेक्चरर के रूप में चयनित होकर गांव व माता-पिता का नाम रोशन किया है। डॉक्टर अश्रु शर्मा प्रारंभिक पढ़ाई राजीव गांधी महाविद्यालय पपरोला में हुई है तथा उनकी और एमएस गुरुकुल गवर्नमेंट कॉलेज हरिद्वार से पूरी हुई। डॉक्टर अश्रु शर्मा अभिलाषी कॉलेज में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में सेवा दे रहे थे। उनके पति डॉक्टर अश्वनी सोम धन्वंतरि कॉलेज चंडीगढ़ में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर सेवाएं दे रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर सारे गांव व रिश्तेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस उपलब्धि के लिए डॉक्टर अश्रु शर्मा ने सारा श्रेय अपने माता-पिता परिवार जनों को दिया है।

### रोहड़ा वाया दरोली मार्ग 24 दिसंबर तक बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** ज्वालामुखी उपमंडल के अंतर्गत ज्वालामुखी से रोहड़ा वाया दरोली अपर गलौर के अपग्रेडेशन का कार्य प्रगति पर है। इसके चलते पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह ज्वालामुखी से चंबापत्तन को जाने वाला मार्ग, दरंग रोड के समीप एनएचएआई रोड की क्रॉसिंग तक 24 दिसंबर तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए ज्वालामुखी से डिग्री कॉलेज-अंब पटियार-चंबापत्तन-दरंग एनएचएआई क्रॉसिंग से गुज्जा बाग से ज्वालामुखी मार्ग का उपयोग किया जाएगा। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है।

### 10वीं व 12वीं की परीक्षा के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च, 2025 में संचालित की जाने वाली मैट्रिक व जमा दो श्रेणी के नियमित परीक्षार्थियों की वार्षिक परीक्षा, कंपार्टमेंट परीक्षा, अतिरिक्त विषय इंग्लिश, इंप्रूवमेंट के पात्र परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्रों को निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित दिनांक 2 दिसंबर से 16 दिसंबर तक तथा इस अवधि उपरांत 21 दिसंबर तक विलंब शुल्क सहित संबंधित विद्यालय के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन करवा सकते हैं। बोर्ड सचिव मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि मैट्रिक के सभी विषयों के लिए आवेदन शुल्क बिना विलंब शुल्क 16 दिसंबर तक 950 रुपए तथा जमा दो के लिए 1150 रुपए तथा 100 रुपए के बिलंब शुल्क के साथ 21 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। कंपार्टमेंट तथा सिर्फ अंग्रेजी की परीक्षा, एक अतिरिक्त विषय तथा डिप्लोमा होल्डर रीअपीयर परीक्षा के लिए 16 दिसंबर तक बिना लेट फीस 700 रुपए जबकि 1000 रुपए की लेट फीस के साथ 21 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। मैट्रिक की इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिया बिना लेट फीस 16 दिसंबर तक 950 रुपए जबकि 1000 रुपए की लेट फीस के साथ 21 दिसंबर तक आवेदन हो पाएंगे। जमा दो की इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए बिना लेट फीस 16 दिसंबर तक 1150 रुपए जबकि 1000 रुपए की लेट फीस के साथ 21 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

### मटौर में डीसी ने किया बच्चों का मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर में जिलाधीश कांगड़ा



हेमराज बैरवा ने विद्यालय के जमा एक व जमा दो के छात्र-छात्राओं के साथ व उनके कई विषयों के पहलुओं को परखा व उनके उज्ज्वल भविष्य के बारे में मार्गदर्शन किया। विद्यालय में चल रहे विभिन्न विकास की व शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल, मटौर स्कूल के प्रिंसिपल संदीप शर्मा, मटौर के प्रधान निर्मल सिंह व अन्य ग्राम पंचायतों के प्रधान उपस्थित रहे।

### दिव्यांगों के लिए 9 से लगेंगे मूल्यांकन शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी, धर्मशाला द्वारा कृत्रिम अंग निर्माण निगम, मोहाली के सहयोग से दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों की सहायतार्थ 9 दिसंबर से जिले के विभिन्न उपमंडलों में मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी ओ.पी शर्मा ने बताया कि इन शिविरों में पात्र दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए उनका पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर को बीडीओ ऑफिस बैजनाथ, 10 दिसंबर को सिविल अस्पताल जयसिंहपुर, 12 दिसंबर को राजकीय आईटीआई जवाली, 13 दिसंबर को बचत भवन नूरपुर, 14 दिसंबर को एसडीएम कार्यालय सभागार नगरोटा बगवां और 16 दिसंबर को बचत भवन देहरा में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध ली शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कांगड़ा स्थित धर्मशाला के कार्यालय में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय के समस्त अधिकारी तथा कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहा इस अवसर पर सभी कर्मचारियों की ओर से कार्यस्थलों पर लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध कार्य करने की शपथ ली गई। सभी अधिकारी तथा कर्मचारी वर्ग ने यह शपथ ली कि वह विश्व महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर हिंसा के खिलाफ हमेशा आवाज उठाएंगे और कभी मूकदर्शक बनकर नहीं रहेंगे इसके अतिरिक्त लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोड़ने तथा इसे पीड़ित व्यक्तियों को सहायता देने में पीछे नहीं रहेंगे। उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अश्विनी भट्ट ने सभी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अतिरिक्त निदेशक संजय ठाकुर सहायक जिला शारीरिक खेल अधिकारी दिनेश शर्मा अधीक्षक केशव शर्मा सहित कार्यालय की अभी महिला व पुरुष कर्मचारी उपस्थित रहे।



### प्रश्न पत्रों के लिए 2 दिसंबर से करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा द्वारा मार्च-अप्रैल 2025 में संचालित की जाने वाली नवमीं व ग्यारहवीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं के लिए बोर्ड द्वारा प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इसके लिए प्रदेश के समस्त राजकीय व निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य या मुख्याध्यापक नवमीं व ग्यारहवीं कक्षा की अलग-अलग कक्षावार व विषयवार प्रश्न-पत्रों की मांग को केवल ऑनलाइन माध्यम से 2 दिसंबर से 31 जनवरी तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें। नौवीं तथा ग्यारहवीं कक्षा के लिए परीक्षा शुल्क 150 रुपए निर्धारित किया गया है। बिना विलंब शुल्क 2 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आवेदन किया जा सकता है। 100 रुपए लेट फीस देकर 15 जनवरी, जबकि 200 रुपए की फीस देकर 31 जनवरी तक आवेदन किया जा सकता है।

---

पंचायत सचिवों, तकनीकी सहायकों एवं ग्राम सेवकों के साथ आयोजित बैठक में केवल पठानिया बोले-

# शाहपुर का समग्र विकास ही प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर विधानसभा क्षेत्र को विकास की दृष्टि से मॉडल विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करते हुए इसका समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए पंचायत स्तर पर पंचायत सचिवों, तकनीकी सहायकों तथा ग्राम सेवकों की टीम को अपना सकारात्मक योगदान सुनिश्चित करना होगा। यह उद्गार आज शुक्रवार को उपमुख्य सचेतक व विधायक शाहपुर केवल सिंह पठानिया ने विकास खंड कार्यालय परिसर रैत में कनिष्ठ अभियंता, पंचायत सचिवों, तकनीकी सहायकों तथा ग्राम सेवकों के साथ संबंधित पंचायतों के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए।



पंचायत सचिवों, तकनीकी सहायकों एवं ग्राम सेवकों के साथ बैठक करते पठानिया।

केवल पठानिया ने कहा कि गांवों के विकास को लेकर वे बहुत गंभीर हैं तथा इसके लिए वे सिलसिलेवार तरीके से ग्रामीण विकास से जुड़े कर्मचारियों के साथ बैठक करेंगे। इसी कड़ी में आज रैत ब्लॉक की 21 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण विकास से जुड़े कर्मचारियों के साथ वे बैठक कर रहे हैं। इसके बाद अन्य पंचायतों के कर्मचारियों से भी उनके वहां चल रहे विकास कार्यों का पूरा ब्योरा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शाहपुर में ग्रामीण विकास के तहत सरकार द्वारा अभी तक 6 करोड़ रूपये व्यय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी विकास कार्यों के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवाय योजना के तहत 800 से अधिक पात्र लाभार्थियों को गृह निर्माण की किस्त मिल गई है। केवल ने कहा कि आवास योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि को बढ़ाने की बात व सरकार के समक्ष रखेंगे। उन्होंने ग्रामीण विकास से जुड़े कर्मचारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में विकास खंड रैत की 21 पंचायतों से आए 16 पंचायत सचिव, 10 तकनीकि सहायक, 11 ग्राम रोजगार सेवक, 4 कनिष्ठ अभियंता और एक खंड अभियंता उपस्थित रहे।

### आईटीआई शाहपुर में कौशल विकास पर दिया जाएगा बल

केवल पठानिया ने आईटीआई शाहपुर में कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई शाहपुर को प्रदेश के सबसे पुराने संस्थानों में से एक होने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपनी विशेष पहचान रखने वाले इस औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कौशल विकास पर अधिक बल देने की आज जरूरत है। उन्होंने संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षार्थियों के कौशल विकास को लेकर विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य करेंइस दौरान उन्होंने आईटीआई शाहपुर में सीएसआर के अंतर्गत टोप्पन स्पेशलिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दिए गए पानी के कूलर, पॉलिप्रोपिलीन बैग तथा दो कंप्यूटर व प्रिंटर का लोकार्पण भी किया। उन्होंने प्रधानाचार्य व स्टाफ के साथ अन्य ट्रेड के बारे में भी विस्तृत चर्चा की।

# विस सत्र : डीसी ने अधिकारियों को दिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने धर्मशाला में होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए उचित प्रबंधों और व्यवस्थाओं को लेकर आज शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जिला प्रशासन और सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार, अतिरिक्त पुलिस वीर बहादुर, एडीएम डा हरीश गज्जू, सहायक आयुक्त सुभाष गौतम, एसडीएम धर्मशाला संजीव भोट सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष धर्मशाला में विधानसभा के शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक प्रस्तावित है। इसी के दृष्टिगत सभी विभाग विधानसभा सत्र के सफल संचालन हेतु अपनी जिम्मेदरियां सुनिश्चित कर समय से अपनी तैयारियां पूरी कर लें।

बैठक में विधानसभा सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम और विधानसभा सदस्यों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के ठहरने, यातायात प्रबंधन, पेयजल एवं बिजली आपूर्ति, खानपान, स्वास्थ्य और स्वच्छता व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंधों को लेकर चर्चा की गई।

हेमराज बैरवा ने सत्र के दौरान कानून व्यवस्था के साथ-साथ टेªफिक व्यवस्था को भी सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए समुचित प्रबंध करने को कहा। उन्होंने कहा कि सत्र में भाग लेने आने वाले अतिथियों के ठहरने और खाने इत्यादि भी उचित व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर विधानसभा परिसर तथा इसके आसपास पार्किंग इत्यादि के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई।

उन्होंने इस दौरान लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत, पुलिस, पर्यटन, स्वास्थ्य, सूचना एवं जन सम्पर्क, अग्निशमन, परिवहन सहित अन्य विभागों से जुड़े तमाम प्रबंधों की भी जानकारी ली एवं सम्बंधित अधिकारियों को अपने विभागों से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए।

# हरिपुर के कटोरा के 77 वर्षीय बुजुर्ग का जंगल में मिला शव

**अनंत ज्ञान, जवाली**

पुलिस थाना हरिपुर के तहत पड़ते गांव कटोरा के एक बुजुर्ग का शव जंगल में बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेर सिंह आयु 77 वर्ष पुत्र मेहतावा राम निवासी अपर कटोरा 24 नवंबर को सत्संग सुनने के लिए गया था, जो कि घर वापस नहीं लौटा था। परिवार के सदस्यों ने उनकी काफी खोजबीन की, लेकिन वह उनको ढूंढने में सफल नहीं हो पाए। इसके दो दिन बाद परिवार के सदस्यों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट नगरोटा सूरियां पुलिस चौकी में लिखवाई थी।

28 नवंबर को वहां के ग्रामीण जंगल की ओर गए थे तो वहां पर मेहंडू जंगल में पानी के एक नाले में उनके शव को देखा, जिसकी सूचना उन्होंने पंचायत प्रधान को दी। संबंधित पंचायत प्रधान ने इस बाबत पुलिस थाना हरिपुर में इसकी सूचना दी। सूचना पाते ही पुलिस थाना हरिपुर से एएसआई माया मच्छिंद्रनाथ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, तो शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देहरा अस्पताल भेजा गया है। पुलिस इस मामले में 194 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर रही है। वहीं, डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि नजर कमजोर होने के चलते व्यक्ति रास्ता भटक गया था, जो कि जंगल के पानी वाले नाले में गिर गया था। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करवाने के उपरांत परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

# राजस्व मामलों को बिना किसी कारण न लटकाएं

## उपायुक्त हेमराज बैरवा बोले, पंचायतों में विकास कार्यों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व मामलों को बिना किसी कारण के लटकाएं नहीं तथा राजस्व मामलों के निपटारे में देरी किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। ऐसे मामले जिनका समाधान आपके स्तर पर हो सकता है, उनका त्वरित निपटारा करें। शुक्रवार को कांगड़ा में उपमंडल स्तर में राजस्व तथा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षत करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि राजस्व के कार्य आम जनता के हितों से जुड़े हुए महत्वपूर्ण कार्य होते हैं। उपायुक्त ने इस दौरान तहसील और उप-तहसील स्तर पर अतिक्रमण, निशानदेही, तकसीम हुक्मी और खानगी, वारंट निष्पादन, इंतकाल (म्यूटेशन) तथा जमाबंदी के



मामलों के निपटारे की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राजस्व मामलों के समयबद्ध निपटारे पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर इसके लिए हर महीने के आखिरी दो दिन राजस्व अदालतें लगाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी रणनीति बनाकर राजस्व मामलों का निपटारा सुनिश्चित करें। छह महीने से अधिक लंबित मामलों को निपटाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

उन्होंने कहा कि पंचायतों के समग्र विकास में समाज की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गांवों में प्राकृतिक स्रोतों और अन्य संसाधनों के संरक्षण में समाज के सभी घटकों को जागरुक कर उनका सहयोग लेना चाहिए। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए खंड विकास अधिकारी की भूमिका अहम होती है।

उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को विकास के तय लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका योजना, स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण), ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले में महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य के साथ स्वयं सहायता समूहों के गठन पर बल दिया।

# चलवाड़ा विद्यालय के अधूरे भवन को लेकर एसएमसी और अभिभावकों ने खोला मोर्चा

**अनिल छांगू, जवाली**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चलवाड़ा में स्कूल के भवन का कार्य पूरा न होने पर स्कूल प्रबंधन समिति व अभिभावकों ने सरकार व लोक निर्माण विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अभिभावकों ने कहा कि 24 मई 2022 को तत्कालीन विधायक अर्जुन सिंह द्वारा इस स्कूल के भवन का शिलान्यास किया गया था तथा इसके लिए दो करोड़ 17 लाख रुपए की राशि मंजूर हुई, लेकिन आजतक इसका कार्य पूरा नहीं हो पाया है। पिछले छह माह से इसका कार्य बिल्कुल बंद पड़ा है। कड़कती सर्दी में बच्चों को बाहर ग्राउंड में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। ठंड में बाहर बैठकर पढ़ाई करने के कारण बच्चों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। स्कूल प्रबंधन समिति चलवाड़ा के प्रधान कुलवंत सिंह, सदस्य विपन कुमार, विजय कुमार, पवन कुमार, राजू, शामो देवी, स्नेहलता, अंजु बाला, शिवानी देवी सहित बच्चों के अभिभावकों ने कहा कि एक तरफ सरकार सरकारी स्कूलों में बच्चों को आलीशान भवन व बेहतर शिक्षा देने के दावे कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ बच्चों को पर्याप्त भवन न होने के कारण खुले मैदान में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। बच्चों के अभिभावकों ने कहा कि हम अपने बच्चों को स्कूल से निकलवाने के लिए मजबूर हैं।

स्कूल प्रबंधन समिति ने कहा कि हमने इसके बारे में लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह, कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार, शिक्षा निदेशक व लोक निर्माण विभाग को कई बार अवगत करवाया लेकिन आजतक कुछ भी नहीं हो पाया है। जब लोक निर्माण विभाग से अधूरे कार्य बारे पूछते हैं तो जवाब मिलता है कि अभी तक हमारे पास जितना बजट आया था, उसको खर्च किया जा चुका है। जब बजट आएगा तो आगे कार्य करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब इसके लिए बजट नहीं था तो कार्य लगाने की क्या जरूरत थी। उन्होंने चेताया है कि अगर एक सप्ताह में इसका अधूरा कार्य पूरा न किया गया तो सरकार व लोक निर्माण विभाग के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा। वहीं, इस बारे में लोक निर्माण विभाग जवाली के अधिशाषी अभियंता मनोहर लाल शर्मा ने कहा कि जितना हमें बजट मिला है, उससे जितना हो सकता था उतना कार्य करवा दिया गया है। हम कई बार शिक्षा विभाग को पत्राचार के माध्यम से अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अभी तक शिक्षा विभाग की तरफ से कोई भी पैसा नहीं आया है। जब बजट मिलेगा तो आगे का कार्य चालू कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# अवैध खनन करते पकड़े तीन टिप्पर, 6 लाख जुर्माना किया

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट जिला पुलिस की ओर से बिना बिल के रेत-बजरी ले जा रहे तीन टिप्परों को पकड़ गया है तथा उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें छह लाख रुपए जुर्माना किया गया है। थाना तारागढ़ के प्रभारी मनजीत सिंह ने बताया कि असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ टिप्पर बिना बिल के मैटीरियल लेकर जा रहे हैं। पुलिस टीम ने कीड़ी अड्डा में नाकाबंदी कर ली तथा तीनों टिप्परों को रोककर चालकों को बिल दिखाने को कहा। चालक उक्त माल का कोई भी बिल पुलिस तथा माइनिंग टीम को नहीं दिखा पाए, जिसके बाद पुलिस ने तीनों टिप्परों को दो-दो लाख रुपए व कुल छह लाख रुपए जुर्माना कर दिया।

# पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के आवास के बाहर से हैंडपंप की मोटर चोरी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के बिलासपुर आवास से एक रात पूर्व चोर हैंडपंप की सबमर्सिबल मोटर चुराकर ले गए। थाना सदर पुलिस ने पूर्व विधायक बंबर ठाकुर की शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि उन्होंने अपने आवास के बाहर हैंडपंप की सबमर्सिबल मोटर रखी थी, जिसे कोई गत मध्यरात्रि को चुराकर ले गया। डीएसपी बिलासपुर ने मामले की पुष्टि की है।

# एलईडी का डिस्प्ले खराब कंपनी देगी 45000 रुपए

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला, जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश ने शिकायतकर्ता को 35,400 रुपए 9 प्रतिशत ब्याज के साथ 5,000 रुपए मानसिक उत्पीड़न के लिए और 5,000 रुपए मुकदमा खर्चा, हेयर प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली द्वारा देने के लिए आदेश दिए। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता वनिता कुमारी निवासी तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा ने 35400 में एलईडी खरीदी, जिसमें कुछ समय के बाद इसकी डिस्प्ले में कलर प्रॉब्लम आना आरंभ हुई जिसके बारे में शिकायतकर्ता ने कंपनी को अवगत करवाया, शिकायतकर्ता को कंपनी के द्वारा वारंटी कार्ड भी न दिया गया था। शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत इनके टोल फ्री नंबर पर की थी, टेक्नीशियन द्वारा इस प्रॉब्लम को ठीक न किया गया। उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने डिफिशिएंसी सर्विसेज एवं मैन्यूफैक्चरिंग डिफेक्ट का हवाला देते हुए शिकायतकर्ता को 35,400 रुपए नौ प्रतिशत ब्याज के साथ एवं 5,000 रुपए मानसिक उत्पीड़नता और 5,000 रुपए मुकदमा खर्चा, हेयर प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली द्वारा देने के आदेश दिए हैं।

# स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**धर्मशाला।** जिला कांगड़ा स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक मीटिंग हॉल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश सूद ने किया। जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुलेरी ने आमजनमानस तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। डॉ. गुलेरी ने सभी एमओ को दिशानिर्देश दिए की हेल्थ वेलनेस सेंटर स्तर पर दौरा करके लोगों की स्वास्थ्य जांच करें। डॉ. गुलेरी ने निर्देश देते हुए कहा कि चिकित्सा अधिकारी समुदाय में स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़ी जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य वार्ता दें। डॉ गुलेरी ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मासिक बैठक में विभिन्न विषयों पर की गई चर्चाओं की जानकारी हेल्थ ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाली मासिक बैठक में भी विस्तार से बताएं।




**स्पोर्ट्स**

## ढलियारा कॉलेज में चल रहे चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# ऊना को हराकर खड्ड कॉलेज बना विजेता

**शुभम शर्मा, देहरा**

राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में चल रहे चार दिवसीय अंतर महाविद्यालय फुटबाल टूर्नामेंट का शुक्रवार को विधिवत समापन हुआ, जिसमें कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र मनकोटिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में टाइम के दौरान स्कोर 0-0 रहा और पैनल्टी शूटआउट में राजकीय महाविद्यालय खड्ड की टीम ने ऊना महाविद्यालय की टीम को पेनल्टी शूट के द्वारा 4-0 शिकस्त देकर अंतर महाविद्यालय टूर्नामेंट का खिताब



फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता ऊना कॉलेज की टीम मुख्यातिथि व अन्य के साथ।

अपने नाम किया। पिछले वर्ष भी राजकीय महाविद्यालय खड्ड की टीम ऊना महाविद्यालय की टीम को शिकस्त दी थी और इस बार लगातार दूसरी बार खड्ड महाविद्यालय ने ये खिताब अपने नाम किया इस मौके पर कॉलेज प्रशासन ने मुख्यातिथि को शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए पूर्व कामगार कल्याण बोर्ड के चेयरमेन व जसवां परागपुर के प्रत्याशी सुरेंद्र मनकोटिया ने बताया कि वह इस कॉलेज के छात्र है और आज इसी प्रांगण में मुख्यातिथि बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार निशु, सुतींद्र महंत, ब्रह्मदास, करण पठानिया, स्वदीप सूद, कुशल सिपहिया, मनोहर चौहान, सुनील कुमार, राजकुमार, सुरजीत सिपहिया, अश्वनी शर्मा, दिनेश कुमार, करतार जस्सल, मुकेश पंडित, अमित राणा, प्रो. सुशील, प्रो राजीव रत्न, ओंकार चंद, अमित शर्मा, संजय मनकोटिया, राज मनकोटिया और अन्य व्यक्ति मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# होमगार्ड स्थापना दिवस पर बिलासपुर जिले की टुकड़ियां भी लेंगी भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आदेशक गृह रक्षा पांचवीं वाहिनी बिलासपुर कुशल चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश गृह रक्षा संगठन कर 62वीं स्थापना दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 6 दिसंबर को ऐतिहासिक रिज मैदान शिमला में मनाया जा रहा है, जिसमें गृह रक्षा 5वीं वाहिनी बिलासपुर के पुरुष गृह रक्षक महिला गृह रक्षक तथा गृह रक्षक बैंड भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सामान्य परिस्थियों व आपातकाल के समय गृह रक्षकों का लोगों की जान माल की सुरक्षा व सहायता में अहम योगदान रहता है। इसके साथ-2 गृह रक्षक वर्ष भर पुलिस प्रशासन के साथ कानून व्यवस्था, यातायात ड्युटी, महत्वपुर्ण स्थानों की सुरक्षा, मंदिर की सुरक्षा, विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा व चुनाव कर्तव्य इत्यादि में गृह रक्षकों का महत्वपुर्ण योगदान रहता है।

## न्यूज ब्रीफ

### नशा शरीर को खोखला कर देता है : अंजना कौंडल



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बड़ा में नशा निवारण समिति के सौजन्य से नशा निवारण के ऊपर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कौंडल ने की। प्रिंसिपल ने इस दौरान विद्यार्थियों कों मादक पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नशा एक धीमा जहर है, जो आदमी के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। नशा निवारण समिति की प्रभारी वंदना शर्मा (प्रवक्ता वाणिज्य) ने छात्रों कों नशे के विभिन्न प्रकारों एवं उससे शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया तथा विद्यार्थियों कों अच्छी संगति अपनाने, संयम दृढ़ इच्छा शक्ति, स्वास्थ्य पूर्ण जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्कूल में स्लोगन राइटिंग एवं पेंटिंग आदि गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा कस्बा में लोगों कों नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए एक जागरूकता रैली भी निकाली, जिसमें स्कूल के प्रवक्ता सुरिंद्र सिंह, वीर सिंह, मनोज कुमार, अंकुश, किरण देवी, सपना शर्मा ने विशेष रूप से भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### राज राजेश्वरी कॉलेज में छात्रों को बताए नैतिक मूल्य



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा एक्सटेंशन लेक्चर की श्रृंखला को जारी रखते हुए लेक्चरर संतोष कुमार द्वारा फैकल्टी एक्सटेंशन लेक्चर दिया गया। संतोष कु मार के व्याख्यान का विषय 'नैतिक शिक्षा' था। व्याख्यान का समन्वय अजय कुमार ने किया। संतोष कुमार ने बताया कि नैतिक शिक्षा के द्वारा व्यक्ति में नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों को विकसित किया जाता है। यह शिक्षा व्यक्ति को नैतिक निर्णय लेने और जिम्मेदारी से काम करने में मदद करती है। संतोष कुमार ने बच्चों को कहानियों और उदाहरणों के माध्यम से नैतिक मूल्यों को व्यावहारिक जीवन में लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया। राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय इस प्रकार के व्याख्यान के द्वारा लोगों को अपने ज्ञान और कौशल को साझा करने के लिए अवसर प्रदान करता है, जिससे समाज में ज्ञान और कौशल का प्रसार होता है। व्याख्यान के अंत में कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने इस तरह के अनूठे व्याख्यान के लिए संतोष कुमार का धन्यवाद किया। इस उपलक्ष्य पर राज राजेश्वरी शिक्षा सोसायटी के सचिव कुलबीर सिंह, बीएड, डीएलएड तथा बीए के सभी छात्र व संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

### नर्सिंग कॉलेज में डॉ. प्रिया ने व्यक्तित्व विकास पर दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गौतम कॉलेज ऑफ नर्सिंग में डॉ. बानू प्रिया शर्मा ने व्यक्तित्व विकास के बारे में अपने विचार साझा किए। डॉ बानू शर्मा ने बताया कि हमारा व्यक्तित्व किस प्रकार हमारी जीवन शैली को प्रभावित करता है। इस गेस्ट लेक्चर में कॉलेज के प्राचार्य डॉ नेहा शर्मा एवं नैक समन्वयक डॉ रत्न शर्मा ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ बानू शर्मा को कॉलेज प्रबंधन ने सम्मानित भी किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकों व छात्रों ने भाग लिया।

### भोरंज में में 33 यूनिट ब्लड किया इकट्ठा



**एसके शर्मा, जाहू।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोरंज में रेड रिबन क्लब के सौजन्य से स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. करण सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोरंज से कमलेश शर्मा, प्रयोगशाला तकनीशियन ब्लड बैंक हमीरपुर मंजू चंदेल, ब्लड बैंक हमीरपुर रितु शर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टौणी देवी, सीखा प्रोजेक्ट समन्वयक हमीरपुर ट्विंकल शर्मा, समन्वयक लैब टेक्नीशियन टौनी देवी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस स्वास्थ्य कैंप में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण शिक्षण संस्थान भोरंज के स्टाफ व परीक्षार्थियों ने भाग लिया। इस स्वास्थ्य कैंप में 24 प्रशिक्षणार्थियों व 9 कर्मचारियों ने रक्तदान किया और 15 डोनेटर अस्थागीत रहे। इस अवसर पर एचबी के 48 टेस्ट, एचआईवी के 43, एचसीवी के 43, हेपेटाइटिस के 43, स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा लोगों के किए गए। इस रक्तदान शिविर में कुल 170 लोगों के मेडिकल टेस्ट किए गए, जिसमें कोई भी किसी भी बीमारी से ग्रसित नहीं पाया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा इस रक्तदान शिविर में 33 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ब्रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी राजकुमार ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम व सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया। इस रक्तदान शिविर में प्रधानाचार्य राजेश कुमार, संजीव कुमार, अनुदेशक राजकुमार, अश्विनी कुमार, अनुदेशक संजय कुमार, विशाल शर्मा, संजीव कुमार, अरुण कुमार व अभिषेक कौशल आदि ने रक्तदान किया। (अनंत ज्ञान)

**भोटा चैरिटेबल अस्पताल मामला : लोगों ने किया शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन, चार दिन से सैकड़ों लोग अस्पताल बंद करने के विरोध में कर रहे चक्का जाम**

# मुख्यमंत्री के बैठक बुलाए जाने के निर्णय पर लोगों ने टाला चक्का जाम

रवि ठाकुर, हमीरपुर

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पहली दिसंबर को भोटा चैरिटेबल अस्पताल के बंद किए जाने के मामले को लेकर शिमला में बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय के चलते शुक्रवार को लोगों ने शांतिपूर्वक ढंग से प्रदर्शन किया है। राधा स्वामी चैरिटेबल अस्पताल भोटा के पहली दिसंबर से बंद किए जाने के विरोध में लोगों ने शुक्रवार को भी गेट के बाहर शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया है।

वहीं, पिछले चार दिन से लोगों के द्वारा चक्का जाम किया जा रहा था, लेकिन अब मुख्यमंत्री सुक्खू के द्वारा पहली दिसंबर को शिमला में राधा स्वामी चैरिटेबल अस्पताल के





शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन करते लोग, वहीं अस्पताल के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ जवान तैनात हैं, एएसपी राजेश के साथ एचएचओ ने संभाला रखा है मोर्चा।

पदाधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा कर इस समस्या का हल निकालने की बात कही है, जिससे लोगों ने केवल मात्र गेट के बाहर हाथों में तख्तियां लेकर धरना दिया है।

वहीं, लोगों के द्वारा रोजाना चक्का जाम किए जाने से हो रही परेशानी से निपटने के लिए सुबह से ही भारी संख्या में पुलिस जवान अस्पताल के बाहर मौजूद रहे हैं और एएसपी राजेश ने भी मोर्चा संभाले रखा है।

प्रदर्शन कर रहे रिटायर्ड एसडीओ रविंद्र खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के द्वारा पहली दिसंबर को अस्पताल प्रबंधन के साथ बातचीत करने के निर्णय का स्वागत करते हैं। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से गुहार लगाई है कि अस्पताल को बंद करने का फैसला सही नहीं है और इस पर पुनर्विचार करे। उन्होंने कहा कि अगर सरकार के साथ अस्पताल को खुलवाने के प्रयास नाकाम रहे हैं तो लोग उग्र आंदोलन किया जाएगा।

धरना देने आई महिलाओं ने बताया कि भोटा अस्पताल में सालों से मुफ्त इलाज होता है और सभी लोग चाहते हैं कि यह अस्पताल बंद नहीं होना चाहिए। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि भोटा चैरिटेबल अस्पताल बंद नहीं होना चाहिए क्योंकि इसमें हर तरह की सुविधा मिलती है।

डिडवीं टिक्कर से आए हुए व्यक्ति ने बताया कि पिछले पांच दिन से भारी संख्या में लोग धरना प्रदर्शन के लिए पहुंच रहे हैं क्योंकि पहली तारीख से अस्तपाल बंद करने के लिए नोटिस लगाया गया है। उन्होंने बताया कि एक हजार गांवों के लोग अस्पताल में फ्री में इलाज की सुविधा ले रहे हैं, इसलिए लोग अस्पताल बंद होने से आहत हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के बैठक बुलाने पर लोगों में खुशी है और उम्मीद है कि 2 दिसंबर को हल निकल जाएगा।

धरने पर बैठी बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि भोटा अस्पताल बंद नहीं होना चाहिए और इसका कोई हल निकाल कर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुचारु रूप से चलनी चाहिएं। उन्होंने कहा कि यदि इसका कोई हल नहीं निकला तो महिलाएं आगे भी अस्पताल को बंद करने के निर्णय के विरोध में धरना-प्रदर्शन करेंगी। (अनंत ज्ञान)

## आईटीआई प्रशिक्षुओं ने दिया सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश




**हमीरपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि हमीरपुर के थाना प्रभारी ललित महंत ने संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों और शिक्षकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सड़क पर सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाना केवल हमारी सुरक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने साइबर क्राइम्स, महिला सुरक्षा, नशा निषेध विषयों पर भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आम लोगों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न उपायों से अवगत करवाया। कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। संस्थान के प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए थाना प्रभारी का आभार व्यक्त किया।

## कार्यशाला में छात्रों को दी चित्रकला की जानकारी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में पीएम श्री योजना के अंतर्गत बैगलेस डे के दौरान विद्यार्थियों के लिए आर्ट (चित्रकला) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन चित्रकार राम सिंह द्वारा किया गया जिसमें सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों को चित्रकला की जानकारी, रंगों की जानकारी, नए रंग बनाना, चित्रों को मापना, पेंटिंग करना, कलाकृतियां बनाना आदि सिखाया गया।

कार्यशाला में छात्र उत्साहित नजर आए और छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यशाला के दौरान स्वयं छात्रों ने भी



केंद्रीय विद्यालय में चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अनेक चित्र बनाने का अभ्यास किया। छात्रा सोनल सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला में चित्रों की बारीकियां और चित्रों में रंगों को संयोजन करना सीखा। छात्रा इशिका ठाकुर ने बताया कि इस कार्यशाला में पेंसिल और ब्रश का प्रयोग करना एवं चित्रों को प्रकाश और छायांकित करने की विधि को सिखाया गया।

इस कार्यशाला के संयोजक कला शिक्षक कमल किशोर ने बताया कि हम चित्रों के माध्यम से हमारे मनोभाव और विचारों को व्यक्त कर सकते हैं और बच्चों में कला से रचनात्मक कौशल का विकास होता है। कार्यशाला में बनाई गई पेंटिंग की विद्यालय में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील चौहान ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हम इन चित्रों, पेंटिंग के द्वारा हमारे घरों की सजावट कर सकते हैं।

## नशा समाज के साथ परिवार को भी करता है प्रभावित : डॉ. सौरभ

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

जिला कल्याण कार्यालय हमीरपुर के सौजन्य से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से ड्रग की मांग में कमी लाने विषय पर करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सौरभ कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर असलम बेग सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी (सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) हमीरपुर, विशेष अतिथि शशि पॉल शर्मा सबडिवीजन मजिस्ट्रेट भोरंज उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यातिथि ने कहा कि नशा समाज के लिए ऐसा दीमक है जो समय से पहले ही जीवन को समाप्त कर रहा है। नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति न केवल अपनी शारीरिक हानि करता है बल्कि अपने परिवार के साथ-साथ सामाजिक वातावरण को भी दूषित करता है। नशे के प्रभाव से बच्चे, बुजुर्ग और युवा कोई भी अछूता नहीं है। मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभाव से सिर्फ भारत ही नहीं पूरा विश्व जूझ रहा है।

युवा पीढ़ी इसका शिकार होकर अपने भविष्य को नष्ट कर रही है, स्त्रियां इसके कारण उत्पीड़न का शिकार हो रही हैं। सब्डिविजन मजिस्ट्रेट ने कहा कि भारत नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी की गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, जो लाखों लोगों, विशेषकर युवाओं के स्वास्थ्य, कल्याण और सुरक्षा को प्रभावित करता है। अफीम और भांग भारत में सबसे अधिक उगाई और खाई जाने वाली नशीली दवाएं हैं। सरकार ने अवैध फसलों को नष्ट करने, नशीले पदार्थों को जब्त करने, तस्करों को गिरफ्तार करने सहित समाज पर मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करना तथा मादक द्रव्यों पर निर्भर के प्रति भेदभाव और कलंक को कम करना, ताकि उन्हें समाज में वापस शामिल किया जा सके।

इस अभियान में एक प्रमुख पहल जागरूकता और शिक्षा पर जोर देना है। सरकार स्कूलों और कॉलेजों में शैक्षिक कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशीली दवाओं के उपयोग से जुड़े खतरों के बारे में जानकारी देना है। इस कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी भोरंज, थाना प्रभारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी जिला कल्याण अधिकारी, इंचार्ज इंटीग्रेटेड रिहैबिलिटेशन सेंटर फॉर एडिक्ट व विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार गुलशन भी उपस्थित रहे।




करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में नशे को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## होमगार्ड्स के स्थापना दिवस समारोह में हमीरपुर की टुकड़ी भी लेगी भाग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा के 63वें स्थापना दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 6 दिसंबर को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में आयोजित किया जाएगा। गृह रक्षा की दसवीं वाहिनी हमीरपुर के कमांडेंट विनय कुमार (सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कमांडर) ने बताया कि इस समारोह में दसवीं वाहिनी के पुरुष गृह रक्षकों की एक टुकड़ी और 2 महिला गृह रक्षक भी भाग लेंगी। कमांडेंट ने बताया कि दसवीं वाहिनी के पुरुष एवं महिला गृहरक्षक आपात परिस्थितियों के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस के साथ बचाव कार्यों में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। इसके अलावा कानून एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने, मंदिरों एवं अस्पतालों में सुरक्षा ड्यूटी, कोषागार की सुरक्षा, रात्रि गश्त और कई अन्य कार्यों में भी गृहरक्षक हमेशा तत्पर रहते हैं। हिमाचल प्रदेश गृहरक्षा एवं नागरिक सुरक्षा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर 4 से 6 दिसंबर तक शिमला के रिज मैदान पर कई गतिविधियां एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें बैंड डिस्प्ले एवं बैंड प्रतियोगिता, मार्चपास्ट, आपदा प्रबंधन से संबंधित उपकरणों की प्रदर्शनी, अग्निशमन के ऐतिहासिक वाहनों की प्रदर्शनी और अन्य गतिविधियां शामिल हैं।

## विधायक रंजीत ने नवाजे चौरी विद्यालय के मेधावी



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** चौरी विद्यालय के वार्षिक पारितोषक वितरण समारोह में विधायक रंजीत सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। विधायक ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम किए गए, जिसके लिए विधायक ने उनकी खूब तारीफ की और कहा की प्रतिभा कोई मंच नहीं मांगती। इस मौके पर राजिंदर वर्मा, प्यार चंद ठाकुर, सचिन ठाकुर, विद्यालय के प्रधानाचार्य समस्त स्टाफ व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## ई-केवाईसी जल्द करवाएं लंबलू उपमंडल के छूटे बिजली उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के सहायक अभियंता विजय सिंह ने अभी तक ई-केवाईसी न करवाने वाले उपमंडल के घरेलू कनेक्शन धारक उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे दिसंबर के पहले सप्ताह तक अपनी ई-केवाईसी करवा लें। विजय सिंह ने बताया कि ई-केवाईसी के दौरान घरेलू बिजली मीटर नंबर को उपभोक्ता के आधार नंबर से लिंक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपमंडल में बिजली कर्मचारी एक बार फिर घर-घर जाकर छूटे उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी कर रहे हैं।

इस प्रक्रिया के लिए उपभोक्ता अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड और मोबाइल नंबर पहले से ही तैयार रखें। सहायक अभियंता ने बताया कि उपभोक्ता उपमंडल कार्यालय में आकर ई-केवाईसी करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी न करने वाले उपभोक्ता बिजली बिल में मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं से वंचित रह सकते हैं, इसलिए सभी विद्युत कनेक्शनधारक ई-केवाईसी अवश्य करवाएं।

## यशपाल जयंती पर 3 दिसंबर को हमीरपुर कॉलेज में होगा राज्य स्तरीय समारोह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाषा एवं संस्कृति विभाग नियमित रूप से प्रदेश की महान विभूतियों की जयंती मनाता आ रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इन महान विभूतियों के आदर्शों और उनके द्वारा किए गए कार्यों का स्मरण रहे तथा वे इनका अनुसरण कर सकें। इसी कड़ी में विभाग 3 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश के क्रांतिकारी एवं साहित्यकार यशपाल की जयंती के उपलक्ष्य पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के सभागार में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित करने जा रहा है। जिला भाषा अधिकारी निक्कू राम ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रातः 11 बजे लेखक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. चमन लाल अपना शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे, जिसका विषय 'यशपाल के जीवन में क्रांति और साहित्य का सामंजस्य' है। इसके बाद प्रदेशभर से आए साहित्यकार इस शोधपत्र पर चर्चा करेंगे। दूसरे सत्र में रूपी सिराज कला मंच कुल्लू द्वारा यशपाल की कहानियों पर आधारित नाटक का मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी यशपाल कहानीकार के साथ-साथ उपन्यासकार भी थे। उनकी कहानियों और उपन्यासों के अनुवाद मराठी, गुजराती, तेलगु, मलयालम, अंग्रेजी, रूसी और फ्रेंच भाषाओं में भी प्रकाशित हुए हैं। इनके 50 से अधिक कहानी संग्रह, उपन्यास, लेख संग्रह, नाटक व जेल संस्मरण प्रकाशित हुए हैं।

## उद्यान विभाग के उपनिदेशक की सलाह फलदार पौधों को कोहरे से बचाएं

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

सर्दियों में कोहरे से फलदार पौधों के बचाव हेतु उद्यान विभाग ने जिला के बागवानों के लिए विशेष हिदायतें जारी की हैं। विभाग के उपनिदेशक राजेश्वर परमार ने बताया कि छोटे या बड़े सभी फलदार पौधों पर कोहरे का बहुत बुरा असर पड़ता है, जिससे बागवानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उपनिदेशक ने बताया कि सर्दी के मौसम में कोहरे और कम तापमान की वजह से पौधों की कोशिकाएं पानी के जमाव से फट जाती हैं, जिससे पौधों की बढ़ोतरी तथा पैदावार पर प्रतिकूल असर पड़ता है। फल खराब हो जाते हैं और फूल झड़ने लगते हैं। हमीरपुर जिले में कोहरे से प्रभावित होने वाली मुख्य फलदार फसलें आम, लीची, पपीता, अमरूद तथा नींबू प्रजाति के पौधे हैं। ज्यादा कोहरा पड़ने से आम के पौधे सूख जाते हैं। बाकी फलदार पौधों में भी वृद्धि कम हो जाती है और आने वाले सीजन में फूल कम आते हैं तथा पैदावार घट जाती है।



राजेश्वर परमार ने बताया कि तीन महीनों से बारिश न होने से सूखे जैसे हालात पैदा हो गए हैं, जिस कारण कोहरा पड़ने कि आशंका बढ़ गई है। इसको देखते हुए बागवान विशेष ऐहतियात बरतें। उन्होंने बताया कि कोहरे से प्रभावित क्षेत्रों के लिए उन्हीं फलदार पौधों का चयन करना चाहिए, जिससे कोहरे के प्रति प्रतिरोधक क्षमता हो। छोटे फलदार पौधों को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। इन पौधों के ऊपर छत बनाकर ढक देना चाहिए। यह भी ध्यान रखें कि इनकी दक्षिण-पूर्व दिशा धूप एवं हवा के लिए खुली हो। कोहरा पड़ने की आशंका की स्थिति में हल्की सिंचाई के साथ-साथ पौधों पर पानी का छिड़काव करना चाहिए ताकि बगीचों का तापमान 1-2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सके। शाम के समय सूखे अवशिष्ट, घास तथा सूखे पतों को जला कर धुआं पैदा करके भी बगीचे का तापमान बढ़ाया जा सकता है। फलदार पौधों की नर्सरियों मुख्यत: आम की नर्सरी को कोहरे से बचाने हेतु फल पौधशालाओं को नाइलोन की 50 प्रतिशत छाया वाली जाली से ढक देना चाहिए।

फलदार पौधों में अनुमोदित मात्रा में पोटाश खाद देने से उनकी कोहरा सहने की क्षमता बढ़ती है। उन्होंने बताया कि बड़े फलदार पौधों के तनों में वोर्डो मिक्सचर (एक किलो कॉपर सल्फेट, एक किलो अनबुझा चूना और 1-3 लीटर अलसी का तेल) या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड का मिश्रण बनाकर जमीन से डेढ़-दो फुट ऊपर तक तनों पर लेप लगाना चाहिए। राजेश्वर परमार ने कहा कि फलदार पौधों की किसी भी समस्या के समाधान के लिए बागवानी विभाग के निकटतम कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

**कार्य** व्यापारियों ने प्रशासन का किया सहयोग

## भरेड़ी में जल्द बनेगा फुटपाथ और नालियां



एसके शर्मा, जाहू

उपमंडल भोरंज के तहत कस्बे भरेड़ी में बस ठहराव से पीएनबी भरेड़ी की तरफ सड़क के दोनों ओर लोक निर्माण विभाग ने फुटपाथ निर्माण व नालियों के निर्माण के लिए निशान लगाए थे। स्थानीय लोगों को स्वयं तोड़ने के निर्देश दिए थे, जिस पर स्थानियों व्यापारियों ने विभाग का सहयोग दिया और स्वयं इस अवैध निर्माण को तुड़वा दिया, जिस पर विभाग ने लोगों का धन्यवाद किया है।

विभाग ने शुक्रवार को तोड़े हुए मलबे को उठवा दिया है। इससे शीघ्र ही भरेड़ी में फुटपाथ व नालियों के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। वहीं, बस्सी से तताहर सड़क पर पुलियों का कार्य भी पूरा हो गया है, जिससे सड़क का कार्य भी जल्द शुरू हो जाएगा। इस पर क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। उधर, इस बारे लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि व्यापारियों ने सहयोग किया है।

शीघ्र ही नालियों व फुटपाथ का कार्य शुरू हो जाएगा व बस्सी से तताहर सड़क पर पुलियों का कार्य भी पूरा हो गया है, जिससे सड़क का कार्य भी जल्द शुरू हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)




**कार्यालय ग्राम पंचायत री, विकास खंड सुजानपुर टीहरा, जिला हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)**

**कोटेशन/ निविदा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत के विभिन्न शीर्ष अंतर्गत कार्यों विकास मार्च 2025 तक निष्पादित करने के लिए निर्माण सामग्री हेतु कोटेशन/निविदा आमंत्रित की जानी हैं। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है :-

| S: NO | DESCRIPTION OF ITEM | UNITS | QUANTITY | REMARKS |
|---|---|---|---|---|
| 1 | STEEL WORK IN ALL SECTIONS (SQURE,CIRCULAR, RECTANGULAR ALLSHAPES ERW PIPES)HAVING PROVIDING AND FIXING WITH AND WITHOUT AND TWO COATS OF PRIMER AND ONE COAT OF PAINT. | KG | | including FOR at site and including all taxes |
| 2 | GI SHEEET IN ROOFING (FOR ALL TYPES OF SHAPES AND COLOURS) PROVIDING AND FIXING COMPLETE | KG | | including FOR at site and including all taxes |
| 3 | PROVIDING AND FIXING OF BP SHEET FOR CEILING WITH PRESCRIBED THICKNESS | SQFT | | including FOR at site and including all taxes |
| 4 | PROVIDING AND FIXING MS JALI FOR RAILING | SQFT | | including FOR at site and including all taxes |
| 5 | PERFORATED BRICK | NO | | including FOR at site and including all taxes |
| 6 | FLOOR TILES 600X600 | SQFT | | including FOR at site and including all taxes alson i/c Grout |
| 7 | FLOOR TILES 600X1200 | SQFT | | including FOR at site and including all taxes alson i/c Grout |
| 8 | FLOOR TILES 300X300 | SQFT | | including FOR at site and including all taxes alson i/c Grout |
| 9 | WALL TILES 450X300 | SQFT | | including FOR at site and including all taxes alson i/c Grout |
| 10 | WALL TILES 600X300 | SQFT | | including FOR at site and including all taxes alson i/c Grout |
| 11 | WALL TILES 600X200 | SQFT | | including FOR at site and including all taxes alson i/c Grout |
| **12** | **SANITARY WORK :-** | | | |
| 13 | PROVIDING AND FIXING ENGLISH WC WITH ALL FITTINGS COMPLETE | NO | | including FOR at site and including all taxes |
| 14 | PROVIDING AND FIXING WASH BASIN WITH PEDESTAL AND WITH VANITY ALL ASSESORIES | PER NO all taxes | | including FOR at site and including |
| 15 | ENAMEL PAINT,APEX,EXCEL | LTR | | including FOR at site and including all taxes |
| 16 | WALL CARE PUTTY | KG | | including FOR at site and including all taxes |
| 17 | PVC PIPE 75MM (P/F) & 110MM (P/F) | RFT | | including FOR at site and including all taxes |
| 18 | CPVC PIPES (15MM) (P/F), CPVC PIPES (20MM) (P/F), CPVC PIPES (25MM) (P/F), CPVC PIPES (32MM) (P/F) | RFT | | including FOR at site and including all taxes |
| 19 | PVC TANK 500 LTR (P/F) IN ALL ASSESORIES | NO | | including FOR at site and including all taxes |
| 20 | PVC TANK 1000 LTR (P/F) IN ALL ASSESORIES | NO | | including FOR at site and including all taxes |
| 21 | ALLUMINIUM DOORS ALONG WITH SIZE | SQFT | | including FOR at site and including all taxes |
| 22 | ALLUMINIUM WINDOW ALONG WITH SIZE | SQFT | | including FOR at site and including all taxes |
| 23 | ALLUMINIUM VENTELATOR ALONG WITH SIZE | SQFT | | including FOR at site and including all taxes |
| 24 | PVC WALL CLADDING | SQFT | | including FOR at site and including all taxes |
| 25 | PVC CEILING | SQFT | | including FOR at site and including all taxes |
| 26 | ROLLING SHUTTER | PER NO | | including FOR at site and including all taxes |
| 27 | ELECTRICAL ITEMS (FAN,TUBES,BULBS) ALL AS PER LOAD ( eg Watt etc.) | PER NO | | including FOR at site and including all taxes |
| 28 | TOR STEEL (8MM,10MM,12MM,16MM) AS PER LOAD ( eg Watt etc.) | KG | | including FOR at site and including all taxes |

उपरोक्त निविदा कोटेशन/निविदा विज्ञापन प्रकशित होने के 10 दिनों के भीतर ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। संबंधित फर्म का जीएसटी नम्बर होना अनिवार्य है।

सचिव/प्रधान
कार्यालय ग्राम पंचायत री

## न्यूज ब्रीफ

### भरमौर स्कूल में करवाया पारितोषिक वितरण समारोह



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर का पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष चमन शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। स्कूल की प्रधानाचार्य अरुणा चारक ने स्कूल की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय में 300 के लगभग छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण प्राप्त कर रहे हैं। इसके अलावा मुख्यातिथि ने प्रथम एवं विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कार भी वितरित किए। इस अवसर पूर्व प्रधानाचार्य कुलदीप ठाकुर, पूर्व प्रधानाचार्य प्रकाश भारद्वाज , पूर्व शारीरिक शिक्षक कृष्ण चंद ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नीलम ठाकुर, ओम प्रकाश, विजय शर्मा, विजय कुमार, कृष्ण पखरेतिया, चमन सिंह, मंजीत सिंह, विवेक शर्मा, गणेश शर्मा, करनैल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कुलदीप पठानिया 3 से 5 दिसंबर तक चंबा के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया आगामी 3 से 5 दिसंबर तक जिला चंबा के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष 3 दिसंबर को बाद दोपहर 12:30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगढार के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। पठानिया 4 दिसंबर को प्रातः 10:00 बजे जिला मुख्यालय चंबा के बचत भवन में सर्दी के मौसम के दौरान आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारीयों की समीक्षा बैठक, 11:30 बजे सुशासन सूचकांक के तहत जिला चंबा के प्रदर्शन से संबंधित समीक्षा बैठक, तथा बाद दोपहर 12:30 बजे एनएचपीसी के उच्च अधिकारियों के साथ सीएसआर से अंतर्गत कार्यों की समीक्षा से संबंधित आयोजित बैठक की अध्यक्षता करेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया 5 दिसंबर को प्रातः 11:30 बजे ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल सिंहुता के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। 6 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष बाद दोपहर 12:30 बजे सिंहुता से शिमला के लिए रवाना होंगे।

### हरीश शर्मा को सौंपी पंचायत सचिव संघ भरमौर की कमान



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** जिला परिषद कैडर पंचायत सचिव संघ भरमौर की कमान हरीश शर्मा को सौंपी गई है। शुक्रवार को हुई चुनावी प्रक्रिया में हरीश शर्मा को संघ की भरमौर ईकाई का अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुन लिया गया है। जिला परिषद कैडर पंचायत सचिव संघ की भरमौर ईकाई की एक अहम बैठक शुक्रवार को उपमंडल मुख्यालय में हुई। बैठक में संघ के अध्यक्ष पद के लिए सदस्यों ने एक स्वर में हरीश शर्मा का नाम प्रमुखता के साथ सामने रखा। उन्हें सर्वसम्मति से संघ की भरमौर ईकाई का अध्यक्ष चुन लिया गया है। कुलदीप कुमार को सचिव, कमल सिंह को कोषाध्यक्ष, दीपक को संयुक्त सचिव, गौरव को उपाध्यक्ष, राजिंद्र को मीडिया प्रभारी और भिंद्र कुमार तथा पवन कुमार को संघ का मुख्य सलाहकार का दायित्व सौंपा गया गया है। जबकि श्रेष्ठा देवी, मीना देवी, स्वर्णा देवी तथा विक्रमा देवी को सर्वसम्मति से संघ का सलाहकार नियुक्त किया गया है।

### डाइट सरू में मनाया जिला स्तरीय विश्व एड्स दिवस

**अनंत ज्ञान, चंबा ।** जिला स्तरीय विश्व एड्स दिवस सरू में डॉ. करण हितैषी की अध्यक्षता में मनाया गया। डॉ. करण ने बताया कि हिमाचल में 7500 लोग एचआईवी के साथ जी रहे हैं और जिला चंबा में इनकी संख्या 160 है। इन 160 लोगों को एआरटी दवाई लेने के टांडा मेडिकल कॉलेज में जाना पड़ता था जो कि अब शीघ्र ही यह सुविधा राजकीय आयुर विज्ञान महाविद्यालय चंबा में मिलने वाली है। हालांकि सरकार की तरफ से एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति और उसके एक सहयोगी को एआरटी लेने के लिए बस का किराया आने-जाने के लिए मुफ्त है। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सोनिया प्रथम प्रियांशीका द्वितीय तथा अजय तृतीय स्थान पर रहा।



### पूनम महाविद्यालय तीसा केंद्रीय छात्र परिषद की बनी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, तीसा।** राजकीय महाविद्यालय तीसा में वर्ष 2024-25 सत्र की महाविद्यालय केंद्रीय छात्र परिषद इकाई के गठन के पश्चात महाविद्यालय केंद्रीय छात्र परिषद द्वारा वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो. विरेंद्र शर्मा मुख्यातिथि के रूप मे उपस्थित हुए। केंद्रीय छात्र परिषद के अध्यक्ष पद के लिए पूनम ठाकुर, उपाध्यक्षा सीतो देवी, सचिव आरती व सहसचिव चिनू देवी का विश्वविद्यालय के दिशा निर्देशों द्वारा चयन किया गया। महाविद्यालय की नाटक सोसायटी ने नशे के दुष्प्रभाव को बताती एक भावपूर्ण एकांकी प्रस्तुत की। चुराही नाटी की प्रस्तुति ने भी दर्शको का भरपूर मनोरंजन किया।



### सार्वजनिक वितरण समिति की समीक्षा बैठक की डीसी मुकेश ने की अध्यक्षता

# विभाग उचित मूल्य की दुकानों में आवश्यक वस्तुएं करवाएं उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में किया गया।

उपायुक्त ने बताया कि जिला में कार्यरत 514 उचित मूल्य की दुकानों से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से जनवरी से अक्तूबर-2024 तक 55 करोड़ 83 लाख 17 हजार 46 की खाद्य वस्तुएं जिला भर के 1 लाख 26 हज़ार 516 राशन कार्ड धारकों को उपलब्ध करवाई गई है। जनजातीय क्षेत्र पांगी और भरमौर के राशन कार्ड धारकों के लिए राशन दालें व खाद्य तेल को छोड़कर प्रेषित किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि जनवरी से 30 अक्तूबर-2024 तक खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 2274 निरीक्षण किए गए और इस अवधि के दौरान विभिन्न 137 अनियमितताओं के पाए जाने पर 1 लाख 61 हजार 400 रुपए का जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा 36 मामलों में चेतावनी, 31 हजार 560 रुपए पोलीथीन कम्पाउंडिंग व 12 हज़ार घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने पर जुर्माना किया गया।



बैठक के दौरान मौजूद उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

उपायुक्त ने बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर थोक भंडारण केंद्रों, आटा मिलों, उचित मूल्य की दुकानों से सैंपल एकत्रित किए गए। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान 78 सैंपल एकत्रित करने के उपरांत जांच हेतु प्रयोगशाला में भेजे गए हैं जिनमें से 77 नमूने सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सही पाए गए है तथा एक गंदम आटे का नमूना सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सही नहीं पाया गया जिसके संदर्भ में 10 हजार रुपए प्रतिभूति राशि जब्त कर सरकारी कोष में जमा करवाई गई है। जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति द्वारा जिला के विभिन्न स्थानों पर 10 नई उचित मूल्य की दूकानें, 6 स्थानों पर दुकानों की शाखाएं, 4 उचित मूल्य की दुकानों का आंबटन तथा 2 स्थानों पर करुणामुलक आधार पर उचित मूल्य दुकानों को आबंटित करने का निर्णय लिया गया । उपायुक्त ने निर्देश दिए कि विभाग उचित मूल्य की दुकानों में सभी आवश्यक वस्तुएं समय पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चत करें।

### नगर पंचायत बनीखेत की प्रस्तावित घोषणा पर दर्ज करवाएं आक्षेप



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के कस्बा बनीखेत को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में नगर पंचायत बनीखेत को प्रस्तावित दर्जा दिया गया है जिसमें पटवार वृत्त बनीखेत के मौजा आर एफ सुरखिगाला, आर एफ बनीखेत, पुखरी, कस्बा बनीखेत, तथा लाहर को पूर्ण रूप से जबकि मौजा बनीखेत जरई को आंशिक रूप से शामिल किया गया है। यह जानकारी उपायुक्त मुकेश ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित नगर पंचायत बनीखेत के संबंध में यदि क्षेत्र के निवासियों को कोई आक्षेप है तो वह इस अधिसूचना के राजपत्र (ई-गजट) हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन होने की तारीख (23 नवंबर 2024) से 2 सप्ताह की अवधि के भीतर लिखित में उपायुक्त चंबा के माध्यम से प्रधान सचिव (शहरी विकास) हिमाचल प्रदेश सरकार को अपना आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत अवधि के भीतर प्राप्त हुए आक्षेप पर राज्य सरकार द्वारा विचार किया जाएगा तथा नियत अवधि के अवसान के पश्चात किसी भी आक्षेप को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# चुराह में लकड़ी के टूटे पुल दे रहे हादसे को न्योता, हो समाधान



क्षतिग्रस्त हालत में पुल जिससे कभी भी हादसा हो सकता है।

**आजम डार, तीसा**

जिला चंबा की दूर दराज क्षेत्र चुराह विधानसभा लकड़ी के बने पुराने पुल लगातार हादसे को न्योता दे रहे है। विधानसभा क्षेत्र चुराह में आज भी कुछ ऐसे गांव हैं जहां पर लोगों को ना तो कोई सड़क सुविधा है और ना पैदल चलने के लिए पक्के पुल है ।

कई वर्ष पहले बेरा सियूल नदी पर बना लकड़ी का पुल जो हिमगिरी पंचायत को तीन गांवों को मुख्य मार्ग या बाजार को जोड़ता है इस नदी पर बना यह पुल दशकों पहले बना है। इस पुल का निर्माण लकड़ी से किया गया था। आज भी यह पुल वैसे ही बना हुआ है।

यह पुल जगह-जगह से टूट गया है लेकिन प्रशासन और विभाग इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। इस पुल पर आने जाने वाले व्यक्तियों का कहना है कि यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस पुल से आज भी दर्जनों लोग आवाजाही करते हैं । स्थानीय लोगों में नरेश कुमार हीरालाल कांता देवी बलदेव कुमार शांता कुमार महेंद्र सिंह राजू हरि सिंह देवकी देवी चूड़ी देवी जय सिंह बिरजू राम इनका कहना है कि प्रशासन और विभाग इस तरफ कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

यह एकमात्र रास्ता है जो तीन गांवों को मुख्य सड़क या मुख्य बाजार को वापस में जुड़ता है इस पुल से स्कूल के छात्र-छात्राओं को भी गुजरना पड़ता है। यहां से हर रोज लोग अपनी जान जोखिम में डालकर पुल को आर पार कर रहे हैं । इन लोगों को कहना है कि इस लकड़ी के पुल की जगह लोहे के पुल का निर्माण किया जाए ताकि लोगों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## बड़ग्रां पंचायत में नौवीं की छात्रा की खाई में गिरने से मौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जिला चंबा के उपमंडल भरमौर के तहत आने वाली ग्राम पंचायत बड़ग्रां की नौवीं कक्षा की छात्रा की स्कूल जाते समय करीब 900 मीटर गहरी खाई में गिरने से मौत हो गई।

मृतक की पहचान 16 वर्षीय वर्षा कुमारी पुत्री सुभाष चंद निवासी गांव भदरा ग्राम पंचायत बड़ग्रां उपमंडल भरमौर जिला चंबा के तौर पर हुई है।

जानकारी के अनुसार वर्षा कुमारी शुक्रवार गांव भदरा से अन्य छात्र-छात्राओं के साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांधा में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जा रही थी। इस दौरान जब वह भदरा व बन्नी गांव के बीच स्थित एक ढांक पर पहुंची तो अचानक पत्थर से ठोकर लगने के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया, जिस कारण वह निचली तरफ लगती करीब 900 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। उन्होंने इसके बारे में स्वजनों व ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्वजन ग्रामीणों सहित दुर्घटनास्थल पर पहुंचे।

ग्रामीण जब गहरी खाई में उतरकर वर्षा कुमारी के पास पहुंचे। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया गया।

## फर्जी एफआईआर से 61 हजार का लगा चूना

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

चंबा जिला के उपमंडल सलूणी के अंतर्गत गांव अंदराल में साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है।

जानकारी के अनुसार साइबर ठगों ने अंधराल निवासी 54 वर्षीय दिनेश कुमार को बड़े ही शातिराना तरीके से उनके खिलाफ महाराष्ट्र के मुंबई पुलिस द्वारा झूठी एफआईआर फोन पर भेज कर 61 हजार रुपए उनके भारतीय स्टेट बैंक के अकाउंट नंबर से उड़ाकर दिनेश शर्मा को चूना लगाया। जिला में साइबर ठगी का यह अपने आप में पहला मामला है जिसमें पुलिस होने का हवाला देकर आम आदमी को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। कहीं ना कहीं यह पुलिस को भी चैलेंज करता मामला है। इस बारे में जब ठगी का शिकार हुए पीड़ित दिनेश कुमार शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पहले तो शातिरों द्वारा उन्हें फोन के माध्यम से पहले संपर्क साधा गया तथा उसके बाद उन्हें पुष्टि हेतु उनके व्हाट्सएप नंबर पर झूठी एफआईआर की कॉपी भेजी गई जिस पर जिसमें नीरज कुमार असिस्टेंट डायरेक्टर द्वारा बकायदा गिरफ्तारी के आर्डर जारी किए गए थे।

उन्होंने दिनेश शर्मा को इस तरह से बातों में उलझाया की वह किसी मनी लांड्रिंग मामले से जुड़े हुए हैं और सीबीआई की नजर आप पर है। दिनेश शर्मा ने किसी से बात नहीं की, तो दोपहर जब उनके बेटे तथा रिश्तेदारों के फोन आए तब तक बड़ी देर हो चुकी थी और दिनेश शर्मा के अकाउंट से 61 हजार रुपए उड़ाए जा चुके थे।

जानकारी दिनेश शर्मा ने तुरंत पुलिस चौकी तेलका को दी तथा चौकी प्रभारी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए मामला साइबर सेल चंबा के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने कहा कि अगर किसी अनजान नंबर से कोई कॉल आती है तो तुरंत नजदीकी पुलिस चौकी से संपर्क कर सकते हैं।(अनंत ज्ञान)

### थल्ली स्कूल ने नवाजे होनहार छात्र व छात्राएं

**अनंत ज्ञान, तीसा।** उपमंडल चुराह के माध्यमिक विद्यालय पी एम श्री वरिष्ठ माध्यमिक थल्ली में वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रंगारंग कार्यक्रमों के द्वारा दर्शकों का मनोरंजन किया गया। जिसमें मुख्य चुराही नाटी, पंजाबी भांगड़ा, लाहोली व पंगवाली प्रोग्राम प्रस्तुत किए गए। बच्चों द्वारा नाच व गानों से भी मनोरंजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि जय राम एसएमसी अध्यक्ष, विशेष अतिथि सूरत राम बीओ और पूर्व सी एच टी रजाक दीन विद्यमान रहें। इस अवसर पर सभी मेधावी व प्रतिभाशील विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया।

अंत में कार्यकारी प्रधानाचार्य श्री आर के प्रजापति जी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस तरह से कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

### कभी भी गिर सकता है वंशी गोपाल मंदिर का रसोईघर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला मुख्यालय स्थित श्री वंशी गोपाल मंदिर की पाकशाला किसी भी समय जमींदोज हो सकती है। रसोई घर की दीवार एक तरफ से पूरी तरह टूट रही है। सनातन धर्म सभा चंबा द्वारा मंदिर प्रबंधन कमेटी की ओर से इसकी सुध न लेने पर चिंता व्यक्त की है। सभा के प्रधान सुरेश कश्मीरी का कहना है कि इस रसोईघर का एक हिस्सा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो चुका है और समय रहते इसकी मरम्मत न करवाई गई तो किसी भी समय भवन गिर सकती है। इस पुराने भवन में वर्षों से भगवान श्री बंशी गोपाल के लिए भोग तैयार किया जाता है। सभा सदस्यों ने मंदिर प्रबंधन से भवन की मरम्मत के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है।

## जोगिंद्रनगर में जल्द खुलेगा राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल: जीवन ठाकुर

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



पत्रकार वार्ता करते हुए जीवन ठाकुर व अन्य।

जोगिंद्रनगर की दुर्बल पंचायत के थाना पलोन क्षेत्र में प्रस्तावित 276 मेगावाट की विद्युत परियोजना का मुख्यालय अब जोगिंद्रनगर में स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना से जुड़े औपचारिक कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के मौखिक निर्देश मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने दी।

जीवन ठाकुर ने बताया कि जोगिंद्र नगर की महत्वाकांक्षी 100 मेगावाट उहल विद्युत परियोजना, जो लंबे समय से लंबित थी, दिसंबर के अंत तक उत्पादन शुरू कर देगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने जोगिंद्रनगर दौरे के दौरान इस परियोजना के लिए मौके पर ही 84 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की थी।

जोगिंद्रनगर में बरसात के दौरान दूषित पेयजल के कारण फैली पीलिया की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल शक्ति विभाग ने स्वच्छ पेयजल व्यवस्था के लिए 2 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं।

वहीं मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान जोगिंद्रनगर क्षेत्र की 32 सड़कों के निर्माण की मांग की गई थी। इनमें से 16 सड़कों पर कार्य आरंभ करने के लिए 5-5 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। जीवन ठाकुर ने कहा कि सड़कों का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी।

जोगिंद्रनगर में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस स्कूल के लिए जमीन तलाशने का कार्य शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने एसडीएम और तहसीलदार को निर्देश दिया है कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। जीवन ठाकुर ने कहा कि इस स्कूल के निर्माण से क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने इसे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के लिए बड़ा कदम बताया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के नेतृत्व में जोगिंद्रनगर क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

विद्युत परियोजनाओं से लेकर सड़क और जल जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से यह क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।( अनंत ज्ञान)

### करियां स्कूल में हुआ पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम

**चंबा।** करियां राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में अमर उजाला फाउंडेशन की पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के दौरान एएसपी शिवानी मैहला ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। बताया कि आजकल नशा बेचने वाले युवाओं को नशा जैसे चिट्टा, स्मैक, चरस की लत लगाने के लिए शुरू में निशुल्क डोज देते हैं। इसके बाद युवा इसके चुंगल में फंस जाने पर उनकी जिंदगी बर्बाद कर देते हैं।

नशे की लत को पूरा करने को फिर युवा घर का सामान, आभूषण, बर्तन तक बेच देते हैं। घरेलू हिंसा की ये भी एक वजह रहती है। लिहाजा, युवाओं, बेटियां अपने परिवार को बचाने में अहम भूमिका निभा सकती है।


अनंत ज्ञान

क्लासीफाइड

विज्ञापन के लिए संपर्क करें 98168-75517

**सूचना**

**मैं, नानक चंद** पुत्र गंगा राम निवासी ग्राम ढुंज (जनवाण) डाकघर गुम्मा तहसील जोगिंदर नगर जिला मंडी (हि.प्र.) ने घोषणा की कि मेरे बेटे गौरव के मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र में मेरे नाम की स्पेलिंग गलती से नानाक चंद दर्ज हो गया है। मेरा मूल नाम नानकचंद है। सम्बंधित नोट करें।


### राजकीय महाविद्यालय नेरवा में संविधान दिवस मनाया

**शिमला।** राजकीय महाविद्यालय नेरवा में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन का नेतृत्व राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में डॉ. हरबंस लाल शर्मा ने संविधान की महत्ता और उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमारे देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का प्रमुख आधार है।

उन्होंने छात्रों को संविधान के मूल्यों और उसके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजनीतिक विज्ञान के प्रोफेसर नरेंद्र नेगी ने भी अपना महत्वपूर्ण उद्बोधन दिया। उन्होंने संविधान की विशेषताओं और इसके निर्माण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रो. नेगी ने छात्रों को संविधान के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने संविधान की विभिन्न धाराओं, अधिकारों और कर्तव्यों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।


**कृषि उपज मण्डी समिति, मण्डी, जिला मण्डी, हि.प्र.**

फोन नं. 01905-221181, फैक्सः 01905-221181, ईमेल- awmman-hp@nic.in

**आवंटन सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति, मण्डी जिला मण्डी विनियमित मण्डी, कांगनी में खाली पड़े बुथ व उप-मण्डी, टकोली में खाली पड़ी दुकान को खुली बोली के माध्यम से प्रतिमाह किराए पर देना चाहती है। इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वह कृषि उपज मण्डी समिति, मण्डी कार्यालय स्थित कांगनी से मु.3000/- रू. जमा करवाकर निर्धारित आवेदन पत्र दिनांक 02.12.2024 (सोमवार) से किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र भरकर कृषि उपज मण्डी समिति कार्यालय में दिनांक 20.12.2024 (शुक्रवार) सांय पांच बजे तक जमा करवाने होंगे। उक्त निर्धारित तिथि से पहले वह बाद में प्राप्त आवेदन रदद समझे जाएगें। बुथ व दुकान हेतू प्राप्त आवेदनो की खुली बोली दिनांक 21.12.2024 (शनिवार) समय 11.30 बजे प्रातः कृषि उपज मण्डी समिति कार्यालय, मण्डी (कांगनी) में होगी।

| क्र. सं | मण्डी का नाम | बुथ संख्या / स्थान | साईज | न्युनतम आरक्षित किराया (प्रतिमाह व Applicable GST) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विनियमित मण्डी, कांगनी (मण्डी) | बुथ नं. 6 (धरातल मंजिल) | 15.13 Sqm | रु.2,625/- |
| 2. | उप-मण्डी, टकोली | दुकान संख्या 37 (धरातल मंजिल) | 23X12 | 5004/- |

**आवंटन हेतू मुख्यतः शर्तेः**-1. आवेदक अधिसूचित क्षेत्र मण्डी, जिला मण्डी का स्थाई निवासी हो, जिसके लिए आवेदक को आवश्यक प्रमाण सलग्न करना होगा। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ रु.50,000/- की एफडीआर बतौर आरक्षित राशि सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, मण्डी के नाम Pledge करवानी होगी। जोकि आवंटन न होने की स्थिति में सम्बन्धित को वापिस कर दी जाएगी तथा बुथ व दुकान आवंटी को 6 माह के किराए के बराबर प्रतिभूमि राशि उसी दिन समिति के पास जमा करनी होगी। **2.** इच्छुक आवेदक को दुकान / बुथ हेतू प्रति दुकान / बुथ अलग-2 आवेदन निर्धारित आरक्षित राशि के साथ करना होगा। **3.** आवंटन उप-समिति को समस्त आवंटन व किसी भी आवंटन को बिना कारण बताए रदद करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**नोटः** आवंटन की अन्य शर्ते प्रार्थी समिति कार्यालय स्थित कांगनी (मण्डी) में किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक देख / प्राप्त कर सकते हैं।

**सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, मण्डी, जिला मण्डी, हि0प्र0**



**कार्यालय ग्राम पंचायत जमणी**

विकास खंड गोपालपुर (मंडी)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जमणी को निम्न वस्तुओं की आपूर्ति के लिए कोटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

**1 कंप्यूटर सेट व प्रिंटर खरीद करने हेतु**

जो भी इच्छुक सप्लायर है वह 5 दिसंबर तक पंचायत कार्यालय में निविदा जमा करवा सकता है 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे निविदा खोली जाएगी।

**प्रधान/ सचिव ग्राम पंचायत जमणी**


### सूडोकु 0002 (कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सुडोकु 0001 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**30 नवंबर, 2024, शनिवार**

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** चतुर्दशी (10:31): **नक्षत्र** विशाखा (12:34), **पक्ष** : कृष्ण **योग :** अतिगंड (04:43) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:48-12:30), **राहुकाल** (09:32 -10:51)।

### विशेष दिन

- 30 नवंबर : पितृकार्य अमावस्या आज।
- 30 नवंबर 2024 : गौरी तप व्रत आज।

**मेष:** आपका दिमाग आज तेजी से काम करेगा। जिसका उपयोग आप भविष्य की योजनाएं बनाने में करेंगे। लक्ष्यों पर ध्यान दें ।

**वृषभ:** व्यवहार को सराहा जाएगा। आज आपकी दोस्ती आपके मित्र के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध होगी और भविष्य में वो भी मदद को तैयार रहेगा।

**मिथुन:** आज आप योजनाओं का भली-भांति अध्ययन करेंगे। नौकरी में सम्मान बढेगा। आपकी गैरहाजिरी में सभी काम ठीक से चलते रहेंगे।

**कर्क:** आज कुछ कीमती सामान खोने का डर है। आज अपने जरूरी सामान को संभाल कर रखें। आज आपके आलस्य प्रगति में बाध्य रहेगा।

**सिंह :** आज आप अपने काम से संबंधित यात्रा की तैयारी करेंगे। ये यात्रा आपको सफलता दिलाएगी। आज आप नई योजनाएं बनाएंगे।

**कन्या :** आपका परिवार आपके लिए सहायता का स्त्रोत होगा। वो आपकी हर प्रकार से मदद करने को तैयार रहेंगे। शुभ समाचार मिलेगा।

**तुला:** अपना आत्म-विश्वास बनाए रखें इससे आप अपनी हर समस्या को हल कर लेंगे। आज आप भविष्य के प्रति चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य मैं लाभ होगा।

**वृश्चिक:** आपका रुझान अध्यात्म की ओर रहेगा आप अपनी जिंदगी में धर्म के महत्व को भी जानना चाहेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे।

**धनु :** आज आप किसी सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं। आज आपको कार्यों में सफलता मिलेगी। आपके लिए आय के नए स्त्रोत बनेंगे।

**मकर :** आपके दोस्त आज आपके घर भी आ सकते हैं उनका दिल से स्वागत करें। उनसे मिल कर आपका तनाव बिल्कुल खत्म हो जाएगा।

**कुंभ :** जिंदगी में किसी ऐसे व्यक्ति के आने की उम्मीद कर सकते हैं, जो अच्छे के लिए आपके जीवन में बहुत कुछ बदल देगा।

**मीन:** आज आप जुबान पर काबू रखें वरना अपने प्रियजनों को ठेस पहुंचा बैठेंगे। आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी।




अपनी क्षमता के एहसास और अपनी क्षमता में आत्मविश्वास के साथ, कोई एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकता है। -दलाई लामा

## संपादकीय

## कर्ज का मर्ज

हिमाचल की सुक्खू सरकार पर कर्ज का मर्ज बढ़ता ही जा रहा है। सरकार ने अब नए सिरे से और कर्ज लेने की तैयारी कर ली है। सरकार ने इस वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही यानी जनवरी से मार्च तक की लोन लिमिट के लिए अप्लाई किया है। इस वित्त वर्ष में अप्रैल से लेकर दिसंबर माह तक के लिए करीब 6200 करोड़ रुपए का कर्ज लेने के लिए हिमाचल सरकार के लिए लिमिट तय की गई थी। अब इस लिमिट में आखिरी 500 करोड़ ही बचे थे, जिसे अब प्रदेश सरकार अपने कर्ज के खाते में जोड़ना चाहती है। यदि यह लोन मंजूर हो जाता है तो सरकार उस पैसे से कर्मचारियों की सैलरी और पेंशन का भुगतान कर सकती है। हिमाचल को पिछले साल जनवरी से मार्च के लिए कुल 1700 करोड़ रुपए का कर्ज मिला था और वह सारा पैसा सरकार ने खर्च कर दिया है। कर्ज लेने के मामले में हालात इस साल भी पूर्व की तरह ही बने हुए हैं।

संसाधनों के अभाव में छोटे से पहाड़ी राज्य हिमाचल की आर्थिक स्थिति बेहद पतली हो गई है। हिमाचल को हर साल केंद्र से करीब आठ हजार करोड़ रुपए का लोन लेने की इजाजत मिलती है। बारी-बारी हिमाचल की सरकारें बदलती रहती हैं। कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा सत्ता पर काबिज होती है, लेकिन किसी ने भी हिमाचल की आर्थिक सेहत सुधारने की ओर ठोस कदम नहीं उठाए। हिमाचल से न जाने यह कर्ज का बोझ कब उतरेगा? सरकारों को इस बाबत गंभीरता से विचार करना होगा वरना इसी परिपाटी पर सरकारें चलती रहीं तो प्रदेश का समुचित विकास नहीं हो पाएगा। जो योजनाएं बनाई जाएंगी उनको मूर्त रूप नहीं दिया जा सकेगा। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, हिमाचल में कांग्रेस के सत्ता में आने से पहले मार्च 2022 तक 69,000 करोड़ से कम का कर्ज था, लेकिन नवंबर 2024 तक करीब 96,000 करोड़ रुपए का भारी भरकम बोझ हिमाचल पर बढ़ गया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस ने कई बड़े वादे किए थे, जबकि कांग्रेस को जन वादों को करने की कोई जरूरत नहीं थी। क्योंकि कांग्रेस वैसे भी सत्ता में आ ही जानी थी। इसकी वजह साफ है कि हिमाचल में कई सालों से सरकार रिपीट करने का रिवाज नहीं है। यहां के मतदाता बारी-बारी कांग्रेस और भाजपा को सत्ता में आने का मौका देते हैं।

कांग्रेस सरकार अब इन वादों को पूरा करने के लिए बेतहाशा खर्च कर रही है। हिमाचल सरकार के बजट का 40 प्रतिशत तो वेतन और पेंशन के भुगतान में ही चला जाता है। लगभग 20 प्रतिशत कर्ज और ब्याज चुकाने में खर्च हो जाता है। सुक्खू सरकार महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपए भी देती है जिस पर सालाना 800 करोड़ रुपए खर्च हो जाते हैं। हिमाचल में ओल्ड पेंशन स्कीम यानी ओपीएस भी लागू कर दी गई है जिस पर सालाना 1,000 करोड़ रुपए का खर्च अतिरिक्त बढ़ गया है, जबकि फ्री बिजली पर सालाना 18,000 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। इन तीनों गारंटियों को पूरा करने पर ही सरकार करीब 20,000 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। यह भी कटु सत्य है कि न केवल हिमाचल, बल्कि देश के लगभग सभी राज्य कर्ज के दलदल में फंसे हुए हैं। कभी विकास कार्यों के नाम पर तो कभी अपनी जरूरतें तथा सरकार के खर्चे निकालने के लिए राज्य समय-समय पर केंद्र और आरबीआई से लोन लेते रहते हैं। राज्यों की ओर से लिए कर्ज का पहाड़ हर साल बढ़ता ही जा रहा है। कर्ज लेने के मामले में न तो बड़े राज्य पीछे हैं और न ही छोटे राज्य। इस समय सबसे ज्यादा कर्ज तमिलनाडु पर है, जो वित्त वर्ष 2024-25 तक 8 लाख 34 हजार 543 करोड़ के पार पहुंच जाएगा। इसी तरह दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश, तीसरे पर महाराष्ट्र फिर पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और बिहार है। वहीं, छोटे राज्यों में पंजाब टॉप पर है। उसके बाद हरियाणा, असम, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और गोवा हैं। पहाड़ी राज्यों में हिमाचल प्रदेश का हाल सबसे बुरा है। हिमाचल पर प्रति व्यक्ति कर्ज 1 लाख 17 हजार रुपए हो गया है, जो देश में अरुणाचल के बाद सबसे ज्यादा है। हिमाचल को अपनी आर्थिकी बढ़ाने के लिए नए स्रोत पैदा करने होंगे। अगर यह सरकार अब बचे तीन साल के कार्यकाल में समय रहते कुछ ठोस कदम उठा लेती है तो निश्चित रूप से प्रदेश का भविष्य संवर जाएगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


## भारतीय पार्श्वगायिका एवं अभिनेत्री

**सुधा** मल्होत्रा भारतीय पार्श्वगायिका एवं अभिनेत्री हैं। उन्होंने बहुत कम समय में ही शोहरत हासिल कर ली। उनके गाए हुए गाने आज भी दर्शकों के पसंदीदा गानों में शामिल हैं। उन्होंने पार्श्वगायिक के रूप में 1950 और 1960 के दशक में कुछ लोकप्रिय हिंदी फिल्मों जैसे- 'आरजू', 'धूल का फूल', 'दीदी', 'काला पानी', 'बरसात की रात', 'अब दिल्ली दूर नहीं' और 'देख कबीरा रोया' में काम किया। आखिरी बार उन्हें 1982 में राज कपूर की फिल्म 'प्रेम रोग' के गीत 'ये प्यार था या कुछ और था' में सुना गया था। हिंदी गीतों के अलावा, सुधा ने कई लोकप्रिय मराठी गीतों (भावजीत) को भी गाया था। सुधा मल्होत्रा को 2013 में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। हिंदी फिल्मों की मशहूर गायिका सुधा मल्होत्रा का जन्म दिल्ली में हुआ था। उन्होंने 'रेडियो लाहौर' में एक बाल कलाकार गायिका के रूप में काम शुरू किया। उन्होंने 6 वर्ष की उम्र में कानन बाला के गाने से स्टेज पर गाना शुरू किया था। संगीतकार गुलाम हैदर जी ने उन्हें गाने के मंच पर पहला मौका दिया था। साहिर और सुधा ने बहुत से गाने एक साथ गाए, जो कि काफी हिट रहे। इस बीच साहिर सुधा से प्रेम करने लगे थे। जब साहिर के जज्बात जब अफवाह और खबर बनकर फैले तो सुधा मल्होत्रा के जीवन पर भी इसका असर पड़ने लगा, तब सुधा महज 22 वर्ष की थीं। अब सुधा के सामने दो ही विकल्प थे। या तो वो घरवालों को नाराज कर अपना कॅरियर जारी रखें या फिर घरवालों को खुश रखने के लिए विवाह कर लें। सुधा ने दूसरा रास्ता चुना और 1960 में गिरधर मोटवानी के साथ विवाह कर लिया। विवाह के बाद सुधा ने फिल्मों से पूरी तरह नाता तोड़ लिया। भजन गायकी में उनकी दिलचस्पी बनी हुई है। भले ही उन्होंने फिल्मों में गाना छोड़ दिया, लेकिन इस उम्र में भी उनका रियाज करना जारी है। ■



सुधा मल्होत्रा
जन्म : 30 नवंबर, 1936

## कविता — भेड़िये री खल्ला च



सुरेंद्र मिन्हास

*जित्खा बी देखो भेडां सुज्जे*
*भेड़िये री खल्लाजो ओढ़ीने।*
*दब्का जे जरा मारो इन्हांजो*
*जाईके लुखदियां परले चन्ने।*
*एहडे किच्छ माहणु घुमदे*
*मारदे रोब फोकियां परेडां।*
*जे जियुंदा जेआ पकड़ो मुंडी*
*मारने लग्दे फुल स्पिटे राडां।*
*इन्हां भेडांते तुहेंडरदे दिख्यां*
*अपणियां चाली चलदे रओ।*
*जे एहडे भेड़िये मिली जाओ*
*मुंडी पैरां थल्ले मलदे रओ।।*

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री ***editoranantgyaan@gmail.com*** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।

# आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रयोग से खुशहाल होगा किसान

आज देश का किसान ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां उसके पास तमाम तरह के विकल्प कृषि में आय को बढ़ाने के लिए उपलब्ध है। जैसे खेत को समतल करने के लिए लेजर लेवलर है, तो मजदूर न होने पर आलू, गन्ने व गेहूं की बुवाई के लिए आधुनिक कृषि यंत्र। किस बाजार में कितना आलू की खपत है, इसका अंदाजा अभी किसान नहीं लगा पा रहा है। हालांकि सूचना और संचार की तकनीक का सही प्रयोग करके किसान लाभ ले सकता है, परंतु अभी हर किसान के पास तकनीकी की उपलब्धता नहीं है। कृषि की नवीनतम जानकारी के लिए किसानों के पास डिजिटल साधन जैसे व्हाट्सऐप ई-मेल यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया भी है, परंतु हर किसान के पास नहीं है।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विवि पालमपुर

कृषि क्षेत्र में आज एक नई तकनीकी का भी प्रयोग हो रहा है, जिसे ड्रोन तकनीक कहते हैं। इसकी सहायता से आज बड़े-बड़े किसान कृषि कार्य कर रहे हैं। इससे फसलों पर कीटनाशकों का छिड़काव हो रहा है, घुलनशील खादों का छिड़काव भी शामिल है। और तो और ड्रोन से फसल की फोटो भी मिल रही है, जिससे यह पता चल रहा है कि फसल पर कीट का प्रकोप है या बीमारी का। ड्रोन तकनीक इसमें काफी सहायक है। वहीं, किसान घर पर बैठे ही कृषि विशेषज्ञों से सटीक जानकारी सोशल मीडिया की सहायता से लेकर अपनी फसल को बीमारियों से बचा सकता है। जब से कृषि के क्षेत्र में सोशल मीडिया का प्रवेश बढ़ा है, तभी से किसानों के लिए खेती में अनेक संभावनाएं भी नजर आने लगी हैं। आज कृषि धीरे-धीरे एक कंपनी की तरह आगे बढ़ रही है।

आज तकनीकी रूप से दक्ष युवा जो एमबीए कर चुके हैं, वे कृषि को नए स्टार्टअप के रूप में ला रहे हैं, जिन युवाओं के पास खेती की जमीन नहीं है, वह किराये की खेती शुरू कर रहे हैं। कुछ युवा कृषि उत्पाद को बेचने के लिए बड़े-बड़े महानगरों में सब्जियों की होम डिलिवरी का अपना स्टार्टअप शुरू किया है। इसमें अभी बहुत संभावना है कि आगे कृषि के उत्पाद को नए पैकिंग में गांव से महानगरों व शहर तक पहुंचाया जाए और लड़कों को भी रोजगार उनके शहरों में ही मिल सके। आज की कृषि तीन तरह से हो रही है- पहली खेती देश में अनाज की कमी न हो और मुफ्त अनाज योजना चलती रहे और हर आदमी की थाली में दो वक्त का भोजन हो। इस खेती से जहां हमें अनाज तो भरपूर मिल



रहा है, लेकिन किसानों को उपज का दाम नहीं मिल पा रहा, जिसके कारण किसानों में आक्रोश पैदा हो रहा है। कभी-कभी तो किसान को मंडी तक ट्रक ले जाने व उत्पाद बेचने के बाद भी ट्रक का किराया जेब से देना पड़ता है। टमाटर, प्याज व आलू के साथ यही होता है। महीने भर से किसान सोयाबीन का खरीद दाम छह हजार प्रति क्विंटल मांग रहे थे, परंतु नहीं मिला। न सरकार ने दिया न और न ही मंडियों ने। अंत में किसानों को 3500 से चार हजार रुपए क्विंटल बेचना पड़ा। इस क्षेत्र में मेहनत कोई और कर रहा है और लाभ कोई और ले रहा है।

ऐसे में किसानों को सूचना तकनीकका प्रयोग करना जरूरी था कि देश के किस मंडी में सोयाबीन का खरीद मूल्य क्या है जरूर किसानों ने सूचना तकनीक सोशल मीडिया के माध्यम से बाजार ढूंढा होगा, पर खरीदार नहीं मिला तभी सस्ते में बेचना पड़ा। इसका कारण यह है कि किसान को गेहूं की फसल की बुवाई भी करने के लिए धन की जरूरत होती है। अक्सर देखने में मिलता है कि उपज का सही दाम न मिलने पर किसान उपज को सड़क पर फेंक देता है, परंतु फैक्टरी में पैदा होने वाला उत्पाद कभी मालिक सड़क पर नहीं फेंकता। यही फर्क किसान और फैक्टरी मालिक में है।

किसानों को अभी यह जानकारी नहीं हो पा रही है कि किस फसल का उत्पादन देश में कितना करना चाहिए, जिससे उत्पाद का सही मूल्य मिले और बाजार में उपभोक्ता को भी उचित मूल्य पर उपलब्ध हो। इसमें किसानों को अब डिजिटल तकनीक और संचित माध्यमों का अधिक प्रयोग करना होगा, जिससे पता चले कि देश के लिए किस फसल की कितनी जरूरत है और कितना निर्यात की जरूरत है। हालांकि यह अभी एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है। हिरण में पहली बार लहसून चार सौ रुपए किलो बिक रहा है। अदरक भी महंगा बिक रहा है। किसानों को मूल्य तो नहीं मिला, पर उपभोक्ताओं को अधिक मूल्य देना पड़ रहा है।

दूसरी खेती कार्बनिक खेती हो रही पर अभी यह अपने शैशव काल में है और कुछ ही फसलों की खेती हो रही है। इस तरह की खेती के उत्पाद की संभावना और सफलता बहुत है, परंतु हर किसान कार्बनिक खेती नहीं कर सकता है। कार्बनिक उत्पाद बेचने में काफी समस्या है, जिनका समाधान बहुत जरूरी है। कार्बनिक खेती के उत्पाद को बेचने में सोशल मिडिया बहुत महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इस उत्पाद को स्टार्टअप के रूप में शुरू करने की बहुत संभावना है, लेकिन सफलता बहुत जल्दी नहीं मिलेगी। कार्बनिक खेती के उत्पाद के निर्यात के लिए सरकार सहयोग दे तो लाभ हो सकता है जैसे शिपमेंट में छूट और रखरखाव के लिए व पैकिंग के लिए सही पैकेजिंग मशीन मैटेरियल सस्ते मूल्य पर उपलब्ध हो।

तीसरी तरह की कृषि प्राकृतिक खेती है। इसके उत्पाद को बाजार में आने में समय लगता है। महाराष्ट्र के कुछ जिलों में कुछ किसान अब प्राकृतिक खेती कर रहे हैं, परंतु इस खेती से अभी किसानों को बहुत लाभ नहीं मिल रहा है। यह खेती समय के साथ लाभ दे सकती है। देश को अगर मुफ्त अनाज योजना चलना है तो फिर यह तो तय करना होगा देश का कौन सा राज्य कार्बनिक खेती करेगा, कौन सा राज्य प्राकृतिक खेती कराएगा और किन किसानों से करवाया जाएगा। किसान छोटे व सीमांत होंगे या फिर बड़े-बड़े या बड़े कॉरपोरेट घराने प्राकृतिक खेती व कार्बनिक खेती कराएंगे या कॉन्ट्रैक्ट पर खेती होगी। यह अभी तो सरकार को तय करना होगा। प्राकृतिक खेती के उत्पाद को घरेलू बाजार में बेचना है तो कौन खरीदार होगा। निर्यात करना है तो कौन देश खरीदेगा यह पहले से तय होना चाहिए। कौन सा कृषि उत्पाद प्राकृतिक खेती में शामिल होगा- जैसे सब्जियां, दाल वाली फसलें, गेहूं चावल या फिर मिलेट। सरकार हर फसल का जीआई टैगिंग करने की व्यवस्था करे कि कौने सा उत्पाद यूपी का है, कौन सा बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू-कश्मीर या फिर गुजरात का।

भारत में किसानों को सूचना एवं संचार तकनीक में पूर्ण रूप से सक्षम बनाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण भी देना होगा। खेती में ड्रोन के उपयोग के लिए भी कृषि विश्वविद्यालयों में विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था करनी होगी, जिससे किसान इस तकनीक का सही प्रयोग कर सकें। कृषि में आज सूचना व संचार तकनीक का बहुत महत्व है। इस तकनीक से कृषि में व्यापक सुधार लाया जा सकता है। किसान घर से ही हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। आज के युवकों के लिए कृषि एक बेहतर विकल्प है। इसका कारण यह है कि दुनिया में सब कुछ बंद हो सकता, पर खेती होती रहेगी। जरूरत है तो बस युवाओं को इसे अपनाने और सरकार को युवाओं को इसके लिए प्रेरित करने की है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# कृषि आधारित स्टार्ट-अप के बढ़ते कदम

भारत में कृषि एक अनुशासन से बढ़कर एक जीवन शैली और जीवन पद्धति है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि की अद्वितीय भूमिका है। हमारे देश के 58 प्रतिशत से अधिक लोग अपनी आजीविका के लिए मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर हैं। अत: कृषि ही रोजगार एवं आजीविका का सबसे बड़ा साधन है। हालांकि, सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान केवल 14.7 प्रतिशत है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह क्षेत्र अनेक समस्याओं से ग्रस्त है। आज भी यह क्षेत्र काफी हद तक असंगठित है जो समस्या का मूल कारण है। इस वजह से, कृषि उत्पादों का विपणन अक्सर कम कीमतों पर किया जाता है। इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या आधुनिक मशीनरी और प्रौद्योगिकी का कम उपयोग और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में अंतर है। इस बिगड़ती स्थिति को देखते हुए इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कृषि आधारित स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। कृषि विकास के लिए किसान और कृषि संबंधी जानकारी के संग्रहण और प्रसार में तेजी लाने के प्रयास चल रहे हैं।

स्टार्ट-अप योजना की कार्ययोजना को मुख्यत: तीन मुख्य भागों सरलीकरण और स्टार्ट-अप समर्थन वित्तपोषण सहायता और प्रोत्साहन अनुदान उद्योग अकादमी भागीदारी और ऊष्मायन में विभाजित किया गया है। सरलीकरण और स्टार्ट-अप समर्थन इस व्यवस्था का लक्ष्य स्व-प्रमाणन आधारित अनुपालन शुरू करके स्टार्ट-अप पर नियामक बोझ को कम करना है। स्टार्टअप इंडिया हब स्टार्ट-अप



इंडिया हब के साथ, सरकार का लक्ष्य संपूर्ण स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए संपर्क का एक एकल बिंदु स्थापित करना है। जिसके माध्यम से सरकार ज्ञान साझा करने और धन तक पहुंच को सक्षम बनाती है।

सरकार प्रमुख हितधारकों, राज्य सरकारों, भारतीय और विदेशी उद्यम पूंजीपतियों, एंजेल नेटवर्क, बैंकों, इनक्यूबेटरों, कानूनी भागीदारों, सलाहकारों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान और विकास संगठनों के साथ मिलकर काम करना है। सरकार वित्तपोषण, व्यवहार्यता परीक्षण, व्यवसाय संरचना सलाह, विपणन दक्षता वृद्धि, प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण और प्रबंधन मूल्यांकन जैसे प्रमुख पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के साथ स्टार्ट-अप को उनके जीवन चक्र के माध्यम से समर्थन दे रही है। मोबाइल ऐप और पोर्टल की शुरुआत सरकार मोबाइल ऐप और पोर्टल लॉन्च करके नियामक निकायों के साथ स्टार्ट-अप के लिए एक इंटरेक्टिव मंच के रूप में कार्य कर रही है। इन्हें 1 अप्रैल, 2016 से सभी प्रमुख मोबाइल और स्मार्ट डिवाइस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया है। पेटेंट जांच और कानूनी सहायता में तेजी, बौद्धिक संपदा अधिकारों को बढ़ावा देने, जागरूकता पैदा करने, नए स्टार्ट-अप की समग्र वृद्धि और विकास सुनिश्चित करने के लिए, सरकार पेटेंट (संरक्षित/संरक्षित) आवेदनों की तेजी से जांच और छूट सहित कई कदम उठा रही है। इसकी फीस इस योजना के तहत कोई भी व्यक्ति अपने आविष्कार या विचार को संरक्षित करने के लिए 80 प्रतिशत तक कम शुल्क देकर पंजीकरण करा सकते हैं।

स्टार्ट-अप के लिए सार्वजनिक खरीद नियमों में छूट का उद्देश्य अनुभवी कंपनियों की तुलना में स्टार्ट-अप को समान अवसर प्रदान करना है। स्टार्ट-अप के लिए क्रेडिट गारंटी फंड बैंकों और अन्य ऋणदाताओं को सामान्य रूप से स्टार्ट-अप को उद्यम ऋण प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, राष्ट्रीय क्रेडिट के माध्यम से क्रेडिट गारंटी योजना के माध्यम से अगले चार वर्षों के लिए प्रति वर्ष।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश के धार क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से कृषि पर गहरा असर पड़ रहा है और इसका सबसे ज्यादा खामियाजा यहां के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। बढ़ते तापमान, बारिश के पैटर्न में बदलाव और चरम मौसमी घटनाएं जैसे बर्फबारी और सूखा, कृषि उत्पादों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। इस बदलाव ने क्षेत्र में कृषि पर कड़ी चुनौती प्रस्तुत की है, जिससे किसानों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। जलवायु परिवर्तन के चलते धार क्षेत्र में कृषि उत्पादकता पर व्यापक असर पड़ रहा है। मौसम के पैटर्न में बदलाव से पारंपरिक फसलों के उत्पादन में कमी आई है। मक्का, गेहूं, और अन्य प्रमुख फसलें इस बदलाव से खासे प्रभावित हो रही हैं। खासकर बढ़ते तापमान और असमय बारिश ने फसलों की पैदावार को नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। **विपिन, कांगड़ा**

# लोकतांत्रिक देश में हिंसा कदापि बर्दाश्त नहीं की जा सकती !

हमारा भारत देश समूचे विश्व में एक महान् लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र का अर्थ है- लोगों का राज, लोगों के द्वारा तथा लोगों के लिए, पर अफसोस यहां सब कुछ अव्यवस्थित हालात हैं। लोग इंसानियत को भूल चुके हैं। अक्सर, सरकारों में भी समांतर सरकारें चलती हैं। मंत्री तो क्या उनके सगे संबंधी, दोस्त सभी का प्रत्येक कार्यालयों में भी राज होता है।



लेखक : वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
लोअर अरनियाला, ऊना

अफसरशाही का बोल बाला होता है तो साधारण जन क्या करें? पुलिस का अपना रोबदार ढंग है काम करने का। आप ही अपराधी को पकड़कर छोड़ देते हैं। विडंबना देखिए, सहनशीलता की कमी के कारण रोडरेज की घटनाएं बढ़ रहीं। अपराधिक घटनाक्रम का रूप बदल गया है। गैंगस्टरों की बाढ़ सी आ गई है। रोजाना लड़ाई मारधाड़ में बढ़ोतरी आ रही है। असलियत तो यह है कि अपराधी तो पुलिस पर भारी हो रहे हैं। नाजायज कब्जे हो रहे हैं, उन्हें किस ने यह अधिकार दिया है। पहले रपट ही दर्ज नहीं होती और अगर हो भी जाए तो चालान में देरी तब अपराधी को जमानत हो जाती है या केस ही कमजोर हो जाता है। फिर रंगदारी का प्रचलन शुरू हो गया है। गैंगस्टरों को पगार दो या मरने के लिए तैयार हो जाओ। दिन-प्रतिदिन चोरियां, हत्याएं व लूटपाट की घटनाएं बढ़ गईं हैं। नशेरियों की वृद्धि बेहताशा बढ़ रही है। वाहन, मोबाइल छीने जा रहे हैं। कहीं भी कोई बड़ी घटना होती है जैसे हत्याकांड तो लोलापोती की जाती है।

जेलों में क्या हो रहा है? यह किसी से बात छिपी नहीं है। क्या यह है भारत विश्व में महानतम लोकतांत्रिक देश? गैंगस्टर वैसे तो अधिकांशत राजनीतिक



नेता ही बनाते हैं और नाम जग जाहिर होने पर उन्हें मरवा देते हैं। यह है लोकतांत्रिक देश की शर्मसार कहानी। ठीक ऐसे ही अब विद्यार्थी भी अधिकतर अनुशासन को भूलकर अपने ही गुरुवर को गले से पकड़ लेते हैं। जैसे कुछ समय पूर्व चंडीगढ़ में नवमीं कक्षा के छात्र ने मुख्याध्यापक का सिर फोड़ दिया। दरअसल, आज के छात्र अपने साथियों के साथ मिलकर अपने अध्यापकों की मार पिटाई, जहां तक उनकी हत्या करने से भी नहीं डरते। समय अत्यधिक बदल गया है। पहले पुरातन समय में अध्यापकों का पूरा मान-सम्मान होता था, पर समय ने पलटा खाया अध्यापकगण को अपेक्षाकृत बेहतर सहूलियतें, अच्छा वेतन तक मिल रहा है। बहुत से अध्यापकों ने अपना रुतवा खुद गवाया है पर समर्पित, ईमानदार व कर्मठ अध्यापकों की पूछ नहीं होती।

स्टेट आवार्ड 99 प्रतिशत सिफारिश पर दिए जाते हैं। बेहद शर्मनाक बात है, आवार्ड लेने वाले व देने वालों के लिए। शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी धृतराष्ट्र की तरह आंखें बंद कर लेते हैं। रोजाना नए से नए फरमान जारी किए जाते हैं। आप इस परिस्थिति में एक समर्पित, ईमानदार व मेहनती अध्यापक को न तो मरने दे रहे हैं और न ही जीने दे रहे हैं। दरअसल, हमारे देश का सिस्टम ही खराब है तो लोकतांत्रिक देश में ऐसी मंदभागी घटनाओं का होना स्वाभाविक है। पुलिस, अध्यापक व अन्य उच्च स्तरीय अधिकारी भी बेबस है। सरकार आती हैं और जाती हैं।

इनकी सुनवाई नहीं होती। नि:संदेह लोकतांत्रिक देश में असहमति का अधिकार प्रत्येक नागरिक का हक है पर लोकतांत्रिक ढंग से शांतिपूर्वक विरोध भी हमारा हक है। आजकल भी सब तरफ हड़तालों का ही दौर चल रहा है। जनता को तंग करके हिंसक संघर्ष खूनी संघर्ष में भी विशाल पैमाने पर फैलने का डरा रहता है। यह सच है कि लोकतांत्रिक देश में हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। इस प्रकार लोकतांत्रिक देश में हिंसक गतिविधियों को प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता और न ही हिंसा को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# इंद्रदेव की बेरुखी से हिमाचल प्रदेश के किसान और बागवान चिंतित

इंद्रदेव की बेरुखी के चलते हिमाचल प्रदेश में पिछले दो महीनों से बारिश नहीं पड़ रही है। मौसम विभाग द्वारा जारी तमाम पूर्वानुमान गलत साबित हो रहे हैं। पहाड़ी राज्य में बारिश न होने के कारण किसान, बागवान सहित आमजन मानस बेहद चिंतित है। बारिश न पड़ने से खुश्क ठंड से राजधानी शिमला में दो लोगों की मौत हो चुकी है।



लेखिका : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि इस बार की सर्दी बेहद जानलेवा भी हो सकती है। बरसात के समय भी बारिश पूर्व वर्षों की भांति इस बार कम हुई आंकी गई है। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में बारिश का अकाल पड़ना चिंताजनक है। गेहूं फसल बिजाई का समय चल रहा है। किसान, बागवान आसमान की तरफ देखकर मेघ बरसने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मगर बावजूद इसके इंद्रदेव पहाड़ी राज्य की जनता पर अपनी कृपा दृष्टि नहीं कर रहे हैं। किसानों ने थकहार कर सूखी जमीन में गेहूं बिजाई करने का काम शुरू कर रखा है। बानर, पक्षी सूखी मिटी से गेहूं निकालकर अपनी भूख मिटा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में सूखे जैसे हालात बन चुके, लोग सूखी ठंड से बुखार, सिर, बदन दर्द, सर्दी, जुकाम और खांसी से तरसत हैं। सर्दियों के मौसम में प्रत्येक वर्ष नई नाम की कोल्ड फ्लू का आगाज होता है।

स्वास्थ्य विभाग अब प्रत्येक व्यक्ति को कोल्ड फ्यू की वैकसीन लगवाए जाने का मार्गदर्शन कर रहा है। आजकल के दौर में खेतीबाड़ी किए जाना बहुत खर्चीली बन चुकी है। किसानों ने पशु पालन से किनारा करते हुए बैल पालना बंद कर दिए और कृषि संबंधित औजार कबाड़ में बेचे जा रहे हैं। किसान खेतों की जुताई ट्रेक्टर से



करवा रहे हैं। पेट्रोल,डीजल की कीमतें आसमान को छू रही हैं। ट्रेक्टर चालक किसानों से खेत जुताई का प्रति घंटा 8 सौ रुपए तक वसूल रहे हैं। जुताई से पूर्व जमीन में उर्वरक रसायन डालना भी जरूरी समझते जो बहुत महंगा होता है। बेमौसमी बारिश पड़ने के कारण किसानों को फसल की उतनी उपज नहीं निकल पाती है। किसानों का फसलों की बिजाई पर खर्चा अधिक और उपज निरंतर कम हो रही है।

किसान खेतीबाड़ी किए जाने से बेमुख होते जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के किसानों की समस्याएं बिलकुल अलग हैं। जंगली सूअर, बंदर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाते जा रहे हैं। गर्मियों में तापमान 55 डिग्री तक पहुंच चुका है। मगर बावजूद जनता प्रकृति के बदलते इस स्वरूप बारे चिंतन करना गवारा समझ रही है। प्रचंड गर्मी पड़ने के कारण पहाड़ी राज्य की साख को भी खतरा उत्पन्न हो रहा है। जनता तपिश से बचाव हेतु एयरकंडीशनर लगाने को मजबूर है। हिमाचल प्रदेश में अचानक मौसम में बदलाव शोध का विषय है।

पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश सिर्फ कहने को रह गया है। सच्चाई यह कि पहाड़ों का अस्तित्व का वजूद निरंतर मिट रहा है। जंगलों में वन काटुओं ने कुल्हाड़ी चलाकर उन्हें बीरान कर दिया है। निजी भूमि से लोगों ने हरे, भरे नन्हें पेड़ कटवाने का क्रम चला रखा है। वन विभाग की मिलीभगत से प्रकृति साथ कई वर्षों से खिलवाड़ किया जा रहा है। ठेकेदार पांच पेड़ कटवाने की अनुमति लेकर विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से दर्जनों पेड़ों पर आरी चलवा रहे हैं। देवभूमि में अब शीत लहर के चलते ट्रेकिंग गतिविधियों सहित कुछेक धार्मिक स्थलों पर बिना प्रशासन अनुमति जाने का प्रतिबंध लगाया गया है। सुख की सरकार हिमाचल प्रदेश को ग्रीन राज्य बनाए जाने का सपना जनता को दिखा रही है। ग्रीन राज्य बनाने से पूर्व सरकार को वनों के कटान पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### खो-खो में जोगिंद्रनगर की टीम का बेहतरीन प्रदर्शन



अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय, जोगिंद्रनगर की छात्राओं ने 25 से 27 नवंबर 2024 तक संस्कृत महाविद्यालय, नाहन में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय कन्या खो-खो प्रतियोगिता में भाग लिया। जोगिंद्रनगर महाविद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए राजकीय महाविद्यालय, हमीरपुर की मजबूत टीम को हराया और कांस्य पदक अपने नाम किया। महाविद्यालय की प्राचार्या, प्रो. निशा वैद्य ने टीम की कप्तान साक्षी और सदस्यों तानिया, शिवानी, वंदना, नेहा, मीनाक्षी, सोनिया, वंदना, आंचल, श्वेता, और दिव्या को बधाई दी।

### लडभड़ोल चौकी में एएसआई रमेश ने संभाला कार्यभार



अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। पुलिस चौकी लडभड़ोल में एएसआई रमेश कुमार ने शुक्रवार को नए प्रभारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पुलिस चौकी में उप-निरीक्षक अनिल कटोच ने उनका स्वागत किया। एएसआई रमेश कुमार को हाल ही में ओट पुलिस थाना से स्थानांतरित कर लडभड़ोल पुलिस चौकी का जिम्मा सौंपा गया है। उन्होंने पदभार संभालते ही क्षेत्र के लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी पुलिस संबंधित समस्याओं का निपटारा नियमानुसार और त्वरित किया जाएगा। चौकी प्रभारी ने कहा कि नशे के कारोबार और आपराधिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हीरो मोटोकॉर्प कंपनी ने मंडी में किया कैंपस इंटरव्यू

अनंत ज्ञान, मंडी। टू-व्हीलर निर्माता कंपनी हीरो मोटो कॉर्प लिमिटेड हरिद्वार (उत्तराखंड) द्वारा शुक्रवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया। संस्थान के प्रधानाचार्य ई. रविंद्र सिंह बनयाल ने बताया कि इस कैंपस इंटरव्यू में 90 आईटीआई पास अभ्यर्थियों ने भाग लिया और 72 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। कंपनी को 200 पदों भर्ती करनी थी। लेकिन कैंपस इंटरव्यू में केवल 90 अभ्यार्थी पहुंचे थे। बहरहाल कंपनी द्वारा निर्धारित नियमों अनुसार कैंपस इंटरव्यू कर 90 में से 72 अभ्यर्थियों का मौके पर चयन कर लिया है। कैंपस इंटरव्यू में फिटर, टर्नर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, आर एंड एसी, वायरमैन, पीपीओ, शीट मेटल, मैकेनिक एग्रीकल्चर, मैकेनिक ऑटो बॉडी पेंटर/ रिपेयर सहित अन्य ट्रेड के अभ्यर्थियों ने नौकरी के लिए भाग्य आजमाया।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत दिलाई शपथ



अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुंदरनगर पूनम चौहान ने सीडीपीओ कार्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कर्मचारियों को बाल विवाह के खिलाफ हर संभव प्रयास तथा बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण की शपथ दिलाई। सीडीपीओ ने सभी कर्मचारियों से आवाहन करते हुए कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है जो बालिकाओं की शिक्षा सुरक्षा स्वास्थ्य और विकास में बड़ा है तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में शादी के कारण लड़कियों को शिक्षा से वंचित होना पड़ता है, जिससे उनके आत्मनिर्भर बनने के रास्ते बंद हो जाते हैं। बाल विवाह बच्चों को उनके अधिकारों से वंचित कर उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर बनाता है। यह प्रथा न केवल बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बनाती है, बल्कि समाज की प्रगति में भी बाधा उत्पन्न करती है। बाल विवाह, बचपन खत्म कर देता है। इस अवसर पर सीडीपीओ कार्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

### निगम में नए शामिल क्षेत्रों में संपत्ति कर न लगाने की मांग

अनंत ज्ञान, मंडी। नगर निगम मंडी के तल्याहड़ वार्ड को निगम क्षेत्र से बाहर करने और संपत्ति कर में छूट देने की स्थानीय वासियों ने मांग की है। इस बारे में तल्याहड़ वार्ड के पंजेहटी, तवामढ़ा और तल्याहड़ के स्थानीय वासियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह और नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त को शुक्रवार को ज्ञापन प्रेषित करते हुए अपनी आपत्तियां सौंपी है। इस मौके पर स्थानीय निवासी भूपेन्द्र सिंह गुलेरिया, देविन्द्र सिंह गुलेरिया, विकास, सुचेत सिंह, मनीष कटोच, तेजभान सिंह, संजय शर्मा, रत्तन लाल वर्मा, गौरव राणा, तरूणदीप सिंह, विनोद ठाकुर आदि प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे। स्थानीय निवासी का कहना था कि नगर निगम में शामिल किए गए क्षेत्रों को चार वर्ष पहले शामिल किया गया था। तत्कालीन सरकार ने इन क्षेत्रों के लिए सभी तरह के करों में छूट दी गई थी, क्योंकि यहां पर शहरी क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था नहीं है और निकट भविष्य में भी इन सुविधाओं के इन क्षेत्रों में पहुंचने की उम्मीद नहीं है। एडवोकेट मनीष कटोच ने बताया कि स्थानीय वासियों की मांग है कि नए शामिल किए गए तल्याहड़ वार्ड सहित अन्य क्षेत्रों को नगर निगम से बाहर किया जाए तथा इन क्षेत्रों में किसी प्रकार का टैक्स लोगों पर न लगाया जाए। नए शामिल क्षेत्रों को नगर निगम से बाहर निकालने के लिए मुख्यमंत्री और शहरी विकास मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया है। जबकि नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार को नए क्षेत्रों में संपत्ति कर लागू न करने के लिए आपत्तियां दी गई है। अतिरिक्त आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि इन आपत्तियों को नगर निगम के हाउस में विचार हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

### हिम-आंचल पेंशनर्स संघ ने मांगों पर की आवाज बुलंद

अनंत ज्ञान, मंडी। हिम-आंचल पेंशनर्स संघ बल्ह खंड इकाई की बैठक खंड प्रधान मंगत राम चौधरी की अध्यक्षता में डडौर में संपन्न हुई। जिसका संचालन करते हुए महासचिव जयराम नायक द्वारा उपस्थित सदस्यों को खंड में चलाई जा रही गतिविधियों बारे जानकारी दी गई। बैठक में पेंशनरों की मांगों एवं समस्याओं पर विस्तार से मंथन किया गया। वक्ताओं ने सरकार द्वारा पेंशनरों की मांगें जिनमें पेंशन संशोधन पर मिलने वाली बकाया ग्रैच्युटी, लीव-एनकैशमैंट, कम्युटेशन की राशि व जारी महंगाई भत्ता की दो किस्तों के एरियर का भुगतान न करने पर सरकार के प्रति रोष प्रकट किया गया और मांग दोहराई की पेंशनरों के लंबित आर्थिक लाभ एकमुश्त दिए जाएं। इसके अलावा पेंशनरों ने चिकित्सा बिलों के लिए सरकार से पर्याप्त बजट जारी करने व चिकित्सा भत्ता बढ़ोतरी करने बारे भी सरकार से शीघ्र आदेश जारी करने की मांग दोहराई गई।

### एसपीयू ने यूजी-पीजी की परीक्षा फॉर्म की तिथि बढ़ाई

अनंत ज्ञान, मंडी। सरदार पटेल यूनिवर्सिटी द्वारा आने वाले समेस्टर परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तिथि 2 दिसंबर तक बढ़ा दी है। सहायक पंजीयक (परीक्षा) ई0 हनीत राणा के अनुसार यह नियमित व री अपीयर दोनों तरह की परीक्षाओं के लिए लागू होगा। इसके बाद यह तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। उन्होंने यूजी व पीजी में नए पंजीकृत विद्यार्थियों (नियमित व प्राइवेट) को सलाह दी है कि वे स्टूडेंट को पोर्टल पर जाकर अपने अपने परीक्षा आवेदन प्रपत्र का स्टेटस जरूर चेक कर लें।

### मिडल स्कूल बगाहर चौकी में मेधावी नवाजे



अनंत ज्ञान, चौपाल, नेरवा। राजकीय माध्यमिक पाठशाला बगाहर चौकी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया जिसमें गवर्नमेंट कांट्रेक्टर मोहर सिंह मेहटा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल की मुख्याध्यापिका रेनु चौहान वार्षिक रिपोर्ट पढ़ कर सुनाई तथा कहा कि उनके स्कूल में एकेडमिक के अलावा खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी उनके स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर प्रधान ग्राम पंचायत बगाहर चौकी रीना देवी, उप प्रधान पंकज ठाकुर भी उपस्थित रहे।

---

## सनयार्द वार्ड के लोगों ने की नगर निगम से बाहर होने की मांग, लोगों ने कहा–

# निगम बिना सुविधाओं के थोप रहा टैक्स

पुष्पराज, मंडी

नगर निगम क्षेत्र के मर्ज एरिया के लोगों का नगर निगम से बाहर होने की मांग अब तूल पकड़ती जा रही है। लोगों ने विरोध जताया है कि सुविधाएं कुछ भी नहीं मिल रही और टैक्स नजराने की तरह वसूल किया जा रहा है।

इस रेस में जहां बैहना, दौहंदी और नेला वार्ड के साथ अब सनयार्द वार्ड के लोग भी जुड़ गए है। शुक्रवार को नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार के समक्ष सनयार्द वार्ड को नगर निगम के दायरे से बाहर करने और सभी नगर निगम द्वारा लगाए गए सभी करों को हटाने की मांग कर ज्ञापन सौंपा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम से जुड़ने के बाद जितने भी विकासात्मक कार्य थे वो सब ठप पड़े है। जहां पंचायत स्तर पर मनरेगा के द्वारा हर कार्य प्राथमिकता से किया जाता है वहां आज एक कार्य के लिए भी नगर निगम बजट का रोना रोता है।

स्थानीय निवासी नर्बदा चौहान ने इस बारे में कहा की सनयार्द वार्ड में गरीब तबके के लोग रहते है ग्रामीण लोग है जो कि घर का कार्य कर अपनी आजीविका चलाते है वे हाउस टैक्स देने में असमर्थ है और



अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार को ज्ञापन प्रेषित करते हुए सनयार्द निवासी।

**कहा-पंचायत स्तर पर होते थे सभी कार्य आसानी से**

साथ ही घर बनाने पर भी टैक्स लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा की पाइप लाइन को सही तरीके से बिछाकर सनयार्द वार्ड को डैमज एरिया बनाया जा रहा है जिसके कारण लोगों के घरों को भी क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा की हर चीज पर नगर निगम टैक्स लगा रहा है चाहे जमीन हो घर हो गोशाला हो शौचालय हो। उन्होंने कहा कि बिना जनता की राय जाने ही नगर निगम बिना सुविधाओं के टैक्स थोप रहा है। (अनंत ज्ञान)

### यदि मांग को पूरा नहीं किया तो आने वाले चुनावों में करेंगे बहिष्कार

वहीं लौहार सभा के प्रधान अरविंद ने कहा की सनयार्द वार्ड की जनता लोगों के घरो में जाकर काम करके अपनी आजीविका चलाती है और नगर निगम द्वारा बिना सुविधाओं के टैक्स लगाए जा रहे जोकि गरीब जनता देने में असमर्थ है। उन्होंने कहा की सनयार्द वार्ड के मर्ज एरिया को नगर निगम से बाहर कर पंचायत में ही रखा जाए। उन्होंने कहा की जब नगर निगम बना था तब से ही इसमें जोड़ने पर विरोध जारी था लेकिन हमारे लोगों को झांसे में रखा गया। वहीं देवेंद्र कुमार ने कहा की नगर निगम जब बनने जा रहा था उसी समय से इसका विरोध किया लेकिन जोकि उपायुक्त कार्यालय में भी इसके कागजात मौजूद है।

उन्होंने कहा की गांव के भोले भाले लोग आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे है क्योंकि ग्राम पंचायत सनयार्द जब थी तो सारे कार्य मनरेगा के माध्यम से ही हो जाते थे लेकिन अब अदा करना गरीब जनता के बस की बात नहीं है। उन्होंने मांग की है कि यदि सनयार्द वार्ड को नगर निगम से बाहर नहीं किया गया तो आने वाले चुनावों में चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

### उपलब्ध नहीं करवाई जा रही मूलभूत सुविधाएं : पार्षद

नगर निगम सनयार्द वार्ड के पार्षद वीरेंद्र आर्य ने कहा की मर्ज एरिया में नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बजट को भी सही तरीके से आवंटित नहीं किया जा रहा है जिसमें मर्ज एरिया को कम बजट उपलब्ध करवाया जा रहा है जिस कारण स्थानीय लोगों में रोष है। उन्होंने कहा की इस बारे में नगर निगम के अधिकारियों और अन्य मेयर से भी चर्चा की गई कि मर्ज एरिया को ज्यादा बजट उपलब्ध करवाया जाए क्योंकि सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा की हाउस टैक्स भी बिना पार्षदों और लोगों की सहमति से लगा दिया जिसका जनरल हाउस में भी विरोध किया गया था। उन्होंने कहा की सनयार्द वार्ड को नगर निगम में तभी रखा जाए जब मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सके नहीं और इतना ही कर लगाया जाए जितना लोग वहन कर सकते है।

---

# कल्हयार को नगर निगम से बाहर करने का दिया ज्ञापन



पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक अनिल शर्मा को ज्ञापन सौंपते गांव कल्हयार वासी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

चार साल पहले तक ग्राम पंचायत भरौण दूदर का हिस्सा रहे व अब नगर निगम के नेला वार्ड में शामिल गांव कल्हयार के वाशिंदों ने उनके ग्रामीण क्षेत्र कल्हयार को नगर निगम से बाहर करने की गुहार लगाई है।

ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक अनिल शर्मा को इस आशय का ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि 4 साल पहले जब मंडी नगर निगम का गठन किया जा रहा था तब ग्राम पंचायत भरौण के गांव कल्हयार को लगभग जबरदस्ती नगर निगम के वार्ड चार नेला में शामिल किया गया था। उस वक्त कहा गया था कि नए मर्ज एरिया को निगम के करों से मुक्त रखा जाएगा, लेकिन वह अवधि खत्म हो जाने के बाद अब यहां पर भी कर लगाए जाने का प्रस्ताव है। लोगों का कहना है कि इस गांव के गरीब लोग शहरी सुविधाओं वाला भारी भरकम टैक्स चुकाने में असमर्थ हैं।

### बगला गांव में पेड़ गिरने से व्यक्ति की मौत

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

बगला गांव में आज एक दुखद घटना में 50 वर्षीय अशोक की जान चली गई। वह अपने खेतों में लकड़ी काट रहे थे, तभी अचानक एक पेड़ गिरकर उनके सिर पर आ गिरा। यह हादसा इतना अचानक और दुर्भाग्यपूर्ण था कि अशोक को बचाया नहीं जा सका और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और उनके परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। परिजनों ने अशोक कुमार को सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, और लोग अशोक की मौत पर दुःख व्यक्त कर रहे हैं।

---

### लोग 10 दिसंबर तक करें बिजली बिलों का भुगतान

जोगिंद्रनगर। विद्युत उपमंडल लडभड़ोल के सहायक अभियंता रामलाल नायक ने क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि जिन उपभोक्ताओं ने गत माह के बिजली बिलों का भुगतान अभी तक नहीं किया है, उनके लिए 10 दिसंबर अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

उपभोक्ताओं के बिल 100 रुपए या उससे अधिक हैं, वे बिल का भुगतान ऑनलाइन या विद्युत उपमंडल कार्यालय लडभड़ोल में जमा कर सकते हैं। यदि उपभोक्ता 10 दिसंबर तक बिल का भुगतान नहीं करते हैं, तो विद्युत आपूर्ति बिना किसी सूचना के काट दी जाएगी।

### कांग्रेस प्रवक्ता पद पर पंडित का दावा

अनंत ज्ञान, मंडी

कांग्रेसी नेता एन के पंडित ने फिर से नई कार्यकारणी में कांग्रेस प्रवक्ता के पद पर दावेदारी जताई है। गौरतलब है कि एन के पंडित मीडिया की सुर्खियों में रहने के कारण उनकी दावेदारी मजबूत दिखती है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने हाल ही में प्रदेश जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी को भंग किया है। अब नई नियुक्तियों को लेकर दिल्ली से प्रदेश की राजधानी पहाड़ों की रानी शिमला तक पार्टी ने कदमताल कर मंथन में जुट गई है। बता दें कि कि महिला जिलाध्यक्ष के पद पर बल्ह क्षेत्र की दिसू रावत और उमा शर्मा पहले ही दावा जता चुकी है। इसी रेस में तीसरा नाम एनके पंडित का भी जुड़ गया है।

बिलासपुर जिला से संबंध रखने वाले एनके पंडित शुरू से ही छात्र राजनीति कॉलेज टाइम से ही से जुड़े रहे और अब यही तर्क देकर मण्डी से कांग्रेस प्रवक्ता की दावेदारी जता कर हाईकमान के आगे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रतिभा सिंह के दरबार में हाजिरी लगा चुके है।

वे कॉलेज समय से ही एनएसयू आई से जुड़े रहे और पूर्व में वो मंडी सदर ब्लॉक कांग्रेस के सचिव और पूर्व में भी मंडी सदर ब्लॉक कांग्रेस के प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं।

### ब्रह्मदास चौहान को दिया जाए प्रदेश स्तरीय पद : कार्यकर्ता

अनंत ज्ञान, मंडी



ऑब्जर्वर के साथ चर्चा करते हुए ब्रह्मदास चौहान।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान की अध्यक्षता में नाचन विधानसभा क्षेत्र के सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ जिला कांग्रेस कमेटी मंडी गांधी भवन में मंडी संसदीय क्षेत्र के ऑब्जर्वर मुजफ्फर अली गुर्जर से मुलाकात की।

नाचन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष भगत राम चौहान, प्रदेश कांग्रेस महिला की महासचिव मीरा ठाकुर, भौर पंचायत के प्रधान कैप्टन हल्का राम, वीरेंद्र कुमार, रोशन लाल, सुंदरलाल, राम सिंह, सागर चंद आदि सहित सभी ने सामूहिक नाचन विधानसभा क्षेत्र के बारे में सभी पंचायतों के बारे विस्तृत जानकारी दी और अपनी अपनी बारे में अपने विचार रखें। कार्यकर्ताओं का कहना था कि ब्रह्म दास चौहान लंबे समय से कांग्रेस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी यह चाहते हैं कि उन्हें हिमाचल प्रदेश व जिला स्तर पर सम्मानजनक ओहदा दिया जाए जिससे नाचन के कार्यकर्ताओं को एकजुट करके कांग्रेस पार्टी के लिए दिलों जान से कार्य किया जा सके। कार्यकर्ताओं ने ऑब्जर्वर और राष्ट्रीय कांग्रेस से प्रदेश कांग्रेस कमेटी से समर्थन करते हुआ कहा कि ब्रह्मदास चौहान को अच्छा पद मिलना चाहिए ताकि अपनी सेवाएं और मजबूती के साथ पंचायत स्तर में कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए, हमेशा काम करते रहें। ब्रह्मदास चौहान ने ऑब्जर्वर मुजफ्फर अली गुर्जर से मुलाकात करने पर उन्होंने नाचन विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायत की हर कार्यकर्ताओं की विस्तृत जानकारी दी।

---

### खिलड़ा पंचायत को विकास कार्यों के लिए मिले धनराशि

अनंत ज्ञान, मंडी

ग्राम पंचायत खिलड़ा के प्रधान शेर सिंह के निलंबन के बाद ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल कार्यवाहक प्रधान लखन सिंह की अगुवाई में एडीएम मंडी मदन कुमार से मिला और उन्हें एक ज्ञापन प्रेषित किया, जिसमें उन्होंने प्रशासन द्वारा जो भी जनहित के लिए फैसला लिया गया है उस फैसले का आभार जताया और ग्राम पंचायत खिलड़ा को विकास कार्यों के लिए अन्य धनराशि मुहैया करवाने की मांग की है। खिलड़ा पंचायत के कार्यवाहक प्रधान लखन सिंह ने कहा कि जो



एडीएम मदन कुमार को ज्ञापन प्रेषित करते कार्यवाहक प्रधान एवं अन्य।

प्रधान शेर सिंह द्वारा पंचायत के कार्यों पर धनराशी का गबन किया गया उसकी भरपाई की जाए।

कार्यवाहक प्रधान लखन सिंह ने 2 दिसंबर को पंचायत घर धारंडा में सुबह 11 बजे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई है।

### झझैलं पंचायत को मिला आंगनबाड़ी भवन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण करते विधायक दिलीप ठाकुर।

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत झझैलं में 8 लाख से निर्मित आंगनबाड़ी भवन का विधायक दलीप ठाकुर ने लोकार्पण किया। इस मौके पर झझैलं पंचायत की प्रधान सरिता ठाकुर उपप्रधान कुलदीप, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदेश चंदेल जिला महामंत्री राजेंद्र, मंडल महामंत्री पवन ठाकुर, बीडीसी सदस्य प्रोमिला संजय गुलेरिया भाजपा मंडल प्रवक्ता विनय राणा और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर विधायक ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस डूबता जहाज है। वहीं लिंक रोड द्रबारडू, कढ़योहल, दुर्गण को एक एक लाख महिला मंडलों झझैल, बनयोरका और दुर्गणा को दस दस हजार शमशानघाट और फुटपाथ के लिए 30-30 हजार हरिजन बस्ती लिंक रोड के लिए 50000 हजार लोअर कंडयोल में रिटेनिंग वॉल के लिए 50000 प्रदान किए। इस मौके पर विधायक ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस डूबता जहाज है।

### पटड़ीघाट-कलखर सड़क बंद होने से तीन पंचायतों के लोग परेशान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले कलखर ढलवांन पटड़ीघाट सड़क 21 नवंबर कलखर बाजार में चौक बनने के कारण पूरी तरह से बंद है। जो अभी 4 दिसंबर को खोली जाएगी।

स्थानीय लोगों में नरेंद्र कुमार, मनोज, ओम कार, पंकज शर्मा, रोशन लाल, दीपक शर्मा, पीताम्बर लाल आदि का कहना है कि बीमार व्यक्ति को ले जाने के लिए सड़क को खोल देना चाहिए ताकि कोई अनहोनी न हो। इस सड़क पर निर्भर पटड़ीघाट, गेहरा, आम्बललगु आदि पंचायतों को परेशानी का सामना न करना पड़े। लोक निर्माण विभाग सरकाघाट की अधिशाषी अभियंता चुन्नीलाल शर्मा ने कहा कि यह प्रोजेक्ट सीएमयू कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट यूनिट बिलासपुर के तहत कार्य हो रहा है इससे हमारा कोई भी लेना-देना नहीं है।

---

### फोरलेन संघर्ष समिति की बैठक 1 दिसंबर को

अभिषेक, जोगिंद्रनगर। फोरलेन संघर्ष समिति पैकेज-4, घट्टा से नारला, राष्ट्रीय राजमार्ग-154 की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 1 दिसंबर को गलू माता जालपा मेला मैदान में प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में क्षेत्र की 40 पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, बीडीसी वार्ड सदस्य, महिला मंडलों की सदस्याएं और बड़ी संख्या में स्थानीय जनता भाग लेगी।

चौंतड़ा, बीड़ मार्ग, जोगिंद्रनगर, गुम्मा, उरला और पधर व्यापार मंडलों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। बैठक में एनएचएआई द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### डिजिटल परिवर्तन शिक्षा में बदलाव लाने की रखता है क्षमता : अवस्थी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में वाणिज्य और प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ किया गया। इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की थीम 'डिजिटल परिवर्तन और इसका व्यापार, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर प्रभाव सतत विकास लक्ष्यों की ओर है। यह आयोजन हाइब्रिड (ऑनलाइन-ऑफलाइन) माध्यम के द्वारा संचालित किया जा रहा है।

इस आयोजन के मुख्यातिथि सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी के उपकुलपति डॉ. ललित कुमार अवस्थी रहे। महाविद्यालय के



कुलपति प्रो. अवस्थी को सम्मानित करते गणमान्य।

प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने मुख्यातिथि, भारत एवं विदेश के मुख्य वक्ताओं, शिक्षकों, वैज्ञानिकों तथा शोधकर्ताओं का इस कार्यक्रम में जुड़ने के लिए सभी का स्वागत तथा आभार प्रकट किया।

उपकुलपति डॉ. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि डिजिटल परिवर्तन शिक्षा और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखता है।

इस कॉन्फ्रेंस के संरक्षक प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने कहा कि डिजिटल परिवर्तन और इसका व्यापार, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर प्रभाव जैसे प्रासंगिक विषय पर विचार-विमर्श हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौतियों और अवसरों को समझने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

कॉन्फ्रेंस के पहले दिन मुख्य वक्ता पवन गुंडाराम, ग्रुप डोमेन लीडर, प्रोडक्ट मैनेजर एआई और क्लाउड, सफरान, पेरिस, फ्रांस, प्रोफेसर एंटोन इवानोविच शिगेव, स्कूल ऑफ अकाउंटिंग, एनालिसिस एंड ऑडिटिंग, कज़ान फेडरल यूनिवर्सिटी आदि विस्तार से चर्चा की।

### सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना से हर माह 300 यूनिट बिजली फ्री : अरुण शर्मा

अनंत ज्ञान, मंडी

विद्युत बोर्ड लिमिटेड मंडी के अधीक्षण अभियंता अरुण शर्मा ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर-निशुल्क बिजली योजना क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने बताया कि सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर्याप्त वित्तीय सब्सिडी प्रदान करके और इंस्टॉलेशन में सुविधा सुनिश्चित कर सोलर रूफटॉप सिस्टम अपनाने को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्रीय योजना है। परिवार को हर माह 300 यूनिट बिजली निशुल्क मिल सकेगी।

अरुण ने बताया कि योजना का क्रियान्वयन दो स्तरों पर किया जाएगा। योजना के तहत एक किलोवाट प्रणाली के लिए 33 हजार रुपए, 2 किलोवाट के लिए 66 हजार और 3 किलोवाट के लिए 85 हजार की सब्सिडी का प्रावधान है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में 17 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

---

**सम्मेलन** बैंकॉक में आयोजित मेयर अकादमिक में हिमाचल का प्रतिनिधित्व कर रहे वीरेंद्र

# मांडव्य ऋषि के नाम पर रखा मंडी शहर का नाम : वीरेंद्र भट्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

एशिया-प्रशांत महापौर अकादमी सम्मेलन बैंकॉक में आयोजित मेयर अकादमिक में भारत से एक मात्र महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश को देव भूमि भी कहा जाता है।

मंडी शहर का नाम मांडव्य ऋषि के नाम पर रखा गया है, मंडी शहर को सांस्कृतिक राजधानी के रूप में भी जाना जाता है। मंडी शहर को छोटी काशी के नाम से भी जाना जाता है। सम्मेलन में बहुत सी चर्चाएं की गई जिसमें सामुदायिक जुड़ाव व सामुदायिक संघों के साथ



मेयर अकादमिक में महापौर द्वारा अन्य महापौरों को हिमाचली टोपी पहनाए हुए।

साझेदारी बनाना स्वामित्व और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना, व्यवहार परिवर्तन संचार जागरूकता को बढ़ावा देना और सूचना, शिक्षा और दरवाजे जैसे संचार साधनों के माध्यम से जिम्मेदारी घर-घर का दौरा, अभियान और जनसंचार करना। तकनीकी समाधान अपशिष्ट से ऊर्जा मॉडल और संसाधन की खोज अपशिष्ट प्रबंधन को अनुकूलित करने के लिए पुनर्प्राप्ति और पुनरू उपयोग (आरआरआर) सुविधाएं, वकालतरू नीति निर्माताओं और नागरिक समाज सहित हितधारकों को शामिल करना-क्षमता निर्माण कार्यशालाओं और सेमिनारों के माध्यम से, नीति कार्यान्वयनरू अपशिष्ट पृथक्करण पर मौजूदा कानूनों को लागू करना, बढ़ाना, दंड और पुरस्कारों के माध्यम से सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रोत्साहित करना। चुनौती तेजी से शहरीकरण और बढ़ते अपशिष्ट उत्पादन के कारण गंभीर प्रदूषण हुआ है।

इस सम्मेलन के समापन में महापौर वीरेंद्र भट्ट द्वारा वहां उपस्थित सभी मेयर व आयोजकों को हिमाचली टोपियों और मफलरों से सम्मानित किया। इस सम्मेलन में नगर निगम के आयुक्त एचएस राणा, नगर निगम के कार्यक्रम प्रबंधक विशाल चंदेल, विशाल शर्मा उपस्थित रहे।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
रक्तदान महादान
'अनंत ज्ञान' के उपलब्धियों भरे
प्रथम वर्ष
पर लगने वाले रक्तदान शिविर में
आप सब सादर आमंत्रित हैं।
दिनांक वीरवार 12 दिसंबर 2024
आओ मिलकर करें रक्तदान बचाएं जान
समय सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
मंडी जोनल अस्पताल मंडी, मो. 8263880288

## न्यूज ब्रीफ

### बीटन कॉलेज में एड्स विषय पर व्याख्यान



**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** हरोली उपमंडल के तहत संत ढांगू वाले गुर्जर महाविद्यालय बीटन के रेड रिबन क्लब ने शुक्रवार को एचआईवी/एड्स पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया। यह सत्र प्रो. गुरमेल सिंह (रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी) और प्रो. बुद्दा राम (यूथ रेडक्रॉस क्लब के नोडल अधिकारी) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस व्याख्यान को प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. जतिन शर्मा ने संबोधित किया। उन्होंने एचआईवी/एड्स के कारणों, रोकथाम और उपचार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। इस सत्र में 46 छात्रों और कई फैकल्टी सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। डॉ. शर्मा ने छात्रों द्वारा पूछे गए कई महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. जतिन शर्मा को उनके बहुमूल्य योगदान और प्रतिभागियों को उनके सक्रिय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### चुनाव में लगी टैक्सियों की अदायगी न होने पर दिया ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ टैक्सी यूनियन बंगाणा ने शुक्रवार को बंगाणा के उपमंडलाधिकारी नागरिक सोनू गोयल को मांग पत्र सौंपा और जल्द समाधान के समाधान की गुहार लगाई। टैक्सी यूनियन के प्रधान दिलबाग सिंह राणा ने बताया कि बीते जून में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में चुनाव आयोग द्वारा कुटलैहड़ टैक्सी यूनियन की करीब 22 टैक्सियों को अप्रैल से लेकर जून के मतदान तक लगाई थीं ओर टैक्सी चालकों ने बड़ी ईमानदारी से अपना काम किया है, लेकिन छह माह लोकसभा चुनावों के बीत जाने के बाद भी बंगाणा टैक्सी यूनियन द्वारा लगाई गई 22 टैक्सियों के करीब छह लाख रुपए अभी तक नहीं मिले हैं। जिस ठेकेदार किशोरी लाल शर्मा द्वारा गाड़ियों को चुनाव आयोग के पास भेजा था, अब वह ठेकेदार न तो फोन उठाता है और न ही चुनाव आयोग या सरकार से हमारे पैसे दिलवाने की बात करता है। बंगाणा के एसडीएम सोनू गोयल ने कहा कि ठेकेदार से संपर्क करके पूछताछ की जाएगी। इस मौके पर चालक रंजीत सिंह, राम सिंह, बलबीर सिंह, हरि कृष्ण, राकेश, स्वर्ण सिंह, प्रेम चंद, राजेश कुमार, संजय अख्तर, देवेंद्र सिंह, सुनील कुमार, बिपिन कुमार, मुकेश कुमार, विजय, कुलविंद्र, सुखदे, मुनीश कुमार, विजय और कुशल मौजूद रहे।

### बंगाणा कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर किया मंथन



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय बंगाणा के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य विषय अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर आधारित थे। सेमिनार की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. सिकंदर नेगी ने की। मंच का संचालन प्रथम वर्ष की छात्रा वैदेही शर्मा ने की। सेमिनार का विषय 'अंतरराष्ट्रीय राजनीति में निर्भरता सिद्धांत, अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और यूनिफॉर्म सिविल कोड', जो वैश्विक राजनीति से जुड़े समकालीन मुद्दों पर प्रकाश डालता है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में सेकंड ईयर की छात्रा अंशु कुमारी और कृति ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में निर्भरता सिद्धांत पर अपने विचार साझा किए। फाइनल इयर के छात्र नवीन शर्मा ने यूनिफॉर्म सिविल कोड के महत्व और प्रभाव पर जानकारी दी, वहीं फाइनल इयर की छात्रा तमन्ना शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और उसके वैश्विक प्रभाव पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रोफ़ेसर सिकंदर नेगी ने कार्यक्रम के समापन पर कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को दुनिया की विभिन्न चुनौतियों को समझने में मदद करते हैं और उन्हें एक अधिक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वासु शर्मा, महासचिव अंकिता मनकोटिया और सहसचिव तनु ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# बस का समय बदलने से हाल बेहाल, घर कैसे पहुंचेंगे नौनिहाल

**दिक्कत : नारी, चलोला, बसाल, बड़साला, बदोली आदि गांवों के बच्चे अंधेरे में पहुंच रहे अपने घर**

- डीएम व विधायक विवेक से गुहार लगाने पर भी समस्या जस की तस
- लोगों ने परिवहन निगम के कार्यालय के आगे धरना देने की चेतावनी दी

**राजेश शर्मा, ऊना**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धमांदरी को गांव नारी, चलोला, बसाल, बड़साला, बदोली आदि गांवों से लगभग 30 लड़के और 20 छात्राएं पढ़ने के लिए आती हैं। स्कूल में छुट्टी का समय 3 बजे का है और इन बच्चों ने एचआरटीसी के रियायती पास भी बनवा रखे हैं। लगभग चार महीने से जो बस पहले 3 बजकर 05 मिनट से धमांदरी से ऊना को चलती थी, अब वह 2 बजे निकल जाती है, जिससे बच्चों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, विशेष कर लड़कियों के लिए और भी स्थिति अनुकूल नहीं है।



धमांदरी में बस के इंतजार में परेशान छात्र और छात्राएं।

प्रधानाचार्य ने पहले भी लिखित रूप में एचआरटीसी के डीएम को बस का टाइम बदलने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, परंतु आज 5 महीने बीत जाने पर भी इस पर कोई अमल नहीं किया गया। लड़कियों को अंधेरा बस अड्डे पर ही हो जाता है, आगे उन्होंने घर भी पहुंचना है यदि आने वाले समय कोई अप्रिय घटना घट जाती है तो उसके लिए जिम्मेदारी किसकी है।

यह बात स्पष्ट है इस संबंध में आज बस का इंतजार करते बच्चों ने बताया कि हम अपने घर लगभग 6 बजे पहुंचते हैं तो फिर होमवर्क करने का समय ही कम रह जाता है। अन्य लोगों में बालकृष्ण, हरजीत कुमार, प्रधान ग्राम पंचायत, उपप्रधान, स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्यों न भी विभाग से समय पर बस चलाने की मांग की है

पूर्व उपप्रधान बालकृष्ण ठाकुर का कहना है कि लड़कियों को बस अड्डे पर ही अंधेरा हो जाता है। परिवहन विभाग से कई बार स्कूल के माध्यम से प्रार्थना पत्र भेजे गए हैं, परंतु कोई भी उस पर अमल आज तक भी नहीं हुआ। यदि बस का समय नहीं बदल गया तो गांव के लोग परिवहन निगम के कार्यालय के आगे धरना देने पर मजबूर होंगे।

स्थानीय निवासी हरजीत सिंह का कहना है कि विधायक विवेक शर्मा ने भी एक महीना पहले विभाग विभाग को बस का समय बदलने को कहा था परंतु आज तक विधायक की भी नहीं सुनी गई। (अनंत ज्ञान)

## पेपरों के लिए रिवीजन के समय स्कूलों में समारोह होना चिंताजनक

**अनंत ज्ञान, घनारी**

इन दिनों स्कूलों में मेधावियों को पुरस्कृत करने के लिए वार्षिक इनाम वितरण समारोहों का स्कूलों में आयोजन किए जाने की परंपरा है, जिसके अनुसार प्रत्येक वर्ष ऐसे आयोजन स्कूलों में किए जाते हैं। ऐसे आयोजनों का वार्षिक परीक्षाओं के नजदीक किया जाना जहां अधिकतर जागरूक अविभावकों की समझ से बाहर है, वहीं प्रबुद्ध वर्ग भी परीक्षाओं के नजदीक ऐसे आयोजनों को लेकर दुविधा में हैं।





रमेश चंद, स्वर्ण सिंह, अनिल कुमार, राकेश और सुमन समेत कई लोगों का मानना है कि आखिर स्कूल प्रशासन की क्या ऐसी मजबूरी रहती है जो उस वक्त ऐसे आयोजन करने को सहमत हो जाता है, जब पाठ्यक्रम के रिवीजन कराने व बच्चों को वार्षिक परीक्षा के लिए अंतिम अभ्यास कराकर परीक्षा में भेजा जाता है। वहीं, दूसरी तरह सत्तासीन सरकार के चुने प्रतिनिधि भी स्कूली बच्चों के पढ़ाई के होने वाले नुकसान को लेकर संवेदनशील न दिखते हुए इसे कार्यक्रमों भाग लेने के लिए लाव-लश्कर लेकर पहुंचने से गुरेज नहीं करते। स्कूलों में ऐसे आयोजनों का परीक्षाओं के सिर पर होने के ठीक पहले किया जाना कितना उचित है, इस बारे लोगों की राय जाननी चाही तो अधिकतर ने कहा कि स्कूलों में ऐसे कार्यक्रमों का वार्षिक परीक्षाओं के नजदीक आयोजित किया जाना स्कूल प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में फिल्मी धुनों का बजना भी सवाल खड़े करता है कि अपनी संस्कृति को किस प्रकार हर स्तर पर अनदेखा किया जाता है, जबकि इस बारे ने लोगों ने कहा कि स्कूलों में इनाम वितरण समारोह नए शिक्षा सत्र के शुरू में किया जाना चाहिए जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो सके।

लोगों ने कहा कि स्कूलों के ऐसे समारोहों में प्राय: सरकार से जुड़े लोग जो शिरकत करते हैं, ऐसे में उन्हें भी इस बात का ध्यान अवश्य रखना चाहिए कि स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। स्कूलों में ऐसे कार्यक्रमों का खर्च भी स्कूल प्रशासन करता है, लेकिन स्कूल में बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाओं का टोटा अक्सर चर्चा में रहता है, जिस पर कोई भी ध्यान देना नहीं चाहता।

## अपना विद्यालय-द स्कूल अडॉप्शन कार्यक्रम के लिए ऊना जिले के 47 स्कूल चयनित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रदेश सरकार के अपना विद्यालय-हिमाचल स्कूल अडॉप्शन कार्यक्रम के पहले चरण में ऊना जिले के 47 स्कूलों का चयन किया गया है। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिले के सभी सरकारी अधिकारी चयनित किए गए सरकारी स्कूलों में जाकर बच्चों से संवाद करेंगे और अपनी विशेषज्ञता के विषय की कक्षाएं लेंगे तथा बच्चों का मार्गदर्शन करेंगे, साथ ही वे स्कूल के सर्वांगीण विकास और गुणात्मक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सहयोग करेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत आगे भी इसका दायरा बढ़ाकर अन्य अधिकारियों एवं स्कूलों को भी इसमें जोड़ा जाएगा।

**ये स्कूल हुए चयनित :** हिमाचल स्कूल अडॉप्शन कार्यक्रम के तहत पहले चरण में रावमापा (छात्रा) ऊना, रावमापा बहडाला, रावमापा (बाल) ऊना, रावमापा दुलैहड़, रावमापा बढ़ेड़ा राजपूतां, रावमापा धुंदला, रावमापा थानाकलां, रावमापा बसदेहड़ा, रावमापा देहलां, रावमापा हरोली, रावमापा घनारी, रावमापा रायपुर सहोड़ां, रावमापा संतोषगढ़ (गर्ल्स), रावमापा ललड़ी, रावमापा अंब, रावमापा बसाल, रावमापा अंबोटा, रावमापा पंडोगा, रावमापा सलोह, रावमापा ठठल, रावमापा कांगड़, रावमापा मुबारिकपुर, रावमापा धुसाड़ा, रावमापा पूबोवाल, रावमापा बंगाणा, रावमापा अंदौरा, रावमापा बेहड़ जस्वां, रावमापा दौलतपुर चौक, रावमापा नेहरियां, रावमापा गुरपलाह, रावमापा दियाड़ा, रावमापा भैरा, रावमापा तलमेहड़ा, रावमापा बने दी हट्टी, रावमापा खड्डु, रावमापा धमांदरी, रावमापा समूरकलां, रावमापा बौल, रावमापा रपोह मिसरां, रावमापा बडूही, रावमापा मरवाड़ी, राजकीय उच्च विद्यालय लोअर बसाल, रावमापा चौकीमन्यार, रावमापा टक्का, रावमापा पंडोगा अप्पर और रावमापा नारी स्कूल को शामिल किया गया है।

## कांग्रेस के योगदान को कोई नहीं भूल सकता : जगत राम

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव व प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार देश के लोगों ने राहुल और प्रियंका को लोकसभा में,उ उनकी माता सोनिया गांधी को राज्यसभा में चुनकर भेजा, देश वासियों को लख लख बधाई। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के संघर्ष में कांग्रेस के द्वारा दिए गए योगदान और आजादी के बाद कांग्रेस सरकार द्वारा देश का भरपूर विकास किए गए हुए कांग्रेस के योगदान को नहीं भूल सकता। इसी कारण भारत की नींव बहुत मजबूत हुई और बहुत सी बातों में देश आत्मनिर्भर हो चुका है।



इसके विपरीत भाजपा की चौकड़ी (मोदी, शाह, योगी तथा नड्डा आदि ) ने दिन-रात कांग्रेस और गांधी परिवार को शून्य पर लाने के लिए दिन रात जोर लगाते रहे परंतु अबकि बार चार सौ पार का नारा लगाते-लगाते भाजपा अकेली बहुमत भी नहीं प्राप्त कर सकी और पता नहीं वैसाखी पर टिकी हुई सरकार कब धड़ाम कर गिर जाए।

## श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया





ऊना के वार्ड नंबर एक में श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करते आचार्य मोहन श्याम महाराज (दाएं) श्रवण करते श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राधे-राधे कीर्तन मंडली द्वारा स्थानीय वार्ड एक में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचक आचार्य मोहन श्याम जी महाराज ने श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं। श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन सर्वप्रथम कथा वाचक द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की गणेश वंदना व रुक्मणी विवाह का विधि-विधान से शुभारंभ कराया।

कथा वाचक ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थीं। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया।

उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। उन्होंने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ।

कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है, इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प व कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन भी किया। कथा वाचक द्वारा उद्घोषित मंत्रोच्चारण के बीच विवाह कार्य संपन्न होते ही श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। मित्रता कैसे निभाई जाती है, यह भगवान श्रीकृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं।

राधे-राधे कीर्तन मंडली की पदाधिकारियों ने बताया कि कथा का समापन 1 दिसंबर को होगा। समापन अवसर पर सुबह 11 बजे पूर्णाहुति के उपरांत विशाल भंडारा होगा। कार्यक्रम में रमा अरोड़ा, मोनिका, शशि राणा, निर्दोष, शारदा, मीनाक्षी, रेखा रानी, मधु, राजीव बाली, प्रदीप राणा, रविंदर, राकेश अरोड़ा आदि काफी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

## शिक्षा के क्षेत्र में बच्चे सफल नहीं हुए तो बेहतर राष्ट्र नहीं बन सकता है : बबलू



मैड़ी विद्यालय में विधायक सुदर्शन बबलू मेधावियों के साथ।

**विवेक शर्मा, अंब**

आज के बच्चे कल के स्वच्छ राष्ट्र का भविष्य हैं, इसलिए अगर बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में सक्षम नहीं हो पाएंगे तो कल एक बेहतर राष्ट्र का सपना नहीं देखा जा सकता है। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने यह बात शुक्रवार को राजकीय उच्च विद्यालय मैड़ी में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि कही।

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि सरकार प्रदेश में शिक्षा के लिए चरणबद्ध तरीके से काम कर रही है। मुख्याध्यापक राकेश कुमार ने स्कूल की उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू शिक्षा व खेलों के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान करके सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विधायक निधि से 11000 रुपए प्रदान किए, साथ ही विधायक ने स्कूल के कमरों के लिए पांच लाख और शौचालय के निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए देने की घोषणा की।

इस दौरान स्थानीय पंचायत प्रधान रीना ठाकुर, पूर्व प्रधान रविंद्र शर्मा, एसएमसी प्रधान गणेश राम, राकेश कुमार, काका के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## विधायक विवेक ने लाठियानी-तनोह स्कूल के नवाजे मेधावी

**अनंत ज्ञान, बंगाण**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लाठियानी ओर तनोह में वार्षिक पारितोषिक समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर स्कूल स्टाफ एवं स्थानीय जनता ने मुख्य तिथि का भव्य स्वागत किया।



वार्षिक पारितोषिक कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा मेधावी छात्रों के साथ।

वहीं, एनसीसी यूनिट ने मार्चपास्ट की सलामी दी। मुख्यातिथि ने ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूली छात्रों ने सरस्वती बंदना के साथ पहाड़ी नाटी, पंजाबी गिद्दा, भांगड़ा और एकल गान से पंडाल से खूब तालियां बटोरीं। इस दौरान विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू शिक्षा के क्षेत्र में कड़े फैसले ले रहे हैं और बीते दो वर्ष के कार्यकाल में राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों जैसी सुविधाएं प्रदान करके सरकारी ओर निजी शिक्षा संस्थाओं के मतभेद को खत्म किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ साथ छात्रों को खेल एवं अन्य प्रतियोगताओं में भी भाग लेना होगा, ताकि हमारे समाज का हर युवा सक्षम बने ओर नशे जैसे विकारों का त्याग करके अपने जीवन को सार्थक कर सके।

वहीं, विधायक विवेक शर्मा ने बेहतर प्रस्तुतियों को देखकर अपने आप को नहीं रोक पाए और कार्यक्रम के दौरान मंच पर खूब थिरके। प्रिंसिपल द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उन्होंने जो मांगें स्कूल की रखीं, उसे मुख्यातिथि ने पूरा करते हुए स्कूल के लिए चार कमरे, शेड के लिए एक लाख, 40 एनएसएस यूनिट कैडेट्स के लिए ट्रैक सूट, 8 सोलर लाइट्स दीं। इस दौरान मुख्यातिथि ने 5100-5100 रुपए सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्राथमिक स्कूल के लिए 2100-2100 देने की घोषणा की।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, जिला पार्षद सदस्य सत्य देवी, स्थानीय प्रधान, उपप्रधान, राज्य कांग्रेस सचिव देसराज मोदगिल, पूर्व प्रधान मोहिंदर सिंह, स्थानीय प्रधान, उपप्रधान, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य, मोहित के अलावा छात्रों के अभिभावक, स्कूल स्टाफ में स्कूल प्रिंसिपल, प्रवक्ता राजेश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एनडीआरएफ की टीम जिले में 2 से 14 दिसंबर तक चलाएगी सामुदायिक अभ्यास

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से बचाव बारे जागरूक करने के लिए 2 से 14 दिसंबर तक जिले के विभिन्न स्थानों पर 14वीं बटालियन की एनडीआरएफ टीम द्वारा सामुदायिक अभ्यास करवाया जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम 2 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर जिला आपदा प्रबंधन के अधिकारियों के साथ प्रात: 11 बजे बैठक कर पुलों, इंवेंटरी संसाधनों और जिला में पिछले पांच सालों में हुई प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक घटनाओं संबंधित जानकारी एकत्रित करेगी। इसी कड़ी में एनडीआरएफ की टीम 3 दिसंबर को उपमंडल हरोली के औद्योगिक क्षेत्र बेला-बाथड़ी में मानसून सीजन 2024 में बाढ़ से प्रभावित हुए क्षेत्र का दौरा करेगी।

उन्होंने बताया कि गगरेट उपमंडल के तहत 4 दिसंबर को रावमापा जाडला और 5 दिसंबर को रावमापा भंजाल में सुबह 10 बजे छात्रों/स्टाफ के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा। बंगाणा उपमंडल के तहत 6 दिसंबर को रावमापा मंदली और 7 दिसंबर को रावमापा हटली में सुबह 10 बजे छात्रों/स्टाफ के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण प्रोग्राम आयोजित होगा। उपमंडल अंब के अंतर्गत 9 दिसंबर को रावमापा नेहरियां और रावमापा टकारला में प्रात: 10 बजे छात्रों/स्टाफ के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि हरोली उपमंडल में 11 दिसंबर को रावमापा कांगड़ और 12 दिसंबर को रावमापा बाथड़ी तथा 13 दिसंबर को प्रात: 10 बजे उपमंडल ऊना के अंतर्गत रावमापा कुठार कलां में छात्रों/स्टाफ के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण प्रोग्राम आयोजित करेगी। इसके अलावा 14 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और जिला के विभिन्न क्षेत्रों से एकत्रित की गई जानकारी की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

**मंथन** उपायुक्त जतिन लाल ने सभी विभागों को जिले में प्रदेश सरकार के तमाम फ्लैगशिप कार्यक्रमों को पूरी तत्परता से लागू करने के दिए निर्देश

# सरकार के सभी फ्लैगशिप कार्यक्रमों को पूरी तत्परता से करें लागू : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने सभी विभागों को ऊना जिले में प्रदेश सरकार के तमाम फ्लैगशिप कार्यक्रमों को पूरी तत्परता से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने डीआरडीए सभागार में इस संदर्भ में जिले के अधिकारियों की अलग अलग बैठकें लीं तथा उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

इसके बाद उपायुक्त ने जिला स्तरीय वेटलैंड समिति की बैठक एवं कार्यशाला की अध्यक्षता की । इस कार्यशाला का उद्देश्य समिति सदस्यों को वेटलैंड प्रबंधन एवं संवर्धन की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना तथा उनकी भूमिका से अवगत कराना था। इन बैठकों में पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा, सभी एसडीएम, सीएमओ, डीएफओ, जलशक्ति, लोक निर्माण समेत सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त जतिन लाल।

**अपना विद्यालय-द स्कूल अडॉप्शन कार्यक्रम :** उपायुक्त ने कहा कि अपना विद्यालय-द स्कूल अडॉप्शन कार्यक्रम प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण नवीन कार्यक्रम है। इसमें पहले चरण में जिले के सभी सरकारी आला अधिकारी एक-एक सरकारी स्कूल गोद लेंगे। वे महीने में कम से कम दो बार स्कूल में जाकर बच्चों से संवाद करेंगे। अपनी विशेषज्ञता के विषय की क्लास लेंगे और बच्चों का मार्गदर्शन करेंगे। इसके अलावा वे स्कूल के सर्वांगीण विकास और वहां गुणात्मक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सहयोग करेंगे। पहले चरण में जिले के 47 अधिकारियों ने एक-एक स्कूल गोद लिया है। आगे इसका दायरा बढ़ाया जाएगा।

**जन समस्याओं की सुनवाई और समाधान पर ध्यान :** उपायुक्त ने बताया कि हाल ही में शिमला में हुए डीसी-एसपी सम्मेलन में मुख्यमंत्री सुक्खू ने जिलों में जनससमस्याओं की सुनवाई और समाधान पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने इन निर्देशों की अनुपालन में अधिकारियों को कार्यालयों में जनसमस्याएं सुनने के लिए दिन निर्धारित करने को कहा। उन्होंने कहा कि वह स्वयं हर हफ्ते के सोमवार और वीरवार को पूरा दिन (किंही अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़ के) जनता के लिए अपने कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे। हफ्ते के बाकी दिनों में वे विकास की दृष्टि से जिले का दौरा करेंगे।

**अवैध खनन और नशा माफिया से कड़ाई से निपटें :** उपायुक्त ने जिले में अवैध खनन और नशा माफिया से कड़ाई से निपटने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को पुलिस के साथ तालमेल बनाकर कार्रवाई करने को कहा।

**जनकल्याण योजनाओं में पात्रों को समय पर मिले लाभ:** उपायुक्त ने प्रदेश सरकार की जनकल्याण की योजनाओं में प्राप्त आवेदनों के निपटारे की प्रक्रिया में गतिशीलता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने यह तय बनाने के निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना तथा इंदिरा गांधी प्यारी बहाना सुख सम्मान निधि योजना समेत तमाम फ्लैगशिप कार्यक्रमों में प्राप्त हर आवेदन का एक हफ्ते के भीतर निस्तारण हो। उन्होंने बताया कि फ्लैगशिप कार्यक्रमों के साथ साथ राजस्व और विकासात्मक परियोजनाओं के कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ऊना को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वह हर सप्ताह इसकी प्रगति की समीक्षा बैठक लेंगे।

### ई-ऑफिस प्रणाली अपनाए हर कार्यालय

उपायुक्त ने जिले के सभी सरकारी कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि जिले का हर कार्यालय ई-कार्यालय बने, सभी फाइल वर्क डिजिटल पोर्टल के माध्यम किए जाएं।

### निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं के काम को दें गति

जतिन लाल ने जिले में निर्माणाधीन प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों को और गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने बल्क ड्रग पार्क परियोजना के लिए बन रहे अप्रोच रोड़, पेयजल योजनाओं समेत अन्य कार्यों की गति की समीक्षा की। उपायुक्त ने पीजीआई सैटेलाइट सेंटर के शेष कार्य को भी समयबद्ध पूरा करने को कहा। उन्होंने रेलवे अंडर ब्रिज कार्य तथा बाईपास निर्माण के प्रस्ताव की दिशा में उठाए कदमों का ब्योरा भी लिया। उन्होंने मंदली-लठियाणी पुल निर्माण को लेकर प्रक्रियागत औपचारिकताओं को पूरा की दिशा में किए कार्यों का स्टेटस भी जाना। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय बंगाणा तथा केंद्रीय विद्यालय सलोह के कार्यों की प्रगति का भी ब्योरा लिया साथ ही जिले के अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की।



## न्यूज ब्रीफ

### बागीपुल-जाओं मार्ग पर सड़क हादसा, एक की मौत

**आनी।** बागीपुल-जाओं सड़क मार्ग ढारे नामक स्थान (परेश) के पास एक हादसा पेश आया। इस घटना में एक पिकअप गहरी खाई में गिरने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस थाना निरमंड के अंतर्गत बागीपुल-जाओं सड़क मार्ग पर ढारे नामक परेश के पास दोपहर करीब 12:15 के आसपास यह हादसा पेश आया। वहीं, इस मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी आनी चंद्र शेखर कायथ ने बताया कि दोपहर टेलीफोन के माध्यम से दुर्घटना की सूचना मिली सूचना मिलते ही पुलिस को मौके पर भेज दिया गया। गाड़ी बागीपुल-जाओं सड़क मार्ग पर ढारे नामक स्थान परेश के पास कुरपन खड्ड में जा गिरी, जिसमें एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान 46 वर्षीय लाल चंद पुत्र हरि दस गांव कलोटी डाकघर जाओं तहसील निरमंड के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की छान बीन शुरू कर दी है।

### मणिकर्ण घाटी में दो से की जाएगी ई-केवाईसी

**कुल्लू।** प्रदेश सरकार की ओर से प्रदान की जा रही बिजली सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए मोबाइल ऐप के माध्यम से घरेलू उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी की जाएगी। सहायक अभियन्ता बिजली उपमंडल जरी ने बताया कि बिजली उपमंडल, जरी के अंतर्गत आने वाली पंचायतों, पंचायत घर कसौल, जरी और पीणी में 2 दिसंबर को पंचायत घर मणीकर्ण और बरशैणी में 3 और पंचायत घर पुंथल में 6 को घरेलू उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी की जाएगी। ई. केवाईसी के लिए उपभोक्ताओं को बिजली बिल के साथ आधार कार्ड अथवा राशन कार्ड लेकर आना होगा।

### पहली बार पूर्व छात्र सम्मेलन का होगा आयोजन

**पतलीकूहल।** सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं में 1 दिसंबर रविवार को पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन पहली बार आयोजित किया जा रहा है और इसमें स्कूल के सभी पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन में विशिष्टातिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य धनवीर, देवराज, पुष्पा बौद्ध और अन्य पूर्व छात्र शामिल होंगे। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में भी एक पूर्व छात्र शामिल होगा। सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं के प्रधानाचार्य जितेंद्र वर्मा ने सभी पूर्व छात्रों से सम्मेलन में उपस्थित होने और अपनी भागीदारी देने का आग्रह किया है। सम्मेलन का आयोजन एक को सुबह 11 बजे स्कूल परिसर में किया जाएगा।

### श्रमिक कल्याण बोर्ड की योजनाओं की जानकारी दी

**बंजार।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड जिला कुल्लू द्वारा पंचायत खाड़ागाड़, तांदी और सजवाड़ के कामगारों के लिए एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश मनरेगा व निर्माण एवं सर्व कामगार संगठन के प्रदेश महासचिव अजीत राठौर ने बताया कि शिविर का आयोजन पंचायत खाड़ागाड़ के सभागार में किया गया। शिविर में जिला श्रम कल्याण अधिकारी कुल्लू तथा श्रम कल्याण अधिकारी मंडी ने खासतौर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने मनरेगा व निर्माण कामगारों को श्रमिक कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कामगार संगठन के प्रदेश महासचिव अजीत राठौर ने बताया कि शिविर के दौरान खासतौर पर तीनों पंचायतों से आए कामगारों की ईकेवाईसी भी करवाई गई।

### अस्पताल का कायाकल्प योजना के तहत किया निरीक्षण

**केलांग।** क्षेत्रीय अस्पताल केलांग का निरीक्षण कायाकल्प योजना के तहत किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी (स्वास्थ्य) राज कुमार ने बताया कि कायाकल्प टीम ने वीरवार व शुक्रवार को क्षेत्रीय अस्पताल केलांग में स्वास्थ्य स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, बायो मेडिकल वेस्ट के प्रबंधन और अन्य स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जांच की। हमीरपुर से तीन सदस्यों की टीम निरीक्षण में शामिल हुई, जिसमें डॉ. अनिल कुमार शर्मा, डॉ. आशीष ठाकुर और विशाल चौहान ने अस्पताल की ओपीडी, आईपीडी, दंत ओपीडी, फार्मेसी, माइनर ओटी, क्रस्ना लैब, लेबर रूम, ऑपरेशन थियेटर, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विभाग सहित अस्पताल प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। कायाकल्प टीम द्वारा किए गए निरिक्षण की पूरी रिपोर्ट अब स्वस्थ्य निदेशालय शिमला भेजी जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी (स्वास्थ्य) राज कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य निदेशालय की विभिन्न टीमें प्रदेश भर के विभिन्य अस्पतालों का निरीक्षण कर रही हैं। क्षेत्रीय अस्पताल की आतंरिक असेस्मेंट टीम, जिसमें डॉ. राज कुमार, डॉ. पारस तथा डॉ. गीतांजली ने बताया कि कायाकल्य टीम ने अस्पताल का निरिक्षण किया है तथा भविष्य में अस्पताल प्रशासन स्वास्थ्य व स्वच्छता सेवाओं में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे।

### 109 छात्रों को निथर स्कूल में किया पुरस्कृत

**आनी।** शिक्षा खंड निरमंड के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निथर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश लुहरी जल विद्युत परियोजना चरण-एक के परियोजना प्रमुख सुनील चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विशिष्टातिथि पंचायत निथर के प्रधान जगदीश ठाकुर ने शिरकत की। कार्यक्रम में छात्रों ने पहाड़ी, कुल्लवी, बॉलीवुड और किन्नौरी गीत पेश किए। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेशकर खूब तालियां बटोरीं। छात्रों ने वाद्ययंत्रों की दमदार प्रस्तुति देकर लोक संस्कृति की छटा बिखेरते हुए सभी को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में स्कूल के करीब 109 छात्रों को विभिन्न गतिविधियों के लिए पुरस्कृत किया।

### सैंज स्कूल में मेधावियों को किया सम्मानित

**सैंज।** कैप्टन हनीफ वीर चक्र फाउंडेशन स्कूल सैंज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में गाडापारली पंचायत के पूर्व प्रधान एवं जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव बुधराम ठाकुर ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य धनवीर सिंह ठाकुर ने की। समारोह के शुभारंभ अवसर पर स्कूली शिक्षकों व छात्रों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और उसके पश्चात मुख्यातिथि को टोपी व मफलर पहनाकर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य धनवीर सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि का स्वागत कुल्लवी टोपी व स्मृति चिन्ह देकर किया। इसके बाद कार्यक्रमों का दौर शुरू हुआ। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज 24वां वार्षिक पारितोषिक समारोह मनाया जा रहा है। पारितोषिक कार्यक्रम में जहां स्कूल के होनहार बच्चों पर इनाम बरसे। वहीं, बुधराम ने बच्चों द्वारा पेश किए गए कार्यक्रमों की जमकर तारीफ की।

# पर्ची सिस्टम से भाजपा समर्थित मनोज लारजे के सिर सजा नप अध्यक्ष का ताज

## सुनीता निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित, 81 दिन बाद हटा नगर परिषद के सियासी ड्रामे से पर्दा

**एम बोकटापा, मनाली**

आखिर 81 दिन के सियासी ड्रामे से पर्दा उठ गया है और कांग्रेस के गढ़ में फिर से नगर परिषद मनाली में भगवा लहराया है। शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा समर्थित मनोज लारजे के सिर पर अध्यक्ष पद का ताज सजा है, जबकि कांग्रेस समर्थित सुनीता शर्मा निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई।

मनाली में हुई बैठक में नगर परिषद के सभी सात पार्षदों के अलावा स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने भी भाग लिया। भाजपा की तरफ से मनोज कुमार लारजे और कांग्रेस की ओर से नवीन तनवर ने नामांकन भरा। वोटिंग के बाद दोनों तरफ में चार चार मत पड़े। मामला बराबरी के होने पर चुनाव अधिकारी द्वारा पर्ची डाली गई, जिसमें भाजपा के मनोज ने बाजी मारी। उपाध्यक्ष पद के लिए सिर्फ सुनीता


भाजपा समर्थित मनोज लारजे नप अध्यक्ष बनने के बाद विक्टरी चिन्ह बनाते हुए।

शर्मा ने ही नामांकन भरा और वह निर्विरोध चुनी गई। वहीं, विधायक भुवनेश्वर गौड़ के मत के बाद भी कांग्रेस का मनाली में अध्यक्ष नहीं बन पाया है। हालांकि कांग्रेस के हिस्से में उपाध्यक्ष का पद आया है, लेकिन अध्यक्ष पद पर कब्जा करने से कांग्रेस चूक गई है।

पर्ची में भी भाजपा के पार्षद मनोज की किस्मत जागी और अढ़ाई महीने की कश्मकश के बाद उनके सर पर अध्यक्ष का ताज सज गया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनोज ने कहा कि आखिर सच्चाई की ही जीत हुई है। राजनीति के चलते मनाली नप का चुनाव टालने की बार-बार कोशिश की गई। मनाली के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि मनाली के विकास के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर काम किया जाएगा। भाजपा के शहरी अध्यक्ष अबरोल ने कहा कि भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की है, अब शहर में लोगों के लंबित पड़े हुए कार्य समय पर होने और शहर की सुस्त पड़ी सफाई व्यवस्था में भी सुधार होगा। (अनंत ज्ञान)

### किंग मेकर बनकर उभरे गोविंद ठाकुर

**पूर्व** विधायक एवं मंत्री गोविंद ठाकुर एक बार फिर किंग मेकर बनकर उभरे। मनाली नप के पार्षदों की आपसी गुटबाजी के बावजूद वह अपना किला बचाने में सफल रहे। सनद रहे कि गत 25 सितंबर को उपाध्यक्ष मनोज ने भाजपा समर्थित पार्षद कल्पना व चंद्रा पदान से मिलकर कांग्रेस समर्थित सुनीता शर्मा के सहयोग से ही अध्यक्ष चमन कपूर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था। अक्तूबर महीने में मनोज कुमार ने भी उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था, तब से अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के पद खाली चल रहे थे। ढाई महीने से चल रहे सियासी उठा पटक के खेल को आज विराम मिल गया, जबकि मनाली को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष मिल गया है।

## क्लीनिकों में अल्ट्रासाउंड मशीनों के प्रयोग पर रखी जा रही कड़ी नजर : डॉ. नागराज


बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए सीएमओ कुल्लू डॉ. नागराज पवार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू डॉ. नागराज पवार ने कहा कि जिले के निजी स्वास्थ्य संस्थानों अथवा क्लीनिकों में अल्ट्रासाउंड मशीनों के प्रयोग पर हर समय कड़ी नजर रखी जाती है, ताकि लिंग का पता लगाने के लिए इनका दुरुपयोग न हो सके। यह बात उन्होंने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के तहत आयोजित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि जिला न्यायवादी ने स्थानीय निजी अस्पताल में मशीनों को जमा करने संबंधी मामले में समस्त पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी एंड पीएनडीटी) अधिनियम, कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए पारित किया गया है। इस अधिनियम से प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध है। प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक 'पीएनडीटी' एक्ट के तहत जन्म से पूर्व शिशु के लिंग की जांच पर पाबंदी है। अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी करवाने वाले जोड़े या करने वाले डॉक्टर, लैब कर्मी को 3 से 5 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। बैठक में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनु, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश के अलावा गैर-सरकारी सदस्य मीरा राणा सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## बीएसएनएल के 4जी नेटवर्क से जुड़े दूरदराज क्षेत्र पिन वैली व मुद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की दुर्गम पिन वैली भी आजादी के इतने वर्षों बाद आखिर बीएसएनएल के फोर जी नेटवर्क से जुड़ गई है।

अतिरिक्त उपायुक्त स्पीति राहुल जैन ने बताया कि प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के दुर्गम एवं दूरदराज क्षेत्र पिन वैली सहित इस वैली के अंतिम गांव मुद भी अब भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की 4जी सेवा से जुड़ गए हैं। पिन वैली में बीएसएनएल का 4जी सिग्नल पहुंचने से इस क्षेत्र के लोग भी अब प्रदेश सहित देश-दुनिया से जुड़ गए हैं। बीएसएनएल की हाई स्पीड 4जी नेटवर्क पहुंचने से जहां पिन वैली के मुद ग्रामवासियों सहित पूरे पिन वैली के लोगों में खुशी की लहर है। वहीं, प्रदेश सरकार का भी क्षेत्र के लोगों ने विशेष रूप से आभार व्यक्त



किया है। उन्होंने बताया कि स्पीति के पिन वैली क्षेत्र में आज तक 4जी सेवा नहीं होने से पिन वैली के लोगों की हमेशा मांग रही है कि उन्हें भी 4जी सेवा प्रदान की जाए, लेकिन 4जी संतृप्ति परियोजना के तहत अब स्पीति क्षेत्र में बीएसएनएल द्वारा लगभग 30 टावर स्थापित किए हैं, ताकि स्पीति घाटी के दुर्गम एवं दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले ग्राम वासियों व लोगों को भी आने वाले दिनों में 4जी सेवा प्रदान की जा सके।

## एलपीएस के वजूद को बचाने की दिशा में विधायक ने शुरू की कवायद

**कमलेश वर्मा, केलांग**

आर्थिक संकट से जूझ रही देश की दूसरी सबसे बड़ी को-ऑपरेटिव लाहौल पोटेटो सोसायटी (एलपीएस) के वजूद को बचाने की दिशा में लाहौल-स्पीति की विधायक ने कवायद शुरू कर दी है।

विधायक अनुराधा राणा एलपीएस के अध्यक्ष मंगल चंद ठाकुर व सोसायटी के अन्य निदेशक मंडल के प्रतिनिधियों के साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कॉर्पोरेशन सचिव पालरासु से मिला। इस मौके पर इस प्रतिनिधिमंडल ने लाहौल पोटेटो सोसायटी की नाजुक स्थिति से उबारने के लिए सरकार से सहयोग की बात रखी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कैबिनेट में प्रमुखता से एलपीएस की संपत्ति को बचाने के लिए और अन्य हर संभव सहयोग के लिए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त


उपमुख्यमंत्री व जगत सिंह नेगी के साथ विधायक अनुराधा राणा व अन्य प्रतिनिधिमंडल।

किया। वहीं, विधायक ने अन्य प्रतिनिधिमंडल के साथ इससे पूर्व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह से भी मुलाकात कर एलपीएस के चंद्रमुखी होटल को नीलामी से बचाने और बैंक को कु छ और समय देने के निर्देश देने की मांग रखी। सीएम के निर्देशों के बाद बैंक द्वारा एलपीएस को समय दिया गया है। एशिया की दूसरी सबसे बड़ी सहकारी सोसायटी लाहौल आलू उत्पादक संघ (एलपीएस) पर कुप्रबंधन के कारण संकट के बादल छाए हैं। एलपीएस के कर्ज ने किसानों का मर्ज बढ़ा दिया है। देनदारी का भुगतान न होने पर कांगड़ा बैंक ने एलपीएस के मनाली स्थित होटल चंद्रमुखी पर ताला लगा दिया है। हालांकि नई कार्यकारिणी के चुनाव हो गए हैं, लेकिन मामला कोर्ट में होने के कारण चेयरमैन का चयन होना अभी बाकी है। हालात ऐसे हो गए हैं कि एलपीएस की डूबती नैया को अब सरकार ही पार लगा सकती है। (अनंत ज्ञान)

> **सरकार** के माध्यम से लाहौल पोटेटो सोसायटी (एलपीएस) जिससे आमजन की भावनाएं जुड़ी हैं, इसे उबारने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी।
> **अनुराधा राणा, विधायक लाहौल-स्पीति।**

### 2017 में लगे थे भ्रष्टाचार के आरोप

**साल-1960** के दशक में अस्तित्व में आने के बाद सोसायटी कुछ ही समय में प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश की जानी-मानी सहकारी संस्थाओं में शुमार हो गई। एलपीएस जनजातीय क्षेत्रों के लोगों की आर्थिकी बढ़ाने में कई सालों तक अहम भूमिका निभाती रही। साल 2017 में एलपीएस की आम सभा में जिला परिषद सदस्य सुदर्शन जस्पा ने एलपीएस प्रबंधन और बोर्ड के पदाधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और इसकी जांच करने की मांग की थी। इसके बाद उन्होंने कोऑपरेटिव सोसायटी शिमला के रजिस्ट्रार से इसकी शिकायत की थी।

### 2019 में भंग हुई थी सोसायटी

**भ्रष्टाचार** और गबन के आरोप साबित होने पर करोड़ों रुपए का कारोबार करने वाली लाहौल पोटेटो सोसायटी मई 2019 को भंग कर दी गई थी, जिस संस्था में सदस्यों की संख्या लगभग 2500 थी। वहां, अब सक्रिय सदस्यों की संख्या मात्र 380 ही रह गई है।

## मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर दिया जोर


हरिपुर कॉलेज में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते डॉ. सत्यव्रत वैद्य।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

जवाहर लाल नेहरू उत्कृष्ट महाविद्यालय हरिपुर (मनाली) में कॉलेज के ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन और जिला स्वास्थ्य विभाग कुल्लू के संयुक्त प्रयास से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग जैसे गंभीर मुद्दों पर प्रकाश डाला गया।

व्याख्यान का आयोजन कॉलेज के सेमिनार हॉल में किया गया, जिसमें कॉलेज के छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन (ओएसए) के सदस्य, अध्यक्ष बबलू ठाकुर, उपाध्यक्ष रक्षा, सदस्य मधु और धर्मेंद्र कुमार और ओएसए सचिव प्रोफेसर सन्नी ठाकुर भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रख्यात चिकित्सक डॉ. सत्यव्रत वैद्य ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया और नशीले पदार्थों के हानिकारक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए योग, ध्यान और व्यायाम जैसी गतिविधियों को अपनाएं। साथ ही उन्होंने नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने और ऐसे लोगों की मदद करने के लिए प्रेरित किया, जो इन समस्याओं से जूझ रहे हैं। कॉलेज के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

## ढालपुर में मनाई स्व. धर्मवीर धामी की पांचवीं पुण्यतिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला कुल्लू के काइस के रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय धर्मवीर धामी की पांचवीं पुण्यतिथि ढालपुर में मनाई गई। वहीं, इस अवसर पर ढालपुर के क्षेत्रीय अस्पताल में कार्य कर रही अन्नपूर्णा संस्था के माध्यम से लंगर भी बांटा गया।

इस दौरान स्वर्गीय धर्मवीर धामी के पुत्र रोहित वत्स धामी व इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक राजीव तलवार विशेष रूप से उपस्थित रहे और अन्नपूर्णा लंगर सेवा में जरूरतमंद व मरीजों के तीमारदारों को भोजन परोसा और सामाजिक कार्यों में स्व. धर्मवीर धामी के योगदान को याद किया गया। रोहित वत्स धामी ने बताया कि स्वर्गीय धर्मवीर धामी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे और इलाके की जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए उन्होंने हमेशा प्रयास किया। इसके अलावा मनाली के साथ-साथ कुल्लू के विभिन्न इलाकों में भी कई जनकल्याणकारी योजनाओं को उन्होंने अंतिम सिरे तक पहुंचाया और आज उन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को फायदा मिल रहा है। ऐसे में सभी लोगों ने मिलकर पांचवीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया और प्रण लिया कि आगामी समय में भी उनके आदर्शों पर चलकर सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका निभाई जाएगी।




**बैठक** लाहौल-स्पीति में पर्यटकों को जागरूक करने के लिए चलाई जाएंगी आईईसी गतिविधियां

# बिना अनुमति कूड़ा फेंकने वालों पर सीसीटीवी कैमरों से रखी जा रही नजर : राहुल कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

डीसी लाहौल-स्पीति ने कहा कि जिले में किसी भी जगह पर बिना अनुमति के कूड़ा फेंकने से रोकने के लिए साडा, पुलिस और स्थानीय पंचायत द्वारा सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि पर्यटकों और स्थानीय लोगों को कचरा प्रबंधन बारे जागरूक करने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियों चलाई जाएंगी। यह बात उन्होंने शुक्रवार को लाहौल-स्पीति जिले में साडा के अर्न्तगत आने वाली पंचायतों में किए जा रहे ठोस कचरा प्रबंधन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कुल्लू, पुलिस, जलशक्ति, बिजली, खंड विकास, एचआरटीसी के उच्च अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि


केलांग में आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए डीसी लाहौल-स्पीति।

कोकसर पंचायत में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधा (एमआरएफ) प्लांट संचालित किया जा रहा है। वहां पर कूड़े की छंटाई की जा रही है। वहीं, विलिंग में एमआरएफ प्लांट बहुत जल्द क्रियाशील हो जाएगा। जिले में अन्य जिलों के मुकाबले कचरा प्रबंधन बेहतर है, लेकिन इसमें निरंतर सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए लाहौल-स्पीति जिले के सभी लोगों को आगे आना होगा, ताकि यहां की सुंदरता बनी रहे। उन्होंने कहा कि अगर कूड़ा इक्ट्ठा होता रहा और इसका निस्त्रातंरण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह समस्या पैदा करेगा, जिसे हटाना मुश्किल होगा। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि जिले में ठोस कचरे का सही प्रबंधन हो। कचरा प्रबंधन के लिए उन्होंने पंचायत प्रधानों से कहा कि वह अधिक से अधिक आईईसी गतिविधियां आयोजित करें। पर्यटकों को उनके क्षेत्र में आने पर कचरे को यहां-वहां न फेंकने देने के लिए एक बैग दें कि सारा कचरा इसमें इक्ट्ठा कर वापस हमें दे दें। टूरिस्ट हॉट स्पॉट क्षेत्रों में स्थानीय दुकानदारों के साथ क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को जागरूक करें। कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए अधिकृत अधिकारी नियमित तौर पर निरीक्षण करें और कचरा फैलाने वालों का चालान करें। अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पर वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। एनएच के किनारे राजमार्ग के किनारे शौचालय बनाए जाएंगे। इनका संचालन स्थानीय लोगों की कमेटी बनाकर सुनिश्चित किया जाएगा। लोगों को कचरा प्रबंधन बारे जागरूक करने के लिए एनएच किनारे साइन बोर्ड और डस्टबिन स्थापित किए जाएंगे।

## रासायनिक खादों के प्रयोग से जमीन की उपज क्षमता के कम होने पर जताई चिंता


बागवान भवन कटराईं में आयोजित जागरूकता शिविर के दौरान गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

मिट्टी की बिगड़ती सेहत के कारण हमारी उपज पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कुल्लू फलोत्पादक मंडल कई वर्षों से बागवानों को इस बारे जागरूक करता आ रहा है। इसी विषय पर मंडल ने जीआईजेड के साथ मिलकर बागवान भवन कटराईं में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में नेसारा एग्रीज जो किसानों और बागवानों के संगठनों में प्राकृतिक और ऑर्गेनिक के ज्ञान और कौशल को बढ़ाने में सहायता करती है उसकी सदस्य काव्य एचपी ने उपस्थित बागवानों को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस कार्यशाला में मंडल क्षेत्र के लगभग 45 किसानों ने भाग लिाय। कार्यशाला में भूमि को उपजाऊ बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। लगातार रसायनिक खादों के प्रयोग के कारण जमीन की उपजाऊ क्षमता के कम होने पर चिंता जताई और इसके हल पर चर्चा की। किसानों को बताया कि उर्वरकों का प्रयोग मिट्टी जांच करवाने के पश्चात अनुमोदित मात्रा में ही करना चाहिए। इसके अतिरिक्त किसानों को जमीन में जैविक खादों और सुक्ष्म तत्वों का प्रयोग करना चाहिए, ताकि मिट्टी की सेहत को सुधारा जाए। जैविक खेती से जमीन की सेहत के साथ-साथ मनुष्य की सेहत में भी सुधार होगा। इस दौरान काव्य ने कृषि एवं किसान मंत्रालय द्वारा भारतीय मानक प्रमाण पत्र पाने की प्रक्रिया और कार्यविधि के लिए सहभागी गांरटी प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला के अंत में मंडल के प्रधान महेंद्र उपाध्याय ने सभी बागवानों का कार्यशाला में भाग लेने के लिए धन्यवाद किया और मिट्टी की सेहत को सुधारने में प्रयास करने का आग्रह किया।



## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 30 नवंबर को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. शांडिल 30 को प्रातः 10 बजे कंडाघाट स्थित नागरिक अस्पताल के निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत प्रातः 11.30 बजे राजकीय महिला पॉलीटेक्निक संस्थान में आयोजित 26वीं हिमाचल प्रदेश अंतर-पॉलिटेक्निक महिला स्पोर्ट्स मीट में मुख्यातिथि होंगे।

### ग्रामीणों ने बद्दी को नगर निगम बनने का किया स्वागत

**बीबीएन।** प्रस्तावित नगर निगम बद्दी को लेकर झाड़माजरी और इसके आसपास के कई ग्रामीणों ने इसका स्वागत किया। झाड़माजरी निवासी सुरेंद्र पाल ने बताया कि नगर निगम बनने से क्षेत्र का विकास होगा। बद्दी और बरोटीवाला प्रदेश का सबसे पुराना औद्योगिक नगर है। यहां पर बहुत पहले नगर निगम बनना चाहिए था, जिस ढंग से यह क्षेत्र विकसित होना चाहिए था निगम न होने की वजह से यह क्षेत्र विकसित नहीं हो पाया, अब वर्तमान सरकार ने इस क्षेत्र को निगम बनाने का जो निर्णय लिया है वह बहुत ही सराहनीय है। भले ही यह कदम देर से उठाया गया है, लेकिन अब इसका गठन भी जल्द हो जाना चाहिए, ताकि इसको जल्द अमलीजामा पहनाया जा सके।

### छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से करवाया अवगत



**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** जिला कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत केंद्रीय विद्यालय रिकांगपिओ में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया गया। पुलिस अधीक्षक किन्नौर अभिषेक शेखर ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा सीधे संवाद के माध्यम से ड्रग फ्री हिमाचल ऐप के बारे में जानकारी प्रदान की और युवाओं को अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षकों, अभिभावकों व समाज के लोगों को नशे के खिलाफ मुहिम छेड़ने का आग्रह किया, ताकि स्वस्थ समाज का निर्माण संभव हो सके। (अनंत ज्ञान)

# सोलन अस्पताल के पर्ची काउंटर में बीमारी की हालात में लाइनों में लग रहे रोगी

## रोगियों का पर्ची बनाने में ही बर्बाद हो जाता है समय, उपचार में होती है देरी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिले के सबसे बड़े क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में व्यवस्थागत खामियों से रोगी पर्ची काउंटर में बीमारी की हालात में लाइनों में लगकर प्रताड़ित हो रहे हैं। यदि पर्ची बन भी जाए, तो ओपीडी के बहार बैठने की जगह नहीं मिलने पर लाइनों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में कई बार रोगी बिना उपचार के ही लौटने को मजबूर होते हैं या फिर लंच के बाद डॉक्टर के आने का इंतजार करना पड़ता है।

इससे दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले रोगियों का घर पहुंचना मुश्किल होता है। आज के हाईटेक युग में सोलन अस्पताल में ऑनलाइन पर्ची बनाने की सुविधा नहीं है। इसका खामियाजा रोगियों को आए दिन भुगतान पड़ रहा है। क्षेत्रीय अस्पताल में जगह की कमी के कारण हर दिन आउटडोर रोगी



सोलन अस्पताल के पर्ची काउंटर में बीमारी की हालात में लाइनों में लगे रोगी।

विभाग (ओपीडी) में करीब 1500-1600 रोगियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

अस्पताल में प्रवेश होते ही हर समय रोगियों की भीड़ देखी जा सकती है। छोटी सी जगह पर पर्ची काउंटर, फीस काउंटर और दवाइयों का आउट लेट है। ऐसे में वेंटिलेशन की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीजों और उनके तीमारदारों को घुटन होती है। इससे संक्रमण का भी खतरा रहता है। भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों के अनुसार, किसी भी अस्पताल में मरीजों की संख्या के अनुसार बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए, जबकि अस्पताल के संकरे गलियारों में कतारों में खड़े मरीजों को जगह के लिए धक्का-मुक्की करते देखा जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### ओपीडी के कमरे छोटे

**डॉक्टरों** के छोटे-छोटे बिना हवादार कमरों के बाहर संकरे गलियारों में कतारों में खड़े मरीजों के चलने के लिए बमुश्किल ही जगह बचती है। हालांकि अस्पताल में नए वार्ड बनाने के लिए डॉक्टरों के आवास क्वार्टरों को तोड़ दिया गया था, लेकिन यह मरीजों की भीड़ को संभालने में विफल रहा। बता दें कि तीन जिलों के केंद्र बिंदु होने के चलते क्षेत्रीय अस्पताल में सोलन के अलावा शिमला और सिरमौर जिले सीमावर्ती इलाकों के लोग भी उपचार को आते हैं।

> क्षेत्रीय अस्पताल के रश को कम करने के लिए सोलन कथेड़ में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण किया जा रहा है। अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर और मातृ शिशु केंद्र सहित स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवाएं मिलेंगी।
> **कर्नल धनीराम शांडिल**
> **स्वास्थ्य मंत्री।**

# रोगी कल्याण समिति की सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करें : डीसी



रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सिरमौर सुमित खिमटा।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर एवं अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति सुमित खिमटा की अध्यक्षता में डीसी सभागार में आयुष विभाग की खंड स्तरीय रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई।

डीसी ने जिला आयुर्वेद चिकित्सालय नाहन में रोगियों की सुविधा के लिए पंचकर्म एवं अंतरंग-बहिरंग रोगियों के लिए आवश्यक चिकित्सा उपकरण खरीदने के लिए खरीद कमेटी गठित कर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत खरीदने की अनुमति प्रदान की। बैठक में विभाग की ओर से प्रस्तावित अधिकांश मदों को समिति द्वारा विस्तृत चर्चा के उपरांत स्वीकृत प्रदान की गई। उन्होंने रोगी कल्याण समिति के तहत दी जा रही सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। बैठक में डीसी को आयुष विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत करवाया गया कि रोगी कल्याण समिति (आयुष) में वित्त वर्ष 2023-24 में विभाग ने रोगी कल्याण समिति के तहत 38 लाख 32 हजार की राशि अर्जित की तथा अब तक लगभग 4 लाख की राशि व्यय की जा चुकी है।

### अनुपयुक्त राशियों को समय पर करें व्यय

**नाहन।** डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने डीसी कार्यालय में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं तथा पंचायतों के अंकेक्षण पत्र में वर्णित आपत्यिों (पैरों) के अनुवर्तन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वह समस्त मदों की अनुपयुक्त राशियों को समय पर व्यय करें तथा पंचायतों के विभाजन तथा पुनर्गठन संबंधी प्रस्तावनाएं तैयार कर पांच दिनों के भीतर सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

## राजगढ़ रोड में आज बिजली बंद

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त सूचना के अनुसार 30 को आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 30 को प्रातः 10 से प्रातः 10.30 बजे तक तथा सायं 5 से 5.30 बजे तक शामती, खुंडीधार, ड्रिग्री कॉलेज, डमरोग, क्वागड़ी, सूर्य विहार, मैरिडियन, बलाणा, आंजी, चिल्ला, बागड़, पवन विहार, पॉल्ट्री फॉर्म, श्योथल, बड़खोर तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। खराब मौसम एवं अन्य किन्ही कारणों से उपरोक्त तिथि एवं समय में बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## सरकार विकास करने के लिए बनाई जाती है, विनाश के लिए नहीं : प्रताप

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि सत्ता परिवर्तन के बाद जब से प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार बनी है, तब से प्रदेश के विकास में ग्रहण लग गया है। रावत ने बताया कि सरकार विकास करने के लिए बनाई जाती है, विनाश करने के लिए नहीं।



सीएम ने पद संभालते ही हजारों सरकारी संस्थान बंद कर प्रदेश की जनता को पहला तोफा दिया है तथा उसके बाद हिमाचल भवन दिल्ली के साथ-साथ पर्यटन विभाग के 18 होटल पर भी ताले लगाने की नौबत आ गई। इसके अतिरिक्त और भी बहुत सारे सरकारी संस्थान हैं, इनको बंद करने की तैयारी चल रही है। रावत ने सुक्खू से सवाल करते हुए पूछा कि आप सरकार के 2 साल पूर्ण होने पर बिलासपुर में किस बात का जश्न मना रहे हैं प्रदेश की जनता आपसे जानना चाहती है। रावत ने बताया कि आपने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की जनता को विकास के बड़े-बड़े सपने दिखाए थे, जो आज भी सपने बनकर ही रह गए हैं। आपने झूठ का सहारा लेकर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाई है, जिसका खामियाजा आप हिमाचल की चारों लोकसभा सीट हार कर भुगत चुके हैं। रावत ने बताया कि अब देश व प्रदेश की जनता का कांग्रेस पार्टी से मोह भंग हो चुका है। देश व प्रदेश की जनता को अब सिर्फ और सिर्फ भाजपा पर भरोसा है क्योंकि भाजपा नेता जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं।

# अध्यापकों व अभिभावकों का युवाओं से भावनात्मक रूप से जुड़ना आवश्यक : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए अध्यापकों व अभिभावकों का बच्चों से भावनात्मक रूप से जुड़ना आवश्यक है।

डॉ. शांडिल सोलन के कंडाघाट की राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में आयोजित वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए अभिभावकों व शिक्षकों की अहम भूमिका है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को ऐसा वातावरण दें कि वह अपनी हर बात साझा कर सकें। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों से छात्रों की गतिविधियों पर नजर रखने को भी



कंडाघाट स्कूल में आयोजित वार्षिक समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते स्वास्थ्य मंत्री।

कहा तथा सभी लोगों से आग्रह किया कि वह समाज को नशे से बचाने के लिए आगे आएं। किसी भी स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण उत्सव उसकी प्रगति का प्रतीक माना जाता है।

स्कूल में इस उत्सव का विशेष स्थान होता है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वह समाज की बेहतरी के लिए उन परिवर्तनों का माध्यम बने, जो युवाओं की दृष्टि में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि जब तक युवा अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नियमित अभ्यास नहीं करेंगे, तब तक जीवन में आगे नहीं बढ़ पाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए कार्य कर रही है। विद्यालय स्तर से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक यह प्रयास किया जा रहा है कि छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले और नवीन पाठ्यक्रमों के माध्यम से वह बेहतर रोजगार व स्वरोजगार प्राप्त कर सकें।

डॉ. शांडिल ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार उत्कृष्ट संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। इस वित्त वर्ष में 850 शिक्षण संस्थानों को उत्कृष्ट संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें 500 प्राथमिक विद्यालय, 100 उच्च विद्यालय, 200 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा 50 राजकीय महाविद्यालय शामिल हैं। डॉ. शांडिल ने स्कूल में अतिरिक्त दो कमरों के निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने अपनी ऐच्छिक निधि से स्टेज के नजदीक ग्रीन रूम निर्माण के लिए प्रथम चरण में 1.50 लाख रुपए देने की घोषणा की।

उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कुलदीप सूर्या ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और वार्षिक गतिविधियों तथा गत वर्ष अव्वल रहे स्टूडेंट्स के बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और इनके शीघ्र निपटारे के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

## शूलिनी विवि में हंगरी के सहयोग से किसानों ने विकास के नए रास्ते तलाशे



शूलिनी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे किसान।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय ने हंगरी के एक गैर-लाभकारी संगठन डेनेस्फा के सहयोग से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में ग्रामीण आबादी का सामाजिक सशक्तिकरण और स्थिरता पहल के तहत एक किसान समूह की बैठक आयोजित की। इस कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के किसानों ने नवीन कृषि और डेयरी प्रथाओं के माध्यम से अपनी आजीविका बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा की।

बैठक में प्रो. चांसलर विशाल आनंद, डेनेस्फा के संस्थापक जय और एमएस स्वामीनाथन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के डीन डॉ. सोमेश शर्मा के साथ-साथ संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। डॉ. देवांशी ने मेहमानों और किसानों का स्वागत किया और एक आकर्षक सत्र की रूपरेखा तैयार की। मुख्य चर्चा किसानों की आय बढ़ाने के लिए डेयरी सहकारी समिति की स्थापना के इर्द-गिर्द घूमती रही। डॉ. सोमेश शर्मा ने किसानों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों पर चर्चा की, जिनमें बाजार की अनुपलब्धता, मशरूम उत्पादन के लिए कच्चे माल की उच्च लागत और कीटों और बीमारियों के कारण फसल का नुकसान शामिल है। प्रो. चांसलर विशाल आनंद ने डेयरी सहकारी के लिए एक व्यापक योजना प्रस्तुत की, जो किसानों को आवश्यक संसाधन प्रदान करेगी, गुणवत्ता वाले दूध के उत्पादन को बढ़ावा देगी और ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाएगी। किसानों ने पशु आहार और दूध की गुणवत्ता मूल्यांकन के बारे में सवाल उठाते हुए सक्रिय रूप से भाग लिया। विशेषज्ञों ने व्यावहारिक समाधान प्रदान किए और डेयरी सहकारी के विचार को उपस्थित लोगों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। कार्यक्रम का समापन किसानों की सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ हुआ, जिन्होंने शूलिनी विश्वविद्यालय के साथ आगे सहयोग के लिए उत्सुकता व्यक्त की। यह पहल ग्रामीण हिमालयी समुदायों में सतत विकास और आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## नौणी विश्वविद्यालय 1 को मनाएगा 40वां स्थापना दिवस व 13वां दीक्षांत समारोह

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी 1 दिसंबर को अपना 40वां स्थापना दिवस मनाएगा। इसी दिन विश्वविद्यालय का 13वां दीक्षांत समारोह भी आयोजित किया जाएगा। हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। हिमाचल के राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी दीक्षांत भाषण प्रस्तुत करेंगे।

यह कार्यक्रम डॉ. एलएस नेगी सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्य के



कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान औद्यानिकी एवं वानिकी, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी और एमबीए कार्यक्रमों में 495 स्नातक और 222 स्नातकोत्तर और 99 डॉक्टरेट डिग्रियों सहित कुल 816 डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा, दीक्षांत समारोह के दौरान 12 स्वर्ण पदक और 461 मेरिट प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

### धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स दाड़लाघाट की दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

## खेलों के माध्यम से युवाओं को एकजुट करने का बेहतर प्रयास

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स दाड़लाघाट की ओर से आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ चौधरी कांप्लेक्स के खेल मैदान में हुआ।

इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में अंबुजा दाड़ला कशलोग मांगू परिवहन सहकारी सभा के प्रधान वेद प्रकाश शुक्ला ने शिरकत की, जबकि विशेषातिथि के रूप में मोहन ठाकुर, जगदीश ठाकुर, मनोज गौतम और लाला शंकर दास अरोड़ा उपस्थित रहे। मुख्यातिथि अंबुजा दाड़ला कशलोग मांगू



चौधरी कांप्लेक्स में वॉलीबाल प्रतियोगिता में पहुंची टीमें मुख्यातिथि के साथ।

परिवहन सहकारी सभा के प्रधान वेद प्रकाश शुक्ला ने कहा कि यह प्रतियोगिता दाड़लाघाट के युवाओं के लिए एक अच्छा अवसर है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित हो सकते हैं। खेलों के माध्यम से युवाओं को एकजुट करने और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करने का यह एक अच्छा प्रयास है। इससे पहले क्लब के सदस्यों ने मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें शॉल व टोपी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सचिव तनुज शुक्ला और उपाध्यक्ष रजत भार्गव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों और क्लबों की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का आयोजन धार्मिक युवा क्लब स्पोटर्स दाड़लाघाट द्वारा किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रोत्साहित करना है।

## स्टूडेंट्स को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में करियर काउंसिलिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से स्वरोजगार पर एक व्याख्यान का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगार उपलब्ध करवाना एवं आत्मनिर्भर बनाना है। इस कार्यक्रम में प्रदीप गौतम, (हिमरस के उद्यमी एवं खाद्य प्रसंस्करण के प्रशिक्षक) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए प्रो. जगमोहन ठाकुर ने मुख्य वक्ता के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात प्रदीप ने विद्यार्थियों को



राजकीय महाविद्यालय सराहां में करियर काउंसिलिंग को लेकर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते स्टूडेंट्स।

खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में स्वरोजगार के विभिन्न कौशल सीखने के लिए विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ कौशल सीखते हुए अपने पारिवारिक व्यवसाय को भी आगे बढ़ाते हुए अपना लक्ष्य तय करने और उसके लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सुध्यान नेगी ने मुख्य वक्ता, कॉलेज प्राचार्या, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में कॉलेज के स्टूडेंट्स के अतिरिक्त, डॉ. अनिता ठाकुर (प्राचार्या, सराहां कॉलेज), प्रो. जगमोहन ठाकुर, डॉ. सुध्यान नेगी, प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. मोल्लम डोलमा, डॉ. रीमा शर्मा एवं प्रो. प्रियंका सराओ उपस्थित रहे।

## अनुष्का वर्मा राष्ट्र स्तर पर खेलेगी वॉलीबाल प्रतियोगिता



**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट की छात्रा अनुष्का वर्मा का चयन अंडर-14 आयु वर्ग की राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 10 से 14 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। अनुष्का वर्मा बरसणु गांव की रहने वाली है। अनुष्का के कोच भोपाल सिंह तथा जयपाल के कुशल प्रशिक्षण के चलते वॉलीबाल की अंडर-14 जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अनुष्का का चयन प्रदेश स्तर की स्पर्धाओं के लिए हुआ। प्रदेश स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर इसका चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है।

**समस्या** स्थानीय लोगों और ट्रक चालकों को झेलनी पड़ रही है परेशानी, कंपनी प्रबंधन जल्द समस्या के समाधान के लिए उठाए कदम

# दाड़लाघाट बाजार में जाम की समस्या हुई गंभीर, लोग हो रहे परेशान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट बाजार में जाम की समस्या बहुत गंभीर हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों और ट्रक चालकों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जाम लगने का मुख्य कारण यह है कि कंपनी परिसर में ट्रक यार्ड न होने की वजह से ट्रकों को प्राप्त जगह न मिलने के कारण जाम मुख्य गेट सुल्ली से दाड़लाघाट तक पहुंच जाता है। इसके अलावा सीमेंट प्लांट में तकनीकी समस्या होने के कारण प्लांट सुचारू रूप से न चलने की वजह से भी ट्रक लोड



दाड़लाघाट बाजार में लगे जाम में पांच मिनट तक फंसी रही 108 एंबुलेंस।

और अनलोड होने में समस्या रहती है। सुबह से लगे जाम की वजह से दोपहर तीन बजे के करीब 108 एंबुलेंस को करीब पांच मिनट तक जाम में फंसना पड़ा। दाड़लाघाट पुलिस की ओर से तैनात ट्रैफिक कर्मचारियों ने यातायात को कड़ी मशक्कत के बाद बहाल किया, लेकिन जाम की स्थिति दोबारा बनी रही। स्थानीय लोगों ने प्रशासन व कंपनी के उच्चाधिकारियों से आग्रह किया कि जल्द इस समस्या से छुटकारा दिलवाया जाए और ट्रक को पार्क करने के लिए ट्रक यार्ड का निर्माण करवाया जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम की समस्या के कारण उनके दैनिक जीवन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। वे अपने कामों पर समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं और उनके व्यवसाय पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। कंपनी के अधिकारियों से भी इस समस्या का समाधान करने के लिए आग्रह किया गया, उन्हें अपने ट्रकों के लिए एक विशेष पार्किंग स्थल बनाने के लिए कहा गया है, ताकि जाम की समस्या कम हो सके।

लोगों ने कहा कि ट्रक लोड और अनलोड होने की प्रक्रिया में 3 से 4 दिन का समय लग जाता है, जिससे जाम की समस्या बनी रहती है। यह समस्या न केवल यातायात को प्रभावित करती है, बल्कि यह स्थानीय लोगों के लिए भी एक बड़ी चुनौती है, अगर किसी आपातकालीन स्थिति में पंचायत रोड़ी के गांव सुल्ली, बागा, बटेड़, रोडी, पछियवर और अन्य गांव के लोगों को जाना पड़े, तो कोई हादसा अगर होता है, तो इसकी जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी।

लोगों ने कहा कि कंपनी प्रबंधन को इस समस्या का समाधान करने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। कंपनी को अपने ट्रकों के लिए एक विशेष पार्किंग स्थल बनाना चाहिए, ताकि जाम की समस्या कम हो सके। इसके अलावा लोगों ने कहा कि कंपनी प्रबंधन को अपने ट्रकों के लोड और अनलोड होने की प्रक्रिया को भी सुधारना चाहिए, ताकि यह प्रक्रिया जल्द और कुशलता से पूरी हो सके।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
रक्तदान महादान
'अनंत ज्ञान'
के उपलब्धियों भरे
प्रथम वर्ष
पर लगने वाले रक्तदान शिविर में
आप सब सादर आमंत्रित हैं।
दिनांक: वीरवार 12 दिसंबर 2024
आओ! मिलकर करें रक्तदान बचाएं जान
समय: सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
सोलन
शिविर स्थल : साई संजीवनी हॉस्पिटल, सोलन, माल रोड, नजदीक कोर्ट परिसर
मो. 9418157519, 7018716514

## न्यूज ब्रीफ

### संसद परिसर में कांग्रेसी सांसदों का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** पंजाब से कांग्रेस के सांसदों ने धान खरीद में कथित देरी और उर्वरक की कमी के खिलाफ शुक्रवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि सरकार उन किसानों को मुआवजा दे जिन्हें अपनी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम पर बेचने को मजबूर होना पड़ा। लुधियाना से सांसद और पार्टी की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने इस स्थिति के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार और पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को जिम्मेदार ठहराया। वडिंग ने संसद के बाहर पत्रकारों से कहा, ''पंजाब के सांसदों ने राज्य के किसानों के लिए और जिस स्थिति का वे सामना कर रहे हैं उसके खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने (किसानों ने) दिवाली पर मंडी में रातें बिताईं और उन्हें एमएसपी से कम दाम पर फसल बेचने को मजबूर होना पड़ा।'' फतेहगढ़ साहिब से कांग्रेस सांसद अमर सिंह ने कहा कि किसानों को अपनी फसल एमएसपी से आठ से 10 प्रतिशत कम दाम पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। पटियाला से कांग्रेस सांसद धर्मवीर गांधी ने कहा कि सरकार को उत्तर भारत के किसानों के लिए ऋण माफी की भी घोषणा करनी चाहिए। सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और इस दौरान उन्होंने तख्तियां लहराईं जिन पर ''पंजाब में किसानों को डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) उर्वरक नहीं मिल रहा'', ''एमएसपी से कम कीमत पर फसल खरीदी जा रही'' और ''25 साल में सबसे खराब खरीद'' जैसे नारे लिखे हुए थे। सांसदों ने केंद्र और पंजाब सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

### बस और पिकअप जीप में टक्कर, दस घायल

**चंडीगढ़।** पंजाब के धर्मकोट में शुक्रवार को एक बस और पिकअप जीप के बीच टक्कर हो जाने से कम से कम दस लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना एक गांव के निकट उस समय हुई जब राज्य परिवहन की बस जालंधर से मोगा जा रही थी। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, बस मुख्य सड़क से डिवाइडर तोड़कर पिकअप ट्रक से टकरा गई और गांव के पास सड़क के किनारे कुछ फुट नीचे गिर गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में तीन से चार यात्री और पिकअप जीप का चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से यात्रियों को बस से बाहर निकाला। अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि हादसे के वास्तविक घटनाक्रम का पता लगाने के लिए बस यात्रियों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

### मैं जुलाना में ही हूं, जिंदा हूं: विनेश फोगाट

**जींद।** हरियाणा के जींद जिले के जुलाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की विधायक और ओलंपियन विनेश फोगाट ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए 'लापता विधायक की तलाश' संबंधी पोस्टर मामले में कहा कि वह क्षेत्र में ही हैं और जिंदा हैं तथा गुमशुदा नहीं हैं। विनेश ने कहा, ''मैं जुलाना में ही हूं, जिंदा हूं और कहीं गुमशुदा नहीं हूं। मैं अपनों के बीच रही हूं और अपनों के बीच ही रहूंगी। एक महीने में कोई गुमशुदा नहीं हो जाता।'' कांग्रेस विधायक ने जींद स्थित अपने कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनी और कहा कि जुलाना को विकास के मामले में



पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। गौरतलब है कि बीते सप्ताह कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट की गुमशुदगी के पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। विपक्ष के लोग पोस्टर पर जमकर चुटकी भी ले रहे हैं। गुमशुदा विधायक के पोस्टर वायरल करने के मामले में कांग्रेस नेता ने कहा, ''यह लोगों की ओछी मानसिकता है। वह गुमशुदा नहीं हैं और जिंदा है। विधायक बने अभी एक महीना ही तो हुआ है। ऐसे में वह लगातार लोगों के बीच जा रही हैं।''

### कैमरून में नाव पलटी, 20 लोगों की मौत



**याउंडे।** कैमरून के सुदूर उत्तरी क्षेत्र में नाव के पलटने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, नाव उस समय पलटी, जब वह क्षेत्र के लोगोन-एट-चारी डिवीजन में दाराक द्वीप से यात्रियों को ले जा रही थी। इस क्षेत्र में नाव दुर्घटनाएं आम हैं, जो अक्सर ओवरलोडिंग, गलत तरीके से संचालन और खराब मौसम के कारण होती हैं।

### दिल्ली में निजी स्कूल को मिली बम की धमकी

**नई दिल्ली।** प्रशांत विहार इलाके में कम तीव्रता वाले धमाके के एक दिन बाद शुक्रवार को दिल्ली के रोहिणी में एक निजी स्कूल को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि स्कूल परिसर में गहन तलाशी के बाद धमकी महज अफवाह साबित हुई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, बम निरोधक दस्ते ने तलाशी ली, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और धमकी अफवाह साबित हुई।

### भर्ती अनियमितता केस: टीएमसी नेता घोष को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की ओर से जांच की गई भर्ती अनियमितताओं के मामले में टीएमसी नेता कुंतल घोष को जमानत दे दी है। कोर्ट ने शर्त रखी है कि मामले के लंबित रहने के दौरान वह कोई सार्वजनिक पद नहीं संभालेंगे और मामले के बारे में मीडिया में कोई बयान नहीं देंगे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि इस मामले में निकट भविष्य में सुनवाई पूरी होने की संभावना नहीं है। घोष पिछले 19 महीनों से हिरासत में हैं।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष मदन राठौड़ को एक अज्ञात व्यक्ति ने शुक्रवार को फोन कर कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी। राठौड़ ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है। राज्यसभा सदस्य राठौड़ को जब धमकी मिली वह दिल्ली में थे। उन्होंने एक कॉल आने पर जैसे ही फोन उठाया, दूसरी तरफ से व्यक्ति ने उन्हें गालियां देते हुए धमकी दी कि वह उन्हें गोली मार देगा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ चंडीगढ़ में रोष-प्रदर्शन

## आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने मोहम्मद यूनुस के पुतले पर ताबड़तोड़ जूते बरसाए

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**





वाइस ऑफ वुमेंस चंडीगढ़ की अध्यक्ष रुबी गुप्ता के नेतृत्व में कई हिंदू संगठनों व नेताओं ने सेक्टर-20 स्थित गौड़ीय मठ मंदिर के सामने बांग्लादेश की सरकार एवं कार्यवाहक प्रमुख मोहम्मद यूनुस के खिलाफ प्रदर्शन किया। गुस्से में भरे हिंदू कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के मुखिया मोहम्मद युनुस के पुतले पर ताबड़तोड़ जूते बरसाएं।

दंडी स्वामी बामन जी महाराज ने कहा कि इस्कॉन प्रेम शांति और भाईचारे का संदेश देता है। इसमें हिंसा का कोई स्थान नहीं है। चिन्मय प्रभु जी की बांग्लादेश सरकार द्वारा गिरफ्तारी बिल्कुल गलत है। चंडीगढ़ इस्कॉन प्रमुख श्री गौरांग हरि प्रिया दास जी ने अपने संबोधन में कहा कि इस्कॉन पूरे विश्व में मानव कल्याण के लिए कार्य कर रहा है। बांग्लादेश में चिन्मय प्रभु जी की गिरफ्तारी एवं हिंदुओं पर अत्याचार एक सोची समझी साजिश है। विश्व के नेताओं को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए।

रुबी गुप्ता ने कहा कि भारत ने 1971 में चांदी की थाली में सजाकर बांग्लादेश दिया था। बांग्लादेश बनाने के लिए, भारत के सैंकड़ों जवानों ने अपनी कुर्बानी दी थी। आज बांग्लादेश गद्दारी की सारी सीमाएं पार कर हमारे हिंदू भाइयों पर अत्याचार कर रहा है। इसके ऊपर तुरंत रोक लगनी चाहिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत जल्द एक मेमोरेंडम देकर अपील की जाएगी कि भारत की हिंदू जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए बांग्लादेश की सरकार को लॉ एंड ऑर्डर कायम करने और अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव खत्म करने के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए। रामदेवी जिंदल इंजीनियरिंग कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव जिंदल ने कहा कि विश्व की ह्यूमन राइट्स संस्थाएं आज हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर आंखों पर पट्टी बांधकर खड़ी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने बांग्लादेश के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

बांग्लादेश प्रमुख मोहम्मद यूनिस के पुतले को जूतों की बौछार कर रोष प्रकट किया गया। कार्यक्रम में बहुत सी स्थानीय संस्थाओं ने भाग लिया जिसमें प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से केसरी बृजेश सिंह, बजरंग दल के रामपाल, सनातन धर्म प्रेरणा मंच के अजय अग्रवाल, बजरंग दल के अनिरुद्ध मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी के विजय राणा, चंडीगढ़ भाजपा प्रदेश के उपाध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, सनी पवार, विश्व सनातन समाज की ओर से केशवानंद आदि ने विशेष रूप से भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

## 'माय फेयर लेडी' नाटक का मंचन



नाटक का मंचन करते स्कूली बच्चे।

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सेक्टर 26 स्थित फर्स्टस्टेप्स स्कूल के मिडिल और सीनियर विंग के छात्रों ने अपने नाटकीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए जॉर्ज बर्नार्ड शॉ के पिग्मेलियन पर आधारित क्लासिक नाटक 'माय फेयर लेडी' प्रस्तुत किया। 1.5 महीने की कड़ी मेहनत के बाद तैयार हुआ यह 1 घंटे और 40 मिनट का नाटक द आइडिया बॉक्स की नेहा बक्शी कौशल के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया। इस प्रोडक्शन में कक्षा 6 से 10 तक के 63 प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया। एलाइजा डूलिटल, जो एक जोशीली और मेहनतकश वर्ग की फूल बेचने वाली लड़की है, जीवन में अपनी स्थिति सुधारने की आकांक्षा रखती है।

दूसरी ओर, प्रोफेसर हेनरी हिगिंस, एक प्रतिभाशाली लेकिन घमंडी फोनेटिक्स एक्सपर्ट एलाइजा को एक परिष्कृत महिला में बदलने की चुनौती लेते हैं। सीनियर छात्रों ने इन पात्रों के माध्यम से वर्ग, पहचान और आत्म-मूल्य जैसे विषयों का गहराई से अन्वेषण किया। छात्रों ने साहित्यिक पात्रों को इतनी खूबसूरती से जीवंत किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

## निगम के अधिकारियों के साथ डोर टू डोर गार्बेज कलेक्टरों की मीटिंग बेनतीजा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ विलेज डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन सोसाइटी की मीटिंग में निगम के जॉइंट कमिश्नर गुरविंदरजीत सिंह सोढ़ी, जीएमओ एच इंद्रजीत कौर व नगर निगम के आला अधिकारियों के साथ गार्बेज कलेक्टरों के प्रधान मोनू चारण व पूर्व प्रधान सुरेंद्र कांगड़ा सीनियर नेता शमशेर लोटिया ,सोनू बोहत, मोनिका नागर, गोविंद नागर ,दिनेश टांक ,सचिन बिरला, अशोक चौहान, संजीव उर्फ बंटी ,राकेश बिडलान, सागर, गुलाब राणा अन्य साथी मौजूद रहे। चंडीगढ़ विलेज डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन सोसाइटी की नगर निगम के साथ एमओयू को लेकर हुई मीटिंग, जिसमे गांवों व माक्रिटो में काम कर रहे कलेक्टरो की मांग थी कि हमारा भी एमओयू किया जाए जैसा कि पूरे शहर में पिछले 4 साल से चल रहा है। परंतु मीटिंग में कोई नतीजा नहीं निकला।




## धामी ने किया 168 पालना केंद्रों का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के आश्रित शिशुओं के लिए प्रदेश में 168 पालना केंद्रों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने श्रम विभाग एवं कर्मचारी राज्य योजना कार्यालयों को 60 कंप्यूटर का वितरण भी किया।

केदारनाथ क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं में कार्य कर रहे 432 श्रमिकों के लिए ट्रैक सूट, जूते एवं खाद्य सामग्री के ट्रक को हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री ने रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमारी सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## बाहा एसएई इंडिया के वर्चुअल राउंड की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




सिंगल सीटर एटीवी (ऑल-टेरेन व्हीकल) की संकल्पना, डिजाइन, मॉडलिंग, विश्लेषण, निर्माण और उसके सत्यापन के लिए इंजीनियरिंग डिजाइन कॉम्पीटीशन बाहा एसएई इंडिया, 2025 के वर्चुअल राउंड की चितकारा यूनिवर्सिटी में आज शुरुआत हुई।

बाहा एसएई इंडिया कार्यक्रम ऑटोमोटिव इंजीनियर्स की पेशेवर सोसायटी एसएई इंडिया का प्रमुख फ्लैगशिप आयोजन है और हर वर्ष इसमें 5,000 से 10,000 इंजीनियरिंग छात्र सम्मिलित होते हैं। इस वर्ष 18वें सीजन में 200 प्रतिभागी टीमें भाग ले रही है।

प्रतियोगिता का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक चरण पिछले चरण से अधिक चुनौतीपूर्ण होगा। वर्चुअल राउंड, का आयोजन चितकारा यूनिवर्सिटी में किया जा रहा है, जिसमें बिक्री, लागत और डिजाइन मूल्यांकन के साथ सस्टेनिबिलिटी इवेंट और इंजन सिमुलेशन इवेंट शामिल है।

इसमें आईपीजी कारमेकर का उपयोग करते हुए वर्चुअल डायनेमिक इवेंट भी शामिल हैं, जो टीमों के मूल्यांकन के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करते हैं।

एक स्मार्ट, सुरक्षित और अधिक सस्टेनेबल भविष्य को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के साथ, बाहा एसएई इंडिया छात्रों को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के माध्यम से वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक कौशल और विशेषज्ञता से लैस करता है।

## देश-विदेश

### कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में चुनावी नतीजों पर मंथन

## अब जवाबदेही तय करनी होगी कठोर निर्णय लेने होंगे : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की शुक्रवार को आयोजित बैठक में हालिया विधानसभा चुनावों के नतीजों और कुछ अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। खड़गे ने महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में हार को पार्टी के लिए 'बड़ा झटका' करार देते हुए कहा कि अब जवाबदेही तय करने के साथ ही कठोर निर्णय लेने होंगे।

उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी नेताओं को अनुशासन का सख्ती से पालन करना चाहिए और पार्टी को पुराने ढर्रे की राजनीति से हर बार सफलता नहीं मिल सकती। हुई बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और पार्टी के कई अन्य नेता शामिल हुए। खड़गे ने कहा कि ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है और ऐसे में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करवाना निर्वाचन आयोग का संवैधानिक दायित्व है।

### ब्रिटेन की परिवहन मंत्री का धोखाधड़ी मामले में दोषी पाए जाने पर इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन की परिवहन मंत्री लुइस हेग ने एक दशक पुराने सेलफोन धोखाधड़ी मामले में दोषी पाए जाने के बाद शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर को लिखे एक पत्र में हेग ने कहा कि मैं अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं, लेकिन अब मेरा मानना है कि पद से इस्तीफा देना ही सबसे उपयुक्त होगा। हेग के इस्तीफे से कुछ घंटे पहले 'स्काई न्यूज' और 'द टाइम्स ऑफ लंदन' समाचार पत्रों में खबरें आई थीं, जिनमें कहा गया है कि हेग पर धोखाधड़ी का आरोप तय हुआ है। खबर के अनुसार हेग ने 2013 में कहा था कि उनका सेलफोन चोरी हो गया है।

## प्रदूषण की समस्या से कोई राहत नहीं दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब'



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में वायु प्रदूषण से स्थिति लगातार खराब हो रही है, शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। सुबह 7 बजे राजधानी का औसत एक्यूआई 332 दर्ज किया गया, जबकि कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 के 'गंभीर' स्तर को भी पार कर गया। इस सबके बीच सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में ग्रैप 4 की पाबंदिया 2 दिसंबर तक जारी रखने के निर्देश दिए हैं। दिल्ली-एनसीआर के अन्य शहरों में भी वायु गुणवत्ता बिगड़ गई है। आंकड़ों के अनुसार, ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 272, गाजियाबाद में 258, नोएडा में 249, गुरुग्राम में 258 और फरीदाबाद में 166 दर्ज किया गया।

## कौशल विकास घोटाला मामला, चंद्रबाबू नायडू की जमानत के खिलाफ सुनवाई स्थगित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने कौशल विकास निगम घोटाला मामले में मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को जमानत देने के आदेश के खिलाफ दायर आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को जनवरी, 2025 तक के लिए स्थगित कर दी।

राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ से सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया जिसके बाद इसे स्थगित कर दिया गया। पीठ ने कहा कि इस मामले को समय-समय पर स्थगित करने का कोई मतलब नहीं है। आखिरी बार सुनवाई स्थगित करते हुए इसे जनवरी के दूसरे सप्ताह के लिए निर्धारित किया जाए।

### पुंछ में सुरक्षाबलों ने दो आईईडी किए बरामद

**पुंछ।** सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में तलाशी अभियान के दौरान दो आईईडी और विस्फोटक सामग्री समेत संदिग्ध सामान बरामद किया। मेंढर तहसील के छाजला पुल के नीचे दो आईईडी, एक किलोग्राम से अधिक वजन का आरडीएक्स, पदार्थ, एक बैटरी, दो कंबल और खाने-पीने की चीजें मिली है। इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट का मंदिरों में प्रसाद की गुणवत्ता संबंधी याचिका पर विचार करने से इनकार किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने मंदिरों में बांटे जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता पर नियमन की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह मामला सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 नवंबर को कहा था कि कार्यपालिका अपनी सीमा के भीतर अपने कार्य का निर्वहन कर रही है। पीठ ने कहा कि हम वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि याचिका में की गई प्रार्थना सरकार के नीति क्षेत्र के अंतर्गत आती है। हम वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि याचिका में जो अनुरोध किया गया है, वह सरकार की नीति के दायरे में आता है।

## खुलासा : जेएनयू में 2017 से यौन उत्पीड़न की 151 शिकायतें मिलीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में 2017 से यौन उत्पीड़न की 151 शिकायत दर्ज की हैं। यह जानकारी एक आरटीआई (सूचना का अधिकार) आवेदन के जरिए प्राप्त आंकड़ों से मिली है।

जेएनयू की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) ने 2017 में ही उत्पीड़न विरोधी लैंगिक संवेदनशीलता समिति (जीएससीएएसएच) का स्थान लिया था। विश्वविद्यालय का दावा कि उसने इनमें से लगभग 98 प्रतिशत शिकायतों का समाधान कर दिया है तथा केवल तीन मामलों की ही जांच जारी है। बहरहाल, जब शिकायतों की प्रकृति और आरोपियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में पूछा गया तो जेएनयू ने गोपनीयता का हवाला देते हुए जानकारी देने से इनकार कर दिया। जीएससीएएसएच को 2017 में समाप्त करने का निर्णय एक विवादास्पद मुद्दा रहा है।

जेएनयू छात्र संघ और शिक्षक संघ इसकी बहाली की लगातार मांग कर रहे हैं। उनका तर्क है कि आईसीसी में पारदर्शिता और स्वायत्तता का अभाव है जबकि जीएससीएएसएच में ये दोनों हैं। उनका कहना है कि आईसीसी प्रशासनिक प्रभाव के तहत काम करती है, जिससे इसकी प्रक्रियाओं में विश्वास कम होता है। आंकड़ों से पता चलता है कि एक साल में सबसे अधिक मामले 2018-19 में दर्ज किए गए।

### इसराइल में मिला 3500 साल पुराना मिस्र का स्कारब ताबीज

**यरूशलम।** होड हम्थारोन में तेल काना के प्राचीन स्थल पर एक 12 वर्षीय स्थानीय लड़की को तीन हजार 500 साल पुराना मिस का स्कारब ताबीज मिला है। इसराइल पुरातन प्राधिकरण (आईएए) ने वीरवार को कहा कि मध्य



शहर होड हशारोन में तेल काना के प्राचीन स्थल के नीचे पारिवारिक पदयात्रा के दौरान पाए गए बीटल जैसे ताबीज में दो बिच्छू सिर से पूंछ तक खड़े हैं। आईएए के अनुसार मिस में बिच्छू का प्रतीक देवी सेकेंट का प्रतिनिधित्व करता है, जिन्हें विशेषरूप से मृत्यु के बाद के जीवन में सुरक्षा की देवी माना जाता था।

## ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया यूज पर लगा बैन

### ऑस्ट्रेलिया की संसद ने बिल को दी मंजूरी, उल्लघंन पर लगेगा जुर्माना

**एजेंसी, मेलबर्न**



**ऑस्ट्रेलिया** की संसद ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने से जुड़े बिल को मंजूरी दे दी है। बिल के पास होने के बाद आने वाले समय में ऑस्ट्रेलिया में बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लग जाएगा।

यह प्रतिबंध कम से कम 12 महीने बाद लागू किया जाएगा। टेक कंपनियां इस कानून का पालन नहीं करती हैं, तो उन पर पांच करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का जुर्माना लगाया जाएगा। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि युवाओं को सोशल मीडिया के खतरे से बचाने के लिए यह कानून जरूरी है। कई अभिभावकों ने भी इसपर सहमति जताई है। हालांकि, इस कानून के आलोचकों का सवाल है कि यह प्रतिबंध कैसे काम करेगा और इसका गोपनीयता और सामाजिक संबंधों का क्या असर होगा? इससे पहले भी दुनिया के कई देशों ने बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की है।

## सेंसेक्स में 759 और निफ्टी में 216 अंक का उछाल




**एजेंसी मुंबई**

**हफ्ते** के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 759 अंक (0.96 फीसदी) की तेजी के साथ 79,802 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 216 अंक (0.91 फीसदी) की तेजी रही, ये 24,131 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 417 अंक (0.76 फीसदी) चढ़कर 55,199 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में तेजी और 4 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 में तेजी और 7 में गिरावट रही। एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स में रियल्टी और पीएसयू बैंकिंग सेक्टर को छोड़कर सभी तेजी के साथ बंद हुए।

# गुकेश और लिरेन ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चौथी बाजी ड्रॉ खेली

**एजेंसी, सिंगापुर**

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने शुक्रवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की चौथी बाजी ड्रॉ खेली,जिससे दोनों खिलाड़ी बराबरी पर बने हुए हैं। दोनों खिलाड़ियों ने 42 चाल के बाद बाजी ड्रॉ कराने पर सहमति जताई। इस तरह से 14 दौर के इस मुकाबले में चार दौर के बाद दोनों खिलाड़ी दो-दो अंक लेकर बराबरी पर हैं।

विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला खेल रहे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश ने बुधवार को तीसरी बाजी जीतकर बराबरी की थी। गुकेश ने मैच के बाद कहा,''बाजी जब समाप्ति की ओर बढ़ रही थी तब मेरे पास कुछ मौके थे, लेकिन काले मोहरों से खेलते हुए आप इसी तरह के परिणाम की उम्मीद कर सकते हैं।''



फाइल फोटो

गुकेश से जब सबसे कम उम्र का विश्व चैंपियन बनने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा,'' अभी मैं केवल अच्छी चाल चलने पर ध्यान दे रहा हूं।'' चीन के 32 वर्षीय खिलाड़ी लिरेन ने पहली बाजी जीतकर अच्छी शुरुआत की थी। दूसरी बाजी ड्रॉ रही थी।

लिरेन ने कहा,'' मैं किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता था। पिछली बाजी में हार से उबरने के लिए मुझे एक दिन के विश्राम का मौका मिला। मैं बहुत अच्छे मूड में हूं। विश्राम मिलने से मुझे फायदा हुआ।''

विश्वनाथन आनंद एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने विश्व चैंपियनशिप जीती है। उन्होंने अपने शानदार करियर में पांच बार यह कारनामा किया।

# सिंधू सैयद मोदी इंटरनेशनल के अंतिम-4 में

## महिला एकल क्वार्टर फाइनल में चीन की दाइ वांग को 21-15, 21-17 से हराया

**एजेंसी, लखनऊ**

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन सैयद मोदी अंतरराष्ट्रय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला और पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त दो बार की चैंपियन सिंधू ने चीन की दाइ वांग को 48 मिनट तक चले महिला एकल क्वार्टर फाइनल में 21-15, 21-17 से हराया।

वहीं 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में मेराबा लुवांग मेस्नाम को 21-8, 21-19 से शिकस्त दी।

सिंधू ने जीत के बाद कहा ,'' आज का मैच अहम था। वह भले ही निचली रैंकिंग वाली खिलाड़ी है, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैंने अपनी गलतियां सुधार ली है और उन्हें नहीं दोहराऊंगी। मैंने शुरू से आक्रामक खेल दिखाया।'' सिंधू विश्व रैंकिंग में



18वें और वांग 118वें स्थान पर है। अब उनका सामना भारत की ही उन्नति हुड्डा से होगा जबकि लक्ष्य जापान के शोगो ओगावा से खेलेंगे।

लक्ष्य ने कहा ,'' यह अच्छा मैच था। मैं प्रदर्शन से खुश हूं। दूसरा गेम कठिन था लेकिन यह अच्छी बात है कि मैं जीत सका।''

ओडिशा ओपन 2022 विजेता हुड्डा ने अमेरिका की इशिका जायसवाल को 21 -16, 21-9 से हराया।


लक्ष्य सेन

महिला युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने छठी वरीयता प्राप्त गो पेइ की और तियो मेइ शिंग को 21-8, 21-15 से शिकस्त दी। मिश्रित युगल में 5वीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने मलेशिया के लू बिंग कुन और हो लो इ को 21-16, 21-13 से हराया। 8वीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी पुरुष एकल में ओगावा से 7-21, 14-21 से हारकर बाहर हो गए। महिला एकल में तसनीम मीर और श्रियांशी वी भी हारकर बाहर हो गई।

## स्पोर्ट्स विंडो

### प्रणवी मालागा गोल्फ के दूसरे दौर के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर



**मालागा (स्पेन)।** भारत की प्रणवी उर्स ने एंडालुशिया कोस्टा डेल सोल ओपन डे एस्पाना गोल्फ के पहले दौर के बाद बोगीरहित छह अंडर 66 स्कोर करके संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वह फिनलैंड की नूरा कोमुलेनेन से एक शॉट पीछे है। लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली बार खेल रही प्रणवी ने छह बर्डी लगाए। उनके साथ जर्मनी की हेलेन ब्रीम, पैट्रिशिया इसाबेल एस और स्पेन की अना पालेज ट्रिविनो दूसरे स्थान पर है। भारत की अदिति अशोक संयुक्त 20वें , दीक्षा डागर संयुक्त 32वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 41वें स्थान पर हैं।

### हिमाचल थ्रो बाल लड़कों की जूनियर टीम के कप्तान बने आदर्श

**बंगाणा।** थ्रो बाल फैडरेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से मध्यप्रदेश के



इंदौर में 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर थ्रो बाल खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है, जिसमें देश भर के अलग-अलग राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं। हिमाचल प्रदेश थ्रो बाल के अध्यक्ष अमन शर्मा ने बताया कि लड़कों में आदर्श ठाकुर को हिमाचल प्रदेश टीम का नेतृत्व सौंपा गया है।

### यास्तिका भाटिया की जगह लेंगी उमा छेत्री

**नई दिल्ली।** उमा छेत्री अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिलाओं की तीन मैच की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शीर्ष क्रम बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की जगह लेंगी। यास्तिका ऑस्ट्रेलिया में चल रही महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में कलाई चोटिल करा बैठी थीं।



# गुलाबी गेंद से अभ्यास मैच में बल्लेबाजी संयोजन तय करना चाहेगी भारतीय टीम

**एजेंसी, कैनबरा**

ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार से मानुका ओवल पर शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच में भारतीय टीम 6 दिसंबर को होने वाले एडीलेड में दिन-रात के टेस्ट से पहले अपना बल्लेबाजी संयोजन तय करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अब तक दिन-रात के चार टेस्ट खेले हैं और एकमात्र पराजय चार साल पहले एडीलेड में मिली, जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करके चार टेस्ट मैचों की सीरीज जीती थी।

गुलाबी गेंद सूर्यास्त के समय खेलना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। चूंकि अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी मैच का दर्जा नहीं है लिहाजा भारत के अधिकांश बल्लेबाज अभ्यास करना चाहेंगे। पर्थ टेस्ट 295 रन से जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल ऊंचा है।

अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा और अंगूठे के फ्रेक्चर से उबरे शुभमन गिल टीम में लौटे हैं जिससे छह



फाइल फोटो

दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हो सकता है। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल सलामी बल्लेबाज हैं लेकिन पर्थ टेस्ट में जायसवाल और केएल राहुल ने अच्छा प्रदर्शन किया। ऐसे में रोहित बल्लेबाजी क्रम में नीचे भी उतर सकते हैं। ऐसा होने पर गिल का क्रम भी बदलेगा। भारत को अभ्यास मैच में ही ये प्रयोग करने होंगे।

यह दो दिवसीय मैच ही है, जिसमें गेंदबाजों की बजाय बल्लेबाजों को अधिक अभ्यास की जरूरत है। सरफराज खान जैसे बल्लेबाज भी हाथ आजमाना चाहेंगे हालांकि किसी के चोटिल होने की दशा में ही उन्हें मौका मिल सकता है। प्रधानमंत्री एकादश टीम की कमान जैक एडवडर्स के हाथ में है। टीम में ऑस्ट्रेलिया के अंडर 19 स्टार चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमेन, एडेन ओकोनोर और सैम कोंस्टास भी हैं।

**06 दिसंबर को एडीलेड में खेला जाएगा दिन-रात्रि टेस्ट**

**मैच : सुबह 9: 10 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रूव जुरेल, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर।

**प्रधानमंत्री एकादश:** जैक एडवडर्स (कप्तान), चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमैन, स्कॉट बोलैंड, जैक क्लेटन, एडेन ओकोनोर, ओली डेविस, जेडेन गुडविन, सैम हार्पर, हान्नो जैकब्स, सैम कोंस्टास, लॉयड पोप, मैथ्यू रेनशॉ, जेम रियान।

## अंगूठे की चोट से उबरकर नेट्स पर लौटे गिल

**कैनबरा।** अंगूठे की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट से बाहर रहे शुभमन गिल ने फिट होने के बाद शुक्रवार को भारतीय टीम के साथ नेट्स पर अभ्यास किया।



पहले टेस्ट में गिल की कमी महसूस नहीं हुई क्योंकि भारत ने 295 रन से जीत दर्ज की।

पिछले दौरे पर उनके शानदार फॉर्म को देखते हुए हालांकि टीम को उसकी जरूरत है। शीर्षक्रम के बल्लेबाजों ने नेट्स पर यश दयाल और आकाश दीप की गेंदों का सामना किया। भारत को कल से ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच खेलना है।

गिल की गैर मौजूदगी में तीसरे नंबर पर उतरे देवदत्त पडिक्कल प्रभाव नहीं छोड़ सके। गिल हालांकि शीर्ष क्रम की बजाय मध्यक्रम में उतर सकते हैं क्योंकि रोहित शर्मा की गैर-मौजूदगी में लोकेश राहुल ने पारी की शुरूआत करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था।

# हार्दिक पांड्या का बल्ले से चमकदार प्रदर्शन जारी

**एजेंसी, इंदौर**

हार्दिक पांड्या ने बाएं हाथ के स्पिनर परवेज सुल्तान के एक ओवर में 28 रन और पांच छक्के जड़कर अपनी शानदार बल्लेबाजी फॉर्म जारी रखी, जिससे बड़ौदा ने शुक्रवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप-बी मैच में त्रिपुरा को सात विकेट से करारी शिकस्त दी।

महज 110 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ौदा ने हार्दिक के 23 गेंद में 47 रन की मदद से सिर्फ11.2 ओवर में इसे हासिल कर लिया। इससे पहले उनके बड़े भाई क्रुणाल पांड्या ने नई गेंद से 22 रन देकर दो विकेट झटके।

मैदान में बैठे दर्शकों का हार्दिक ने पूरा मनोरंजन किया। उन्होंने सुल्तान पर लांग ऑफ और एक्सट्रा कवर पर तीन जबकि काउ कॉर्नर पर दो छक्के जड़े।

हार्दिक के लिए अभी तक सैयद मुश्ताक अली टी-20 टूर्नामेंट शानदार




**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी**

रहा है और उन्होंने बड़ौदा की सभी चार जीत में योगदान दिया है। उन्होंने इन मैच में नाबाद 74 रन, नाबाद 41 रन, 69 रन और 47 रन बनाए। उन्होंने साथ ही दो विकेट भी झटके हैं। वहीं हैदराबाद में ग्रुप ई के मैच में केरल ने मुंबई को 43 रन से शिकस्त दी, जिसमें शार्दुल ठाकुर ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 के इतिहास में सबसे खराब गेंदबाजी रिकॉर्ड बनाया। इंडियन प्रीमियर लीग नीलामी में अनदेखी किए जाने के बाद शार्दुल ठाकुर ने चार ओवर में 69 रन लुटाए। शार्दुल ठाकुर ने मैच के शुरू में संजू सैमसन (04) का विकेट झटका, लेकिन फिर उनकी गेंदों पर छह छक्के और पांच चौके लगे।

सलमान निजार ने 49 गेंद में आठ छक्कों की मदद से नाबाद 99 रन बनाए जिससे अजिंक्या रहाणे की 35 गेंद में 68 रन की पारी भी फीकी पड़ गई।


केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलमान और रोहन कुन्नुम्मल (48 गेंद में 87 रन, सात छक्के) के बीच तीसरे विकेट के लिए महज 13.2 ओवर में 140 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 234 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में मुंबई की टीम रहाणे की पारी के बावजूद नौ विकेट पर 191 रन ही बना सकी। पृथ्वी शॉ ने 13 गेंद में 23 रन बनाकर अच्छी शुरूआत की, लेकिन श्रेयस अय्यर अच्छी शुरूआत के बावजूद 18 गेंद में केवल 32 रन ही बना सके।

# चैंपियंस ट्रॉफी : पीसीबी को 'हाइब्रिड मॉडल' मंजूर नहीं

**एजेंसी, दुबई/कराची**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कार्यकारी बोर्ड की चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर बुलाई गई आपात बैठक में कोई सहमति नहीं बन पाई क्योंकि पाकिस्तान 'हाइब्रिड मॉडल' में इस प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं करना चाहता है। बैठक शनिवार को फिर से होगी।

बैठक संक्षिप्त रही क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने स्पष्ट किया कि भारतीय टीम को पाकिस्तान दौरे के लिए अपनी सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बावजूद उन्हें 'हाइब्रिड मॉडल' मंजूर नहीं है। हाइब्रिड मॉडल के अनुसार भारतीय टीम प्रतियोगिता के अपने मैच किसी अन्य स्थान पर खेलती।



आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्य देश के अधिकारी और बोर्ड के सदस्य ने कहा, ''कार्यकारी बोर्ड की आज संक्षिप्त बैठक हुई। सभी पक्ष 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के सकारात्मक समाधान के लिए काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि बोर्ड शनिवार को फिर से बैठक करेगा और समाधान निकलने तक इसे जारी रखेगा।''

नकवी ने बैठक में व्यक्तिगत रूप से भाग लिया क्योंकि वह पाकिस्तान का पक्ष रखने के लिए गुरुवार से दुबई में डटे हुए हैं। बीसीसीआई के सचिव जय शाह बैठक में ऑनलाइन सम्मिलित हुए। शाह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे।

### भारत ने पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी में जापान को 3-2 से हराया

**मस्कट।** गत चैंपियन भारत ने पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल-ए के कड़े मुकाबले में जापान पर 3-2 से करीबी



जीत दर्ज की। भारत की यह लगातार दूसरी जीत है। बुधवार को अपने पहले मैच में थाईलैंड को 11-0 से हराने वाले भारत के लिए थोकचोम किंगसन सिंह (12वें मिनट), रोहित (36वें मिनट) और अराइजीत सिंह हुंडल (39वें मिनट) ने गोल किए। जापान की ओर से दोनों गोल नियो सातो (15वें और 38वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर किए। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को चीनी ताइपे से होगा।

### पाकिस्तान ने जिंबाब्वे को 99 रन से हराकर जीती वनडे सीरीज

**बुलावायो (जिम्बाब्वे)।** पाकिस्तान ने कामरान गुलाम के एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में पहले शतक की बदौलत जिंबाब्वे को 99 रन से हराकर सीरीज 2-1 से जीत ली। गुलाम ने पिछले



महीने मुल्तान में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट में शतक जड़ा था। उन्होंने 99 गेंद में 103 रन बनाकर पाकिस्तान को छह विकेट पर 303 रन का मजबूत स्कोर खड़ा करने में मदद की। टीम के लिए अब्दुल्ल शफीक ने 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया और कप्तान क्रेग इरविन (51 रन) के अर्धशतक के बावजूद जिंबाब्वे की टीम 40.1 ओवर में 204 रन पर सिमट गई।

## खेलकूद

## छात्रा वर्ग में संजौली कॉलेज शिमला विनर, सोलन फर्स्ट रनरअप

# इंटर कॉलेज जूडो प्रतियोगिता में सोलन बना चैंपियन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में आयोजित 33वीं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इंटर कालेज जूडो प्रतियोगिता में सोलन कालेज ओवरआल चैंपियन रहा। छात्र वर्ग में सोलन कालेज विजेता, हमीरपुर कालेज फर्स्ट रनरअप और इंदौरा कालेज सेकंड रनर अप रहा। छात्रा वर्ग में संजोली कालेज शिमला विनर, सोलन कालेज फर्स्ट रनरअप और हमीरपुर कालेज सेकंड रनरअप रहा। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सोलन महाविद्यालय से सेवानिवृत प्राचार्य रीता शर्मा बतौर मुख्यातिथि शामिल हुई।

उन्होंने विजेता और उपविजेता खिलाडियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। जूडो के सीनियर कोच कुलदीप शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 27 महाविद्यालयों के लगभग 130 छात्र व



छात्रा खिलाडियों ने अलग-अलग भार वर्ग में भाग लिया। छात्रा वर्ग 48 किलो भार वर्ग में संजौली कॉलेज की आरती ठाकुर ने गोल्ड, आरकेएमवी कालेज की काशवी गांगटा ने सिल्वर व सोलन कॉलेज की आरती व लाम्बाथाच कालेज की कृति चौहान ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

52 किलो भार वर्ग में सोलन कॉलेज की यामिनी शर्मा ने गोल्ड, संजौली कॉलेज की दिव्यांशी ने सिल्वर तथा आरकेएमवी कालेज की वंशिका व बिलासपुर कालेज की मेघा ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

57 किलोभार वर्ग में हमीरपुर कॉलेज की अर्पिता ने गोल्ड, संजौली कॉलेज की अंकिता शर्मा ने सिल्वर तथा मंदी कालेज की शिवानी व ऊना कालेज की नेंसी ने ब्राउन, 63 किलोभर वर्ग में सोलन कालेज की लक्षिता ने गोल्ड व हमीरपुर कालेज की काल ने सिल्वर, 70 किलोभर वर्ग में सोलन कॉलेज की गुंजन, 78 किलो भार वर्ग से कम में संजौली कॉलेज की अंकिता तथा 78 प्लस किलोभार वर्ग में बिलासपुर कालेज की निर्जल ने गोल्ड मेडल अपने नाम किए। छात्र वर्ग में 60 किलोभार वर्ग में सोलन कालेज के अभिषेक, 66 किलोभार वर्ग में हमीरपुर कालेज के आरिंजय,73 किलोभार वर्ग में इन्दोरा कालेज के चिराग 81 किलोभार वर्ग में हमीरपुर कालेज के वैभव शर्मा, 90 किलोभार वर्ग में सोलन कालेज के अनिल, 100 किलोभार वर्ग से कम में सोलन कालेज के कुशल ठाकुर तथा 100 प्लस किलोभार वर्ग में नालागढ़ कालेज के गौरव ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया।

## ब्रूक ने शतक जड़कर मैच का रुख इंग्लैंड की तरफ मोड़ा

**क्रॉइस्टचर्च।** हैरी ब्रूक ने अपना 7वां टेस्ट शतक लगाया और ओली पोप के साथ 5वें विकेट के लिए 151 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच का रुख अपनी तरफ मोड़ दिया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ब्रूक 132 और बेन स्टोक्स 37 रन पर खेल रहे थे। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 319 रन बनाए हैं और वह न्यूजीलैंड से केवल 29 रन पीछे है,जिसने अपनी पहली पारी में 348 रन बनाए थे।

ब्रूक और ओली पोप (77 रन) के बीच साझेदारी कितनी महत्वपूर्ण रही इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जब ब्रूक ने क्रीज पर कदम रखा तब इंग्लैंड तीन विकेट पर 45 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। पोप ने यहां से ब्रूक का अच्छा साथ निभाया और वे स्कोर को 222 रन तक ले गए।